ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23 पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 01.05.2023 वर्ष 10, अंक 118 RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

प्रसन्नता परमात्मा की और से दी गयी ओषधि है।

## रांची का तापमान

अधिकतम 36°
न्युनतम 18°

### सूचना

सभी पाठकों, विज्ञापनताओं व हॉकरों को सूचित किया जाता है कि मजदूर दिवस पर (1 मई ) प्रभात मंत्र कार्यालय में दिनांक 01.05. 2023 दिन सोमवार को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक बाजार में दिनांक 03.05.2023 दिन बुधवार को प्रकाशित किया जायेगा।

व्यवस्थापक

### भारत, लंदन, अमेरिका सहित विश्व के कई देश बने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का हिस्सा

# जन आंदोलन बन गया मन की बात : पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कार्यक्रम मन की बात के 100वें एपिसोड में खास अंदाज में लोगों से रूबरू हुए। भारत से लेकर लंदन और अमेरिका तक में इस खास एपिसोड का प्रसारण हुआ। करोड़ों लोग पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का हिस्सा बने। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा से लेकर कश्मीर के मंजूर और हरियाणा के सुनील जगलान तक का जिक्र किया। पर्यावरण से लेकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और अमृतकाल तक की बात कही। पीएम ने कहा कि तीन अक्टूबर 2014 को विजया दशमी का वो पर्व था और हम सबने मिलकर विजया दशमी के दिन मन की बात की यात्रा शुरू की थी। विजया दशमी यानी, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व, 'मन की बात' भी देशवासियों की अच्छाइयों का सकारात्मकता का एक अनोखा पर्व बन गया है। एक ऐसा पर्व, जो हर महीने आता है, जिसका इंतजार हम सभी को होता है। जब मैंने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ मन की बात की तो इसकी चर्चा दुनिया में हुई। मन की बात मेरे लिए दूसरों के गुणों की पूजा का मौका है। मेरे मार्गदर्शक थे लक्ष्मण राव, वो कहते थे कि हमें दूसरों के गुणों की पूजा करनी चाहिए। उनकी इस बात ने मुझे प्रेरणा देती है। यह कार्यक्रम दूसरों से सीखने की प्रेरणा बन गया है। इसने मुझे आपसे कभी दूर नहीं होने दिया। कहा कि जब मैं गुजरात का सीएम था, तब सामान्य तौर पर लोगों से मिलना-जुलना हो जाता था। 2014 में दिल्ली आने के बाद मैंने पाया कि यहां का जीवन और काम का स्वरूप अलग है। सुरक्षा का तामझाम, समय की सीमा सबकुछ अलग है। शुरुआती दिनों में खाली-खाली सा महसूस करता था। 50 साल पहले घर इसलिए नहीं छोड़ा था कि अपने ही देशवासियों से संपर्क नहीं हो पाएगा। देशवासी सबकुछ हैं और उनसे कटकर नहीं रह सकता था। मन की बात ने मुझे मौका दिया। पदभार और प्रोटोकॉल व्यवस्था तक सीमित रहा। जनभाव मेरा अटूट अंग बन गया। मन की बात के जरिए कितने ही आंदोलन खड़े हुए। मन की बात जिस विषय से जुड़ा, वो जन आंदोलन बन गया। खिलौनों की इंडस्ट्री को फिर से स्थापित करने का मिशन मन की बात से ही शुरू हुआ था। हमारे भारतीय श्वान (देशी कुत्ते) के बारे में जागरूकता बढ़ाने की शुरुआत भी मन की बात से ही शुरू हुई थी। इसके साथ ही गरीब और छोटे दुकानदारों से झगड़ा न करने की मुहिम भी शुरू की गई थी। ऐसे हर प्रयास समाज में बदलाव का कारण बने हैं। हम संस्कृति को भी बचाना चाहते हैं। आप भारत का इसमें रोल बताइए? आपसे बात करके खुशी हो रही है। आपने शिक्षा और संस्कृति संरक्षण पर सवाल पूछा है। ये दोनों विषय मन की बात के पसंदीदा विषय रहे हैं। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी या क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई का विकल्प जैसे प्रयास हुए हैं। गुजरात में गुणोत्सव और शाला प्रवेश उत्सव शुरू किए थे। हर महीने मैं देशवासियों के त्याग की पराकाष्ठा देखता हूं। मुझे लगता ही नहीं है कि आपसे थोड़ा भी दूर हूं। यह मेरे लिए अध्यात्मिक यात्रा बन गया है। यह तो मैं नहीं, तू ही की संस्कार साधना है। कल्पना करिए कि कोई देशवासी 40-40 साल से निर्जन जमीन पर पेड़ लगा रहा है। कोई 30 साल से जल संरक्षण के लिए बावड़ी बना रहा है। कोई निर्धन बच्चों को पढ़ा रहा है। कोई गरीबों की इलाज में मदद कर रहा है। कितनी ही बार मन की बात में इनका जिक्र करते वक्त मैं भावुक हुआ। आकाशवाणी के साथियों को इसे दोबारा रिकॉर्ड करना पड़ा।

### प्रधानमंत्री मोदी के 100 वें मन की बात कार्यक्रम की दुनिया भर में धूम

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो पर प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 100वें एपीसोड का भारत के अलावा संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय समेत विश्व के कई देशों में लाइव प्रसारण किया गया। यूनेस्को प्रमुख भी इसका हिस्सा बने और पीएम मोदी के साथ देशवासियों के लिए खास संदेश शेयर किया।

# गैस रिसाव से 11 की मौत



एजेंसी

**लुधियाना:** पंजाब के लुधियाना में किराना दुकान से जहरीली गैस लीक होने के बाद 11 लोगों की मौत हो गई. कई लोग इस हादसे में बेहोश हो गए. मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया. नाकेबंदी करते हुए पुलिस किसी को भी घटना स्थल पर जाने नहीं दिया. रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर लोगों को घरों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया. पुलिस ड्रोन की मदद से छतों पर यह देख रही है कि कहीं किसी घर की छत तो गैस से प्रभावित नहीं हुआ है.हादसा लुधियाना के ग्यासपुर इलाके में हुआ है. पुलिस के मुताबिक ग्यासपुरा इलाके में दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पहुंची. एंबुलेंस का भी इंतजाम किया गया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अचानक गैस लीक होने से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई. उन्होंने दावा किया कि गैस पास की ही दुकान से लीक हुई है. जैसे ही इस बारे में लोगों को जानकारी मिली, सब इधर-उधर भागने लगे. ज्यादातर लोग भागकर दूर पहुंच गए. लुधियाना वेस्ट की एसडीएम स्वाती ने बताया कि यह गैस लीक होने का मामला है. एनडीआरएफ की टीम यहां पहुंची और लोगों को रेस्क्यू करने का काम किया. पुलिस के मुताबिक गैस लीक होने वाले सोर्स का पता टेक्निकल टीम अपनी जांच के बाद बताएगी. गैस कौन सी है, इसका खुलासा भी एक्सपर्ट की टीम ही करेगी. पुलिस के मुताबिक गैस गोयल किराना के नाम की दुकान से लीक हुई. गैस के बारे में पता लगाने के लिए फॉरेंसिक एक्सपर्ट मौके पर पहुंचे.

लुधियाना की डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर सुरभि मलिक ने कहा कि यहां जहरीली गैस रिसाव के कारण 5 बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई. जबकि 10 से अधिक लोग बेहोश हो गए, जिन्हें अस्पताल में इलाज के बाद बचाया जा सका. मरने वालों में 5 महिलाएं और 6 पुरुष हैं. बताया कि लोगों को पैनिक करने की जरूरत नहीं है. एनडीआरएफ की टीम राहत बचाव कार्य में जुटी रही.पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हादसे पर दुख जताते हुए ट्वीट किया. उन्होंने कहा कि लुधियाना के ग्यासपुरा इलाके में गैस रिसाव की घटना दुखद है.

## क्वीक न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस और हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**देवघर :** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जितेंद्र कुमार महेश्वरी एवं झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने रविवार को सपरिवार बाबा बैद्यनाथ का पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। प्रशासनिक भवन में तीर्थ पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया। इसके बाद दोनों जस्टिस ने द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक बाबा बैद्यनाथ का रुद्राभिषेक और जलाभिषेक किया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने दोनों जजों को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और बाबा मंदिर का प्रसाद दिया। इस दौरान रजिस्ट्रार जनरल उच्च न्यायालय रांची, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय, प्रभारी एसपी नाथू सिंह मीना, बाबा मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी दीपांकर चौधरी एवं संबंधित अधिकारी सहित पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### धनबाद में दो चचेरे भाइयों की तालाब में डूबने से मौत

**धनबाद :** हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत घुनघुसा गांव में तालाब में नहाने के दौरान डूबने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई है। मौत के बाद उनके परिवार में कोहराम मच गया है। साथ ही पूरे गांव में मातम पसर गया है। मृतकों में करण मंडल का पुत्र संजय मंडल (14 ) था। उसने इसी वर्ष आठवीं बोर्ड की परीक्षा दी थी। वहीं अर्जुन मंडल का पुत्र नयन मंडल (17) ने भी इसी वर्ष जैक से मैट्रिक परीक्षा दी थी। दोनों आपस मे चचेरे भाई थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार सुबह करीब 10 बजे दोनों भाई गांव के ही सूंड़ी बांध में स्नान करने गए थे। इसी दौरान दोनों तालाब में डूब गए। दोनों भाइयों को तालाब में डूबता देख वही स्नान कर रही कुछ महिलाओं के चिल्लाने से आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद गांव वालों की मदद से आनन-फानन में दोनों को तालाब से बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### झारखंड में मई में कुल सात दिन बैंक रहेंगे बंद

**रांची:** राज्य में मई महीने में कुल सात दिन बैंक बंद रहेंगे। आरबीआई की हॉली-डे लिस्ट के अनुसार राज्य में सात दिन बैंक बंद रहेंगे। इनमें बुद्ध पूर्णिमा सहित दूसरा-चौथा शनिवार और रविवार की छुट्टी भी शामिल है।

मई में इन मौकों पर बंद रहेंगे बैंकः पांच मई को बुद्ध पूर्णिमा के दिन रांची के बैंकों में कामकाज नहीं होगा। सात मई को रविवार के दिन बैंक बंद रहेगा। 13 मई को दूसरे शनिवार के चलते बैंक बंद रहेंगे। 14 मई को रविवार के दिन भी बैंक बंद रहेंगे। 21 मई को रविवार के दिन बैंकों में अवकाश रहेगा। 27 मई को चौथा शनिवार है, जिस वजह से बैंक बंद रहेंगे। 28 मई को रविवार है और बैंक बंद रहेंगे।

### पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे पर हादसा, तीन महिलाओं समेत पांच की मौत

**आजमगढ़ :** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के अहरौला थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक बोलेरो बांस लदे टैक्टर टाली में घुस गई । इस हादसे में तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। घायल महिला किरण जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। एसपी (सिटी) शैलेंद्र लाल ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक यह हादसा रात को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन नंबर 213 के पास हुआ। बोलेरो लखनऊ से गाजीपुर की तरफ जा रही थी। वह पीछे से बांस लदे ट्रैक्टर ट्राली में घुस गई। गंभीर रूप से घायल किरण को जिला अस्पताल से वाराणसी रेफर किया गया है। सभी मृतक व घायल देवरिया जिले के महुआडीह के निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र लाल का कहना है कि ट्रैक्टर ट्रॉली चालक को हिरासत में लिया गया है। पीड़ित परिवारों को सूचना दे दी गई है।

### चुनाव आयोग की बड़ी पहल, कर्नाटक में वोट फॉम होम शुरू

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में कल (शनिवार) से वोट फॉम होम शुरू हो गया। चुनाव आयोग ने इस बार बड़ी पहल करते हुए 80 साल से ऊपर के मतदाताओं और दिव्यांगों के लिए यह सुविधा शुरू की है। आयोग के कर्मचारी और मतदान एजेंटों की पांच सदस्यीय टीम ऐसे मतदाताओं के घर पहुंच रही है। लोग आयोग के निर्धारित मतपत्र पर गुप्त रूप से मतदान कर उसे लिफाफे में डालकर टीम को सौंप रहे हैं।

# उधवा में ठनका गिरने से चार बच्चों की मौत, एक घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजमहल :** राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पश्चिमी उधवा पंचायत के बाबूटोला गांव में रविवार को आसमानी बिजली गिरने से चार बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक बच्ची गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार उधवा के बाबूटोला गांव स्थित आम बगीचा में कुछ बच्चे खेलने गए थे। इसी बीच मेघ गर्जन और भारी बारिश होने के कारण 5 बच्चे बारिश से बचने के लिए एक आम के पेड़ के नीचे खड़े थे। जो ठनका की चपेट में आ गए।

घटना में चार बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक 6 वर्षीय बच्ची की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना में एक ही परिवार के तीन बच्चे ठनका की चपेट में आए जिनमें दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक बच्ची गंभीर है जिसका इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। बच्चों को इलाज हेतु राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने 4 बच्चों को मृत घोषित कर दिया । घायल बच्ची नासनारा खातून का इलाज चल रहा है। मृत बच्चों का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। मृतकों में आयशा खातून 14 पिता हुमायूं शेख नजरुल इस्लाम 7 पिता हुमायूं शेख जाहिद आलम 6 पिता अशराफुल शेख तौकीर आलम 10 पिता मेहबूब आलम हैं।

# निलंबित चीफ इंजीनियर की पत्नी व पिता से ईडी करेगा पूछताछ, भेजा समन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** ईडी के द्वारा निलंबित चीफ इंजीनियर बिरेंद्र राम से की जा रही लगातार पूछताछ के बाद अब उनकी पत्नी राजकुमारी देवी और पिता गेंदा राम को भी समन भेजा गया है. पिता और पत्नी को समन भेजने के बाद ईडी यह जानकारी प्राप्त करेगी कि वीरेंद्र राम के द्वारा की जा रही अवैध कमाई में परिवार के लोगों का कितना सहयोग है? ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम को ईडी के द्वारा 22 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था. गिरफ्तारी के दौरान की गई छापेमारी में वीरेंद्र राम के विभिन्न ठिकानों से ईडी ने करोड़ों रुपए और जेवरात जब्त किए थे. वीरेंद्र राम से पूछताछ के बाद ईडी ने वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी को समन भेजा है. समन भेजने के बाद दोनों को ईडी कार्यालय में पहुंचना होगा ताकि आय से अधिक संपत्ति मामले में ईडी पूछताछ कर और भी जानकारी प्राप्त कर सके. बता दें कि इससे पहले भी ईडी ने वीरेंद्र राम से पूछताछ के आधार पर उनके भाई आलोक रंजन को गिरफ्तार किया है.

मालूम हो कि 21 अप्रैल को ईडी के द्वारा कोर्ट में प्रॉसीक्यूशन कंप्लेन दायर किया गया था, जिस पर कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है. ईडी के द्वारा कोर्ट में दायर किए गए प्रॉसीक्यूशन कंप्लेंट के माध्यम से कोर्ट को यह बताया गया था कि किस प्रकार से तत्कालीन मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम अपने विभाग के टेंडर को मैनेज कर अपनी कमाई करते थे और किस प्रकार से अवैध कमाई में अपने लोगों को हिस्सा देते थे. ईडी के द्वारा दायर किए गए प्रॉसीक्यूशन कंप्लेंट में कई बातों की जानकार दी गई है. जिसमें यह बताया गया है कि कैसे काली कमाई में निलंबित अभियंता वीरेंद्र राम लोगों को हिस्सेदार बनाते थे.

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

संदेश

अन्तर-राष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई, 2023 के अवसर पर झारखण्ड राज्य के सभी श्रमिक बन्धुओं को शुभकामनाएं

राज्य के मजदूरों की सुरक्षा एवं कल्याण हेतु झारखण्ड सरकार सतत् प्रयासरत है।
श्रमिकों के हित में विभाग द्वारा किए गए मुख्य कार्य:–

- ई–श्रम पोर्टल में राज्य के 91,79,469 असंगठित श्रमिकों का निबंधन किया गया है। असंगठित श्रमिकों के कल्याणार्थ राज्य में संचालित योजनाओं 1. झारखण्ड असंगठित कर्मकार मृत्यु/दुर्घटना सहायता योजना 2. अंत्येष्टि सहायता योजना 3. असंगठित कर्मकारों के बच्चों के लिए मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना 4. चिकित्सा सहायता योजना 5. कौशल उन्नयन योजना में विगत वर्ष में कुल 26,83,33,000/– रुपये का लाभ दिया गया।
- प्रवासी श्रमिकों के लिए "अन्तर्राज्यीय प्रवासी मजदूरों के सर्वेक्षण एवं पुनर्वास योजना एवं मुख्यमंत्री झारखण्ड अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना" संचालित है।
- राज्य में अभी तक 13,55,306 निर्माण श्रमिकों का निबंधन किया जा चुका है। उनके कल्याणार्थ संचालित 15 योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल 94,25,98,686/– रुपये का लाभ दिया गया।
- 1 अप्रैल, 2023 के प्रभाव से असंगठित मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी की दरों पर मंहगाई भत्ता में वृद्धि करते हुए अकुशल श्रेणी के श्रमिकों की दैनिक मजदूरी 346/– रुपये किया गया। साथ ही अकुशल श्रेणी के ठेका श्रमिकों के लिए मासिक मजदूरी दिनांक 1 अप्रैल, 2023 के प्रभाव से 10,792.72 रुपये किया गया है।

1 मई, 2023 अन्तर-राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर झारखण्ड सरकार आपके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण की कामना करती है।





श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, रांची
PR NO-295960 (Labour Employment and Traning) 23-24


# तिलक चढ़ाने जा रही कमांडर पलटने से दो नाबालिक सहित 10 घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी-विशुनपुरा मुख्य मार्ग पर स्थित भोजपुर गांव में शनिवार की देर शाम बराती गाड़ी कमांडर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को आनन-फानन में अनुमंडलिय अस्पताल श्री बंशीधर नगर में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों के प्राथमिक उपचार के बाद चार घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के बाद गाड़ी का चालक फरार हो गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि कमांडर जीप पर सवार सभी बाराती पलामू अंतर्गत पांडू थाना क्षेत्र के झरना गांव से सगमा के कटहर गांव में तिलक चढ़ाने जा रहे थे। घायलों ने बताया कि कमांडर गाड़ी की गति काफी तेज होने के कारण यह दुर्घटना हुई। भोजपुर गांव में मोड़ के पास चालक अपना संतुलन खो दिया। जिससे कमांडर पलट गई। हादसे में दो नाबालिक सहित 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो में खरसोटा ग्राम निवासी आकाश चंद्रवंशी (40) व अक्षय कुमार(18), झगराखाड़ निवासी रघुनाथ चंद्रवंशी (70), बीरबल ग्राम निवासी बेबी कुमारी (10), जोरमा ग्राम निवासी नाथुन राम (50), अंशु कुमारी(13), राजीव राम (40), छोटू कुमार चंद्रवंशी (18), मझिगावँ निवासी सागर राम (65) तथा गोदरा राम के महेंद्र राम (65) के नाम शामिल है।जब कि दो गंभीर रूप से घायलो को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया।

## मोटरसाइकल की आपसी भिड़ंत में महिला समेत 3 घायल, एक रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी बिशनपुरा मुख्य मार्ग पर भोजपुर गांव में रविवार की शाम में मोटरसाइकिल कि आमने-सामने जोरदार टक्कर में महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल में किया जा रहा है। जहां चिकित्सक ने सभी घायलों के प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।घटना के बारे में बताया जाता है कि विशुनपुरा थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव निवासी गोविंदा शाह, उसकी पत्नी प्रियंका देवी बंशीधर नगर से भोजपुर जा रहे थे। वही विपरीत दिशा से आ रहे दूसरा बाइक सवार पतिहारी गांव निवासी तौहीद अंसारी अपने घर से बीरबल जा रहा था। इसी बीच भोजपुर गांव के निकट मोड़ के पास मोटरसाइकिल एक दूसरे से टकरा गई। जिससे तीनो घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## बंशीधर महोत्सव को भव्य व दिव्य बनाने की तैयारी में पूरा जिला प्रशासन जुटा



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 3 व 4 मई को भगवान श्री कृष्ण की नगरी श्री बंशीधर नगर में आयोजित होने वाला राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव को भव्य व दिव्य बनाने की तैयारी में पूरा जिला प्रशासन जुटा है बराजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कई हस्तियां अपनी जलवा बिखेरेंगे। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के प्रथम दिन यानी 3 मई को विपिन मिश्रा के शंखनाद व मंत्रोच्चार, स्त्रोत गायन, गायक विनोद राठौर, हास्य कलाकार सुनील पाल, गायक आलोक राज, मिस झारखण्ड रिया तिर्की,गायक किस्सू राहुल,सगुन पाठक तथा पाइका नृत्य कला दल के साथ अशोक कच्छप अपने कला का प्रदर्शन करेंगे व इस महोत्सव यादगार बनाएंगे। 4 मई को मान भूम छ्यु नृत्य कला दल सरायकेला के प्रभात कुमार महतो, गायिका मैथिली ठाकुर, गायक अरविंद कुमार अकेला उर्फ कल्लू जी,गायक विजय ईश्वर लाल पवार, गायिका पूजा चटर्जी अपने कला से कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं व दर्शकों के बीच अपना जलवा बिखेरेंगे वही भोजपुरी गायिका कल्पना पटवारी भी अपनी कला से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करेगी। गायिका सह एंकर सोनाली मिश्रा कार्यक्रम में अपनी कला से समां बांधेंगी।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन जिला अपर न्यायधीश मनोज कुमार त्रिपाठी, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया.इस अवसर पर जिला अपर न्यायाधीश मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपना हक व अधिकार तथा कानून जानना जरूरी है। जानकारी के अभाव मे लोग लाभ नही ले पाते है.उन्होंने कहा कि जानकारी होने के बाद अंतिम व्यक्ति भी मिलने वाली सुबिधा का लाभ ले सकेंगे.उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगो को सरल तरीके से न्याय प्रक्रिया की जानकारी देते हुये न्याय दिलाना है। कार्यक्रम में 50 लाभुको को पेंशन स्वीकृति का प्रमाणपत्र, 30 मजदूरों को मनरेगा जॉब कार्ड, 9 महिला स्वयं सहायता समूह के बीच डेढ़ लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया। कार्यक्रम में पीएल बी मनोज कुमार द्विवेदी, जे एस एल पी एस के बीपीएम धनन्जय कुमार, प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी उत्तम रंजन, प्रखंड पंचायत राज समन्वयक कौशल कुमार, मुखिया सनिधा सोनी, कुमारी रेखा, सुशीला देवी, अनुराधा देवी, आशा देवी, क्लस्टर कौडिनेटर राज कुमार सहित बड़ी संख्या में जेएस एल पी एस की सक्रिय महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित थे।

# देवी मंडप की रास्ते के लिए हुआ भूमिपूजन

## रैयतों ने किया भूमि दान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** नगर पंचायत क्षेत्र के पिपरा गांव में देवी मंडप तक पहुंचने का रास्ता अब आसान हो गया। स्व0 लोका पाण्डेय के वंशजों ने रास्ते के लिए अपनी जमीन दान की। इससे यहां देवी मंडप तक पथ बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया। रविवार को स्थानीय ग्रामीणों के साथ भूमिदाताओं ने श्रमदान करने के साथ ही आर्थिक सहयोग दिया । जिसके बाद जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर करीब 400 फीट में मिट्टी भरवाकर रास्ते को समतल कराया। इससे एक ओर जहां गांव में आपसी भाईचारे की मिसाल कायम हुई तो दूसरी ओर देवी की वंदना करनेवाले ग्रामीणों को रास्ते की कठिनाइयों से छूटकारा मिल गया। इसके पहले समाजसेविका सह आंगनबाड़ी वर्क्स यूनियन के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभा देवी के द्वारा विधिवत भूमि पूजन के बाद पथ निर्माण कार्य की शुरूआत की गई। मालूम हो कि आठ दशक से भी अधिक समय से निर्मित देवी मंदिर तक पथ के बिना लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। खासकर शारदीय नवरात्र तथा चैत्र नवरात्र में महिला श्रद्धालुओं को खेत की पगडंडियों से होकर गुजरना पड़ता था। वहीं देवी मंदिर तक पथ निर्माण हो जाने से पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। हर्ष जताने वालों में भीष्म देव नारायण पाण्डेय अरविंद पाण्डेय राघव पाण्डेय धनंजय पाण्डेय शिवनारायण पाण्डेय दीपक कुमार शंभूनाथ पासवान ब्रजेश सिंह अर्जुन पाण्डेय बिरेंद्र पासवान ब्रजमोहन पाण्डेय ललन पासवान रामकेवल राम अनिल पाण्डेय ब्यास राम मोनू पाण्डेय बिन्देव राम विनोद पाण्डेय गणेश राम प्रदीप पासवान अवधेश राम इन्द्रदेव राम परीखा पासवान योगेंद्र राम सोनू कुमार संजय राम आदि का नाम शामिल है।

# जनप्रतिनिधि विहीन हुई नगर पंचायत, अब विभाग से गाइड लाइन का है इंतजार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर बीते शुक्रवार से ही जनप्रतिनिधि विहीन हो गया है।बताते चले गत 27 अप्रैल को ही नगर पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो गया है।नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,वार्ड पार्षद अधिकार विहीन हो गए।अब नगर पंचायत के अधिकारियों व कर्मियों के द्वारा ही नगर पंचायत वासियो का सभी कार्य सम्पन्न किया जाएगा।क्यो की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व वार्ड पार्षदो का सारा अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी को सौप कर इन्हें नगर पंचायत प्रशासन का दर्जा दे दिया गया।हालांकि नगर पंचायत बोर्ड को भंग किये जाने के बाद अभी तक विभाग की ओर से किसी प्रकार का कोई गाइड लाइन अभी तक नही आया है। नगर पंचायत का सारा विकास कार्य जैसे सड़क निर्माण,नाली निर्माण, स्वच्छ पेय जल व्यवस्था, पीएम आवास शहरी, वार्डो की साफ-सफाई व्यवस्था, प्रकाश की व्यवस्था इत्यादि सभी तरह का कार्य नगर पंचायत कर्मियों की जिम्मेदारी हो गया है। नगर वासियों को अपना कोई भी काम कराने के लिए वार्ड पार्षदों की जगह पदाधिकारियों के दफ्तर का चक्कर लगाना पड़ेगा। वही वार्ड वार योजनाओं का बंटवारा और फण्ड का आवंटन नगर पंचायत बोर्ड की बैठकों में होता था। जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद पदाधिकारी अब अपने हिसाब से योजनाओं को मंजूरी प्रदान करेंगे। नगर पंचायत का विभिन कार्य देखने के लिए नगर प्रबंधक रवि कुमार व इरशाद आलम को नोडल ऑफिसर पूर्व में ही नियुक्त किया जा चुका है। रवि कुमार को वार्ड संख्या 8 से लेकर 16 तक तथा इरशाद आलम को वार्ड संख्या 1से 7 एवं वार्ड संख्या 17 के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना का नोडल अफसर नियुक्त किया गया है। वही साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल सहित विभिन्न विकास योजनाओं के लिए नगर प्रबंधक रवि कुमार को नोडल अफसर नियुक्त किया गया है। रवि कुमार ने कहा कि सभी कार्य पूर्व की तरह ही संचालित होंगे। बस फर्क इतना ही होगा कि पंचायत प्रतिनिधि रहते थे, अब चुनाव तक नहीं रहेंगे।

## पूर्वमंत्री सहित सभी भाजपा कार्यकर्ताओ ने सुनी मन की बात



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंशीधर महोत्सव राजनीति का नही, यह आस्था का विषय है. इसपर राजनीति नही होनी चाहिए। उक्त बातें पूर्व मंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र केशरी ने चेचरिया स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण सबके है। इसमे सबकी सहभागिता होनी चाहिए, लेकिन देखने मे लग रहा है कि झामुमो के लोग इसपर राजनीति कर रहे है। पहले भी महोत्सव हुआ है लेकिन ऐसा नही हुआ है। उन्होंने मंत्री मिथिलेश ठाकुर से अनुरोध किया कि इसे निष्पक्ष तरीके से सफल बनाने का कार्य करे. उन्होंने बताया कि लोहिया जी की जयंती पर भी श्री बंशीधर नगर में बड़ा कार्यक्रम आयोजित हुआ था, लेकिन सभी दलों के लोग उसमें शामिल हुए थे. इससे भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभी भी समय है. महोत्सव को सफल बनाने में सभी को साथ लेकर चला जाये। आयोजन स्थल पर किसी पार्टी का झंडा, बैनर-पोस्टर नही रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर महोत्सव में राजनीति नही होगी तो जरूर शामिल होंगे। मौके पर भाजपा नेता मथुरा पासवान, अश्विनी कुमार, नईम खलीफा, सलीम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे। इससे पूर्व उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात÷का 100 वा एपिसोड सुना।

## टाउन हॉल 100 वी एपिसोड में 1100 सौ लोगों ने सुनी मन की बात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम जी के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात का 100 वीं एपिसोड के कार्यक्रम को पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण जनता, पंचायत प्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों के साथ लगभग 1100 लोगों की संख्या में मेदिनीनगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन (टाउन हॉल) में उत्साह पूर्वक सुना गया। इसके साथ-साथ पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः पलामू एवं गढ़वा जिला के 47 बूथों पर मन की बात का कार्यक्रम आयोजित किया गया।श्री राम ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम हमेशा ही उत्साहवर्धक एवं प्रेरणादायी होता है। आज के सौ वें एपिसोड मन की बात के कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि यह महज एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा है। मन की बात कार्यक्रम जिन-जिन विषयों से जुड़ा वह जन-आंदोलन बन गया और उसे जन-आंदोलन आप लोगों ने बनाया है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ मन की बात की थी जिसकी चर्चा पूरे विश्व में हुई थी।

## जिरुआ के समीप अवैध बालू का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना :** सीओ सतीश कुमार सिन्हा के निर्देश मे रमना थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा के नेतृत्व मे पुलिस बल के साथ जिरुआ के समीप अवैध बालू का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ कर शनिवार के अहले सुबह थाना लाया। समाचार लिखे जाने तक बालू के खनन और परिवहन मे लगे लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया आरंभ कर दिया गया था। विदित हो की रमना थाना क्षेत्र मे बांकी नदी,कजरी नदी के साथ-साथ विभिन वन क्षेत्रों से अवैध बालू खनन और परिवहन किए जा रहे थे, जिससे सरकारी राजस्व के नुकसान हों रहा है। सीओ सतीश कुमार सिन्हा के नेतृत्व मे शुक्रवार के पुरे रात संवेदनशील स्थानों पर पुलस बल के जवानों के साथ छापेमारी किया गया।लेकिन प्रशासन के द्वारा छापेमारी किए जाने की भनक लगते ही बालू के अवैध धंधे मे संलिप्त लोग बालू के स्टाक और अपने गाड़ी को प्रशासन की नजरो से छुपान मे सफल रहे। इधार सतीश कुमार सिन्हा ने कहा कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेंगी।

## नेताओं, प्रबुद्ध, लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात का 100 वां प्रसारण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100 वां एपिसोड हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में को बड़ी धैर्य और उत्सुकता के साथ सुनी गई। इस मौके पर कार्यक्रम को सुनने के लिए बीजेपी के नेताओं के द्वारा सभी बूथ पर प्रबंध किए गए थे। इस दौरान बीजेपी प्रखण्ड कार्यालय में मण्डल अध्यक्ष बलू बलराम के नेतृत्व में पीएम की मन की बात का 100 वां एपीसोड को नेताओं , प्रबुद्ध जनों ने सुना। वहीं न्यू सब्जी मंडी स्थित नयन रेस्टोरेंट में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में पीएम मोदी के मन की बात का प्रसारण सुना गया। मौके पर प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्य सतेंद्र मेहता, सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा प्रखण्ड उपाध्यक्ष रेणु देवी सिकंदर पासवान, विजय मिश्रा प्रखण्ड मंत्री सनोज गुप्ता, गौतम मिश्रा, विनय विश्वकर्मा ,करण राजवीर, मीडिया संयोजक धर्मेन्द्र कुमार, पवन कुमार अम्बुज सिंह, राजु गुप्ता, संतोष, मनोज, कमलेश, अर्जुन, भीमसेन शर्मा, सत्येन्द्र पासवान, लखन साव, रोहित कुमार, विकास जयसवाल, विक्की विश्वकर्मा, महेंद्र सिंह, अंकुर कुमार, विरेन्द्र यादव, ललेन्द्र, लखन साव, संजीव सिंह, मनोज, आशुतोष, छोटु, विकास , गुप्ता पासवान, अनिल साव आदि मौजूद थे।

### नगर निकाय भंग होने पर छत्तरपुर नगर कार्यालय अधिकारी को विकास हेतु 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा

# पांच सालों में फैली छतरपुर नगर में भ्रष्टाचार, कैसे होगा विकास टूट गयी है लोगों की आस : अरविंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** झारखण्ड में सभी नगर निकायों को भंग कर दिया गया है। जिसके के कारण निकाय का सारा नियंत्रण अब अधिकारियों और बाबुओं के हाथ में चला गया है। छतरपुर नगर पंचायत के कार्यालय में अब सन्नाटा पसरा है पूर्व निर्वाचित सभी जन प्रतिनिधियों के कार्यालय को बंद कर दिया गया है। ऐसे में लोगों के जेहन में कई सवाल कौंध रहे हैं कि अब कौन होगा नगर का तारणहार कैसे चलेगी नगर की सरकार? साथ ही नगर पँचायत के विकास का क्या होगा मास्टर प्लान, दरअसल नगर पंचायत छतरपुर में इन दिनों जलसंकट से सभी 16 वार्ड के लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। जलस्तर नीचे चले जाने के कारण सर्वत्र हाहाकार मचा है। आज आलम ये है कि लोगों का पानी के बिना जीना मुश्किल हो गया है। इस सम्बंध में नगर की कई समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के हेतु छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष सह नगर अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता (चुनमुन )ने चौदह सूत्री मांग पत्र छतरपुर नगर के कार्यपालक अधिकारी को उनके कार्यालय वेश्म में सौंपा। क्या है मांग पत्र में मंच के द्वारा कार्यपालक अधिकारी को जिन ग्यारह सूत्री मांगों के साथ ज्ञापन सौंपा गया है उनमें कई मांगें बेहद महत्वपूर्ण हैं उनमें मुख्यतः कहा गया है कि नगर पंचायत भंग होने की स्थिति में सिविल सोसाइटी का नगर में गठन किया जाए, साथ ही सोसाइटी के साथ नगर पंचायत बैठक कर नगर पंचायत में व्याप्त जलसंकट और अन्य समस्याओं का हल निकाले। प्रस्तावित ऑटो और बस स्टैंड को अविलम्ब शुरू कराया जाए। चापानल गड़वाने के लिए नगर पंचायत के द्वारा ली जाने वाली सुविधा शुल्क को खत्म किया जाय। नगर पंचायत में बाहर के किसी भी बोरवेल गाड़ी से बोरिंग कराने का प्रावधान लागू किया जाए। सभी वार्डो में टैंकरों द्वारा पेयजल आपूर्ति लगातार सुनिश्चित हो। नगर में सिविल सोसाइटी का गठन कर नगर पंचायत की नली, गली और पेयजल की समस्या का समाधान किया जाए, नगर पंचायत के सभी खराब पड़े चापानलों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए। नगर के सभी खराब जलमिनारों की मरम्मत कराई जाए। नगर में पेजल स्वच्छता विभाग के द्वारा सोन नदी से प्रस्तावित जलापूर्ति हेतु पर पानी टँकी का शीघ्र निर्माण करने, साथ ही नगर में पाइप लाइन बिछाने का कार्य शीघ्र सुनिश्चित कराने तथा अति जल संकटग्रस्त इलाकों को चिन्हित कर नए जलमिनारों की स्थापना करने। पूर्व में बनाये गए नाली, सड़क आदि योजनाओं में लूट की गुणवत्ता की जांच कराई कराने। पीएम आवास के लाभुकों को घर निर्माण हेतु पेंडिंग पड़े किस्तों का अविलम्ब भुगतान सुनिश्चित कराने। नगर पंचायत में कार्यदिवस पर कार्यरत सफाईकर्मियों की बकाए मानदेय का भुगतान करने। पूर्व प्रत्याशी ने क्या कहा अरविंद गुप्ता ने ज्ञापन देने के बाद पत्रकारों से कहा कि नगर चुनाव के पांच साल बीत गए। करोड़ो की राशि नगर में खर्च की गई फिर भी नगर पंचायत नर्क पँचायत में तब्दील रहा। अब जबकि निकाय भंग हो चुका हैं तो जनता को भी अपने चुने हुए जनप्रतिनिधियों से पांच साल का हिसाब मांगना चाहिए।

# विधिक सेवा प्राधिकार के तहत जागरुकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के द्वारा रविवार को आयोजित विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन बीडीओ मुकेश मछुआ के अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान जेएसएलपीएस, एस एच जी ग्रुप के महिलाएं, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित प्रखंड के कर्मी शामिल रहे। जानकारी देते हुए बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि आज के परिवेश में हम सबों को विधिक जानकारियां होना आवश्यक है। हमारे समाज में बाल श्रम, बाल विवाह, जैसे कुप्रथा मामला सामने आने पर हमें सूचित करें एवं डायन बिसाही जैसे विभिन्न अंधविश्वास वाले मामले से दूर रहें। और इन दिनों साइबर क्राइम के द्वारा प्रलोभन देकर भोले भाले व्यक्तियों से पैसा की ठगी की जा रही है ऐसे फॉड फोन कॉल से बचें अपनी निजी जानकारी अपरिचित व्यक्तियों से साझा बिल्कुल भी ना करें। साथ ही उन्होंने समूह के महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया और हर संभव मदद करने की भी बात कही। वही कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के माध्यम से सीसीएल 9 सत्र की महिलाओं को आत्म निर्भर बनने हेतु व्यवसाय के लिए 9 लाख रुपए का चेक भी प्रदान किया गया। साथ ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास का पात्रता रखने वाले मुक्ता कुँवर केतार, लवंगी देवी खैरवा, पनवा देवी केतरि को आवास स्वीकृति पत्र दिया गया। इस कार्यक्रम में शामिल प्रभारी कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज यादव, जनसेवक राजीव कुमार, पंचायती राज्य समन्वयक राकेश कुमार, प्रधानमंत्री आवास समन्वयक रवि रंजन, जेएसएलपीएस के बीपीएम प्रियंका कुमारी, बडीसी राजकुमार राम, इम्तेयाज अंसारी, दिलीप जायसवाल, रामविचार साहू, प्रदीप गुप्ता, पीएलबी अनिल प्रसाद यादव, जेएसएलपीएस से राकेश कुमार, बसंत राम, भोला उरांव, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लोगों की नजरिए में काफी बदलाव आया है : रघुवर दास



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने जमशेदपुर के बारीडीह मंडल में बिरसा मुंडा टाउन हॉल में स्थानीय लोगों के साथ सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश में कई बड़े जन आंदोलन हुए हैं। इनमें स्वच्छता अभियान, वोकल फॉर लोकल, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे कितने ही उदाहरण हमारे सामने हैं। लोगों की सोच और नजरिए में काफी बदलाव आया है। दूर दराज के क्षेत्रों में काम करने वाले गुमनाम नायकों को देश के सामने लाने का कार्य भी इस कार्यक्रम के माध्यम से हुआ है। आईआईएम की एक रिपोर्ट के अनुसार अब तक 100 करोड़ से ज्यादा लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी है।

### आरीफ नसीर बट ने कोलकाता में सुना मन की बात

**रांची।** दमदम कोलकाता वेस्ट बंगाल में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन के बात के सौवे एपिसोड को सुना गया।सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस पूरे एपीसोड की तरीफ की है। कहा कि मन की बात से बहुत कुछ जानने और सीखने का मौका मिला। इस अवसर पर अध्यक्ष नॉर्थ सब सरबन डिस्ट्रिक्ट अजीत बख्शी, बिमल, नन्दा,जयंतो दास, इरशाद, मनीष सिंह, आकाश दास, गोविंद आदि शामिल थे। उक्त जानकारी भाजपा अल्पसंख्यक के आरीफ सिर बट ने दी।

# मंजू कुमारी हत्याकांड का खुलासा, आरोपित गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** अनगड़ा थाना पुलिस ने मंजू कुमारी हत्याकांड का खुलासा करते हुए पशुपति महतो को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी, लोहे का दाब, बाइक, दो मोबाइल और दो टूटा हुआ सिम कार्ड बरामद किया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गत 27 अप्रैल को कनकटा पाहु टुंगरी जंगल में एक अज्ञात युवती का शव पुलिस ने बरामद किया था। युवती का गर्दन आधा कटा हुआ था और चेहरे को किसी भोथरे हथियार से कुचला हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने जांच के दौरान युवती की शिनाख्त खलारी निवासी भिखु महतो की पुत्री मंजू कुमारी के रूप में की । जांच के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी कि मृतका और पशुपति महतो बेंगलुरू में अलग-अलग स्थान पर काम करते थे। एक हीं जिला के रहने के कारण दोनों में जान-पहचान हुई तथा दोनों लिव इन रिलेशन में रहने लगे। इसी बीच पशुपति महतो कुछ दिन पूर्व घर आ गया और दूसरी लड़की से शादी करने का तैयारी करने लगा। इसकी सूचना मंजू कुमारी को हुई तो वह बेंगलुरू से अपने घर वापस आयी और पशुपति महतो का पता लगाने लगी। इसी बीच 26 अप्रैल को मंजू कुमारी पशुपति महतो के घर पहुंची तथा पशुपति महतो पर शादी करने का दबाव बनाने लगी। इसी बात पर गुस्से में आकर पशुपति महतो ने टांगी से मंजू कुमारी के गर्दन पर मारकर उसकी हत्या कर दी । साथ ही मंजू कुमारी के चेहरे पर दाब से वार कर छत-विक्षत कर दिया और शव छुपाने की नियत से शव को बोरा में भरकर जंगल में ले जाकर फेंक दिया।

# पीएम के मन की बात का गवाह बने 10 लाख लोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के सामाजिक ताने-बाने को मजबूती देने, समाज को एक सूत्र में पिरोने और चरैवेति-चरैवेति-चरैवेति के संकल्प के साथ रविवार को 100वीं बार देश से मन की बात की। झारखंड भाजपा ने प्रधानमंत्री के मन की बात के 100वें एपिसोड को ऐतिहासिक बनाया। मन की बात सुनने के लिए प्रदेश भाजपा ने राज्य के कुल 9000 स्थानों पर कैंप लगाया गया, जहां 10 लाख से अधिक लोगों ने पीएम के मन की बात का 100वां एपिसोड सुना। रांची में मन की बात कार्यक्रम को लेकर झारखंड भाजपा नेताओं में उत्साह देखा गया।

रांची में खिजरी विधानसभा क्षेत्र के महिलौंग जतराटांड़ बूथ संख्या 187 पर बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोगों के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। उनके साथ प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, छोटानागपुर सरना समिति के अध्यक्ष बिरसा पाहन, सुजाता मिंज, सोहन मुंडा, अशोक मुंडा, रतनू कुजूर, शिबू मुंडा सहित बड़ी संख्या में जनजातीय लोगों ने पीएम मोदी की मन की बात के 100वें संस्करण को सुना। दो हजार से ज्यादा आदिवासी महिला और पुरुष पारंपरिक वेषभूषा में कार्यक्रम में शामिल हुए।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि यह दुनिया का अनूठा कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री के मन की बात से समाज में बदलाव हो रहा है। बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ, वोकल फॉर लोकल सहित कई ऐसे आह्वान पीएम ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से किया है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना पूरा हो रहा है।प्रदेश भाजपा के महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम एक प्रेरणादायक उद्बोधन है। मन की बात कार्यक्रम जन आंदोलन का रूप ले लिया है।

#### कौन नेता कहां रहे उपस्थित

नेता विधायक दल और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी : गिरिडीह तिसरी प्रखंड के मंसाडीह उच्च विद्यालय प्रांगण

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास : बर्मा माइंस, जमशेदपुर

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र : हिनू मंडल के बूथ संख्या 405 पर

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह : धनबाद

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा : अंडमान, निकोबार द्वीप

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी : कोडरमा

# सांसद शिबू सोरेन से मिले राज्यपाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन आज मोरहाबादी स्थित राज्य सभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के आवास पर पहुंचकर उनसे औपचारिक मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भी मौजूद रहे।

# झारखंड में आज से चलेगी समर स्पेशल ट्रेनें



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखंड में एक मई से समर स्पेशल ट्रेन चलेगी। रेलवे ने गर्मियों के मौसम में यात्रियों को राहत देने के लिए कई स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां होने वाली हैं। इसी गर्मी की छुट्टी में शादी-ब्याह का सीजन भी शुरू है। ऐसे में अपने-अपने गांव-घर से दूर रहने वाले छात्र भी अपने परिजनों के पास वापस लौटेंगे या फिर अपने दोस्तों-परिजनों के साथ कहीं घूमने का प्लान भी बना रहे हैं। ऐसी स्थिति में ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ से निपटने के लिए रेलवे ने झारखंड- बिहार और यूपी समेत कई रूटों पर समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू किया है, जिससे ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

गर्मी छुट्टी को देखते हुए मालदा डिविजन की ओर से समर स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा हुई है, जो एक मई से छह जोड़ी ट्रेनें चलेंगी। इसके तहत छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन के अलावा उधना जंक्शन-मालदा टाउन, गुवाहाटी-रांची, हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी और सियालदह-न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल ट्रेन चलेगी।

# देश की जनता प्रधानमंत्री के मन की बात को नकार दिया है : राकेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री के मन की बात का 100 एपिसोड पर प्रतिक्रिया देते प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात सिर्फ भाजपा के मंत्री, सांसद ,विधायक और उनके कार्यकर्ता ही सुनते हैं। देश की जनता प्रधानमंत्री के मन की बात को नकार दिया है।

उन्होंने कहा कि मन की बात का बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है, लेकिन चीन ,अदानी ,बढ़ती आर्थिक आसमंता , आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमत ,जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले ,महिला पहलवानों का अपमान , किसान संगठनों से किए गए वादों को पूरा ना करना ,भ्रष्टाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर यह मौन की बात है। करोड़ों बेरोजगार युवाओं देश के किसानों जवानों ,और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार की मन की बात प्रधानमंत्री कब सुनेंगे , उन्होंने कहा कि देश की बेटियां जब विदेशों में देश का मान रखकर देश आती है तो पूरा देश स्वागत करता है, लेकिन आज कई दिनों से देश की मान बढ़ाने वाले खिलाड़ी धरने पर बैठे हैं। इनके सांसद के खिलाफ लेकिन प्रधानमंत्री मौन क्यों है , क्या यह नहीं दर्शाता कि प्रधानमंत्री मन की बात सिर्फ ढकोसला है, प्रधानमंत्री कभी जन की बात भी कर ले क्योंकि देश की जनता ने ही उन्हें प्रधानमंत्री चुना है।

# कराटे का दर्शन आत्म रक्षा है : इबरार अहमद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्टस, रांची के अंतर्गत चौथा इस्मा स्कूल नेशनल कराटे चैम्पियनशिप - 2023 का आयोजन खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में किया गया।इस चैंपियनशिप में राज्य के दर्जनों स्कूलों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें अराध्या अर्तिका,अनाया तिरू,लाइबा तहसीन, जयश्री नाग,जीशा लकड़ा, कोमल कुमारी ने अपने अपने कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर माही के संयोजक इबरार अहमद बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। चैंपियनशिप में विशिष्ट अतिथि माही के प्रवक्ता मुस्तकीम आलम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इस्मा के तकनीकी निदेशक विमल आनंद नाग ने की और मंच संचालन गुलाम जावेद ने किया। चैंपियनशिप के प्रतिभागी बच्चों को संबोधित करते हुए इबरार अहमद ने कहा कि ये फन दुनिया को सुंदर और सुरक्षित बनाने का संदेश देता है। सभी बच्चों इस दर्शन को समझना चाहिए। उन्होंने ने मार्शल आर्ट पर बनी फिल्म 36 चेंबर ऑफ शओलिन का जिक्र करते हुए कहा कि 36 वें चेंबर में बताया कि दुनिया में व्याप्त बुराईयों के खिलाफ लड़ना है और कमजोर लोगों को सुरक्षा प्रदान करना है।मन,शरीर और आत्मा तीनों के सामंजस्य से मार्शल आर्ट निकलता है। के लिए भ्रमण किया करते थे।आप लोगों को इस आर्टस के दर्शन को समझना होगा, क्योंकि दुनिया को खूबसूरत बनाने की जिम्मेदारी आप कंधों पर है।

# विश्व भारती जनहित नवयुवक संघ के तत्वाधान में दो दिवसीय जागरण शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** विश्व भारती जनहित नवयुवक संघ के तत्वाधान में दो दिवसीय माता का भव्य जागरण सह भंडारा का आयोजन रातू रोड लाह कोठी स्थित रॉयल पैलेस में किया गया। सर्वप्रथम माता का भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि विधान पूजा अर्चना किया गया। इसके पश्चात संध्या में जागरण का उद्घाटन संघ के अध्यक्ष संदीप प्रधान के कर कमलों के द्वारा संपन्न किया गया । इस अवसर पर अध्यक्ष संदीप प्रधान ने उपस्थित माता रानी के भक्तों को अपनी ओर से आभार व्यक्त करते एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर साल की भांति इस साल भी आप सभी के सहयोग से माता रानी का जागरण किया जा रहा है। आप सभी इसका आनंद ले उन्होंने तमाम सहयोग कर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया । उसके पश्चात ग्रुप के द्वारा जागरण का शुरुआत श्री गणेश वंदना से किया गया जो देर रात तक चला। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप तुलसियान , महावीर मंडल थड़पखना के अध्यक्ष रविंद्र वर्मा , रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के संयोजक मुनचुन राय, युवा राष्ट्रीय समिति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव, महावीर मंडल रांची महानगर के संयोजक महेश प्रसाद सोनी ,मां तारा भक्त मंडल के अध्यक्ष बबलू चौधरी सहित विभिन्न धार्मिक संगठनों एवं सामाजिक संगठन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए। पूरे आयोजन में शैलेंद्र जायसवाल, रंजीत, गुड्डू ,नीरज, विक्की ,राजा ,पंकज ,गौतम ,सोनू पंडा एवं निखिल का विशेष योगदान रहा।

# एयरपोर्ट के समीप सड़क मरम्मत के मुद्दे पर ग्रामीणों और सेना के बीच बहस, काम शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के समीप सड़क रिपेयर को लेकर रविवार को हंगामा हुआ। यहां पहले से बनी सड़क पर रिपेयर को लेकर ग्रामीण और सेना के बीच बहस हुई। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा और एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद कुमार मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। मिली जानकारी के अनुसार विधायक फंड से रांची एयरपोर्ट के हेथू गांव के रास्ते में पहले से बने सड़क को रिपेयर करने का काम किया जाना है। रविवार को सड़क निर्माण के लिए जैसे ही मजदूर पहुंचे तो वहां पर बने सेना कैंप के जवानों ने रोड बनाने से मना कर दिया और उन्होंने मजदूरों को काम करने से रोक दिया।

इसी को लेकर ग्रामीण हंगामा करने लगे। पुलिस की बातचीत के बाद सेना के लोगों और ग्रामीणों की सहमति से सड़क रिपेयर का काम शुरू किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क रिपेयर का काम शुरू हो गया है।

### रांची के आसमान में नजर आया सन रिंग

**रांची :** रांची में रविवार को आसमान में सूर्य की चारों तरफ एक चमकदार रिंग नजर आयी। इसे सोलर हालो या सन रिंग कहते हैं। इसको देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गये। इस संबंध में मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद बताया कि सोलर हालो या सन रिंग एक सामान्य खगोलीय घटना है। यह वातावरण में मौजूद हेक्सागोनल क्रिस्टल के कारण होता है। उन्होंने बताया कि जब वातावरण में मौजूद पानी की बूंदों पर प्रकाश पड़ता है तो उसके विकिरण के कारण यह घटना घटती है। कई बार इस गोले में इंद्रधनुष की तरह कई रंग भी नजर आते हैं।

# नि:शुल्क परामर्श कैंप के रूप में मोहल्ला चलंत क्लीनिक की होगी शुरुआत : आदित्य विक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** स्वस्थ रांची-समृद्ध रांची के तहत झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल के नेतृत्व में आज रविवार को पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक राजकीयकृत मध्य विद्यालय , पंडरा, रांची में नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगाया गया । जिसमें 265 मरीजों का हेल्थ चेकअप किया गया एवं साथ में मुफ्त दवाइयां भी दी गई। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि आयोजित निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप से शहर के काफी लोग लाभान्वित हुए, ये हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है, हमलोगों के सहयोग से कई लोगों के चेहरे में खुशहाली आयी है। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सूयस सिन्हा, दंत चिकित्सक एवं सर्जन डॉक्टर जैमेश भगत, स्वास्थ्य शिविर कैंप में डॉक्टर सुबोध कुमार सिंह - आईरिस हॉस्पिटल डॉ रूही सिंह - अंकुरम आईवीएफ, डॉ प्रकाश कुमार - हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ जे के भगत - दंत रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर हर्ष कुमार - पॉपुलर नर्सिंग होम -, डॉक्टर सूयस सिन्हा - नर्व एंड माइंड, डॉ पूजा सहाय - माइक्रोपैकसिस लैब डॉक्टर आर के सिंह - शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ तन्मय - प्लास्टिक सर्जन, डॉ नूपुर सिंह - ऑर्किड मेडिकल सेंटर (ओ बी एस एंड गाइनेकोलॉजिस्ट),डॉ राजेंद्र पाहन - आर्किड मेडिकल सेंटर (एमडी इंटरनल मेडिसिन कंसलटेंट फिजिशियन), आयुषी प्रियदर्शी - साइकोलॉजिस्ट, सदर अस्पताल से सिविल सर्जन की टीम, आयुर्वेदिक विशेषज्ञ की टीम ,होम्योपैथिक विशेषज्ञ की टीम, यूनानी विशेषज्ञ की टीम ने अपना महत्वपूर्ण सेवा एवं योगदान दिया।

# शिया मुसलमानों ने सऊदी अरब के खिलाफ किया प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** शिया मुसलमानों ने सऊदी अरब के शासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मुसलमानों का यह प्रदर्शन चर्च रोड, स्थित मस्जिद ऐ जाफरिया रांची में हुआ। इस प्रदर्शन में लोग सऊदी हुकूमत और आतंकवादी विरोधी तख्तियां लेकर पहुंचे। बड़ी तादाद में मौजूद लोगों ने सऊदी अरब की हुकूमत के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश जताया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगो ने मजार निर्माण करने का मांग किया। रांची में ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब मौलाना सैयद तहजीब उल हसन रिजवी की अगुवाई में हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों ने जन्नतुलबकी का जल्द निर्माण कराए जाने की मांग भारत सरकार के द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ से ज्ञापन भेजकर की। मौलाना तहजीबुल हसन ने बताया कि सौ साल पहले सऊदी हुकूमत ने मदीना शहर में स्थित जन्नतुल बकी कब्रिस्तान के तमाम मजारों को तोड़ दिया था। इसमे हजरत फातिमा जहरा का भी मजार शामिल था। हर साल इस्लामी कैलेंडर के शव्वाल महीने की 8 तारीख को सऊदी हुकूमत की इस विध्वंसक करवाई के खिलाफ इंसाफ पसंद शिया मुसलमान सऊदी हुकूमत के खिलाफ प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराते हैं। साथ ही बीबी फातिमा जहरा के मजार का फिर से निर्माण कराने की मांग हम करते हैं।

# डोरंडा थाना क्षेत्र में रहने वाले पुलिसकर्मी प्रहलाद के घर लाखों की चोरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र में रहने वाले पुलिसकर्मी प्रहलाद महथा के घर से चोरों ने 1.5 लाख नगद और 3 लाख के जेवरात चोरी कर फरार हो गया। घटना बीते रात की बतायी जा रही है। प्रहलाद महथा ट्रैफिक पुलिस में पदस्थापित हैं। चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सूचना मिलने के बाद डोरंडा थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच की। सिपाही प्रहलाद महथा किसी काम से बाहर गया था। घर लौटा, तो सिपाही की पत्नी ने देखा कि अलमीरा टूटा , हुआ है। उसमें रखा सामान सारा गायब है। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी और जांच में पता चला कि नगद और जेवरात गायब है।

## खिजुरटोला में ईद मिलन समारोह का आयोजन



**रॉंची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजुरटोला और आसपास के समुदाय बड़े उत्साह और जोश के साथ ईद मिलन मनाया ।यह समारोह 32वां ईद मिलन समारोह था । इस कार्यक्रम का आयोजन ईद मिलन समिति खिजुरटोला और किशुनपुर द्वारा विभिन्न धर्मों और पृष्ठभूमि के लोगों के बीच प्रेम, एकता, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत समीउल्लाह फलाही द्वारा कुरआन के एक सुंदर पाठ के साथ हुई। रुस्तब साहब, सदर अंजुमन इस्लामिया खिजुरटोला ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया, जिसके बाद साजिद साहब, रुक्न जमात ए इस्लामी हिंद ने अपने शब्द रखते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान दिए गए अतिथि भाषण ज्ञानवर्धक और प्रेरक थे। उपस्थित लोगों को समुदाय की कुछ प्रसिद्ध हस्तियों को सुनने का सौभाग्य मिला। प्रत्येक भाषण ने विभिन्न संस्कृतियों और धर्मों के बीच मेलजोल को बढ़ाने, संवाद को प्रोत्साहित करने और सद्भाव को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। श्री कर्नल देव जी ने कहा कि भाईचारा बनाकर रखें और शांति भंग करने वाले अफवाहों पर विश्वास न करें । सदर थाना के थाना प्रभारी ने कहा कि खिजुरटोला का भाईचारा और सदभावना पूरे झारखण्ड में एक मिसाल है ऐसा भाईचारा मझे कहीं और देखने को नहीं मिला। मुख्य अतिथि आरएन महतो ने विभिन्न धर्मों और पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाने और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है । जमाते इस्लामी हिन्द, झारखंड के सचिव श्री मुजाहिदुल इस्लाम ने ईद मनाने का मकसद बताते हुए कहा की समाज में शांति की स्थापना के लिए हर वर्ग व धर्म के लोगों को मिलकर न्याय की स्थापना करनी होगी । समारोह में आए सभी अतिथियों को पुस्तकें भेंट की गई। कार्यक्रम के बाद लोगों ने पारंपरिक व्यंजन सेवई का आनंद लिया। इस आयोजन का उद्देश्य विभिन्न धार्मिक समुदाय और पृष्ठभूमि के लोगों के बीच शांति, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देना था। यह आयोजन एक अधिक समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में एक आवश्यक कदम था जहां विभिन्न संस्कृतियों और धर्मों के लोग शांतिपूर्वक रह सकते हैं। यह आयोजन एकता का प्रतीक बन गया है, जो क्षेत्रों के लोगों को एक साथ बैठने, एक दुसरे को जानने का अवसर देता है ।ईद मिलन समिति खिजुरटोला और किशुनपुर ने इस आयोजन को सफल बनाने वाले सभी लोगों का दिल से धन्यवाद देती है । कार्यक्रम में रुस्तम अली, साजिद आलम, अब्दुल अजीज, अशरफ अंसारी, अब्दुल कुद्दुस, खुर्शीद आलम, अमीनुद्दीन, मुमताज, सुनील महतो, मंगल उरांव, मुन्ना सेठ, रवि कुमार, श्याम कुमार, अधेश बैठा, अशोक साहू सहित पूरा खिजुरटोला व आसपास के लोग उपस्थित थे।

## 122 यूनिट रक्त संग्रहित कर ह्यूमन राइट्स इक्वालिटी फाउंडेशन टीम ने रिम्स ब्लड बैंक का किया सहयोग




**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल में रक्तदान के क्षेत्र में अलग पहचान बनाई टीम ह्यूमन राइट्स इक्वालिटी फाउंडेशन ने रक्त दान शिविर का आयोजन किया. रक्त दान शिविर आयोजन सीसीएल डकरा डिस्पेंसरी में किया गया. जहाँ पर रक्तवीर से 122 यूनिट रक्त संग्रहित कर रिम्स ब्लड बैंक का सहयोग क़िया। रक्तदान शिविर में कोयलांचल सहित आस पास के क्षेत्र से रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया. इस शिविर में नए डोनर युवा सहित नियामित डोनर्स ने शिविर को सफल बनाया. एच. डी एफ.सी.बैंक राँची के द्वारा रक्तदान शिविर में सहयोग किया गया. वही मोनेट डेनियल कोल वासरी के पूरी टीम के द्वारा सहयोग कर भारी संख्या में रक्तदाताओं ने रक्दान किया.डकरा परियोजना मैंनेजर कमलनाथ राणा के द्वारा फीता काट कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई. कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकनाथ राणा कृष्णा चौहान इंद्रा देवी श्याम सिंह शैलेन्द्र शर्मा दिनेश भर नंदलाल चौहान असरफी राम बूटन चौहान बलबीर सिंह सुखराम सेठ सन्तोष सिंह रितेश सिंह विकास दुबे शशिकांत सिंह डकरा डिजिटल एक्सरे ,बिनोद कुमार अजय चौहान अभिषेक चौहान परवेज खान अफरोज अलाम इसरिफिल अंसारी पूजा देवी नागेश्वर महतो, सजंय मुंडा मन्तोष चौहान दीपक चौहान भरत कुमार आलोक चौहान पंकज चौहान आशा देवी प्रमिला देवी रिम्स की टीम के डॉक्टर चन्द्र भूषण के नेतृव में सुरक्षित रक्तदान करा कर कार्यक्रम सफल बनाया गया.

## क्षत्रिय विकास मंच की बैठक कर वीर कुंवर सिंह की मूर्ति का अनावरण करने पर चर्चा किया गया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में क्षत्रिय विकास मंच का बैठक किया गया. बैठक में खलारी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए क्षत्रिय



समाज के लोग एकजुट हुए. बैठक में लोगों ने कुंवर सिंह के नीति और सिद्धांतों पर चर्चा किया. अथवा बताया कि कुंवर सिंह ने 80 वर्ष की उम्र में ना सिर्फ स्वाधीनता की लड़ाई लड़ी बल्कि समाज और देश को एक नई दिशा देने का कार्य किया था. बैठक में कई बिंदुओं पर आपसी चर्चा किया गया. जिसमें मुख्य रुप से डकरा में नवस्थापित कुंवर सिंह की प्रतिमा का अनावरण के विषय पर आपसी विचार विमर्श किया गया.समाज के उपस्थित लोगों द्वारा अपना अपना राय प्रकट किया गया.अपने विचारों में समस्त लोगों ने जल्द से जल्द वीर कुंवर सिंह की मूर्ति का अनावरण कराने कि इच्छा प्रकट किया. अंत में समस्त लोगों ने एकमत होकर निर्णय लिया कि अपने समाज के प्रबुद्ध लोगों से संपर्क करके जल्द ही मूर्ति का अनावरण कराया जाएगा. मौके पर बजरंग दल खलारी के प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत सिंह, आनंद सिंह, अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के एरिया सचिव हरेंद्र कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, शत्रुंजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अशोक प्रताप सिंह ,राजू सिंह, संजय सिंह, मनोज सिंह, शैलेंद्र सिंह, संतोष सिंह, रितेश सिंह,विकास कुमार सिंह गुड्डू, नरेंद्र सिंह, धनंजय सिंह, डीपी सिंह, संतोष सिंह सहित अन्य उपस्थित थे.

# भाजपाइयों ने सुनी मन की बात कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'मन की बात' के ऐतिहासिक एवं प्रेरक 100 एपिसोड के उपलक्ष्य में भाजपा खलारी मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोजनी देवी महिला व सहयोगियों ने प्रधानमंत्री का मन की बात सुना गया. 100 एपिसोड मन की बात कार्यक्रम महिला मोर्चा के द्वारा खलारी पहाड़ी मंदिर में किया गया. इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में रांची जिला ग्रामीण महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी देवी मौजूद रही. मन की बात कार्यक्रम में रांची जिला ग्रामीण महिला मोर्चा अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधान मंत्री जी के कार्यक्रम मन की बात को सभी ने एक साथ मिल कर देखा एवं सुना. श्रीमती ने सभी महिलाओं को प्रोत्साहिर करते हुए कहा कि देश की उन्नति सर्वोपरि है, जिसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा तथा भ्रष्टाचार सामान्य अपराध नहीं है तथा इसपर नकेल कसना बड़ी ज़िम्मेदारी है. इस सभा मे सम्मिलित महिलाओं मे संजिता देवी, नीरा देवी, जशीला देवी, ममता देवी, सरिता देवी, जसोदा देवी, बिना देवी, सोहरमनी देवी, सिया देवी सहित अन्य उपस्थित थे.

## एथलेटिक्स व फुटबॉल समर कैम्प का आयोजन 17 मई से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के द्वारा दिनांक 17.05. 2023 से लेकर 04.06.2023 तक अम्बेडकर मैदान राय , 4 नम्बर मैदान बचरा एवं डकरा स्टेडियम मे एथलेटिक्स एवं फुटबॉल समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा. समर कैम्प मे 8 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के बालक एवं बालिका खिलाड़ी शामिल होंगें. इसके लिए गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के कार्यालय मे फॉर्म भर कर जमा करना है इसके लिए अपना आधार कार्ड के फोटोकॉपी , जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्टस साइज फोटो जमा करना अनिवार्य बताया गया.

## प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नव युवक संघ टाटीसिल्वे के द्वारा प्रभु श्री राम के जन्म उत्सव के अवसर पर सिवान एवम बक्सर से आये गायक के बिच भोजपुरी दो गोला महा मुकाबला का सांस्कृतिक कार्यक्रम ई ई एफ फैक्ट्री के सामने कराया गया। इस कार्यक्रम मुख्य रूप से मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप,उद्घाटन कर्ता भा ज पा कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार,कामेश्वर महतो सांसद प्रतिनिधि, संजीत सिंह,रविंद्र तिवारी,रमेश पांडे, के डी शर्मा, कृष्णा पाहन मुखिया,अशोक मिश्रा,मृत्युंजय मिश्रा, अशोक शर्मा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनोद पुरी,धीरेंद्र त्रिपाठी,राजेश मिश्रा, सनील जाय,संजय प्रसाद, कुंदन शर्मा, अशोक तिवारी,मदन सिंह, राजकुमार सिंह इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में आये कलाकारों के गीतों का आनंद रात भर आस पास के ग्रामीणों ने उठाया।

## प्रधानमंत्री के मन की बात अब जन आंदोलन का कार्यक्रम बना : विनय महतो धीरज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** 9 साल पहले 3 अक्टूबर 2014 विजयादशमी के दिन शुरू किया गया मन की बात का ऐतिहासिक सफर अपने 100 वें पड़ाव पर पहुंच गया।यह शतक सबूत है मोदीजी और देश की जनता के बीच मजबूत जुड़ाव और लगाव का उक्त बातें भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें संस्करण पर आयोजित कार्यक्रम में कही। श्री महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से सदैव प्रेरणा मिलती है।यह कार्यक्रम अब जन आंदोलन बन गया है।लोगों के विचारों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला रहा है। प्रधानमंत्री जी मन की बात कार्यक्रम में देश की नारी शक्ति की सैकड़ों प्रेरणादायी गाथाओं का जिक्र किए। प्रधानमंत्री ने चर्चा किए कि %बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ% अभियान की शुरुआत मैंने हरियाणा से की थी।जो जल्द ही वैश्विक हो गया ।मन की बात के दौरान किए गए चर्चा के ऐसे कई उदाहरण हैं जो लोगों को बहुत प्रभावित किया।उनका यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने की व्यवस्था भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज के आवास पर किया गया था।जहां बूथ संख्या 146 एवं 147 के लोग शामिल हुए। सफल 100 वें संस्करण पूर्ण होने की खुशी में केक भी काटा गया।यह कार्यक्रम सिल्ली विधानसभा में 100 विभिन्न स्थानों पर सुना गया जो अपने आप में ऐतिहासिक है। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, वरिष्ठ भाजपा नेता पशुपति नाथ महतो, मेघनाथ महतो, दुर्लभ महतो, बोधनाथ महतो, गिरिधर महतो,विपतारण महतो, रामेश्वर महतो, किरीटी कुमार महतो, जन्मेंजय महतो, किशोर, निखिल, फनीभूषण, पंकज, यशपाल सुरज, शेखर आदि मौजूद थे।

## सिल्ली के पत्रकार को दिल्ली में मिला सम्मान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली के पत्रकार तारकेश्वर महतो को ग्रामीण क्षेत्र में कुशलता पूर्वक पत्रकारिता करने तथा समाज में बढ़-चढ़कर लोगों के कार्यों में हिस्सा लेने पर दिल्ली में आयोजित वसुधैव कुटुम्बकम (संपूर्ण विश्व एक बड़ा परिवार है), एक कार्यक्रम गोदावरी ऑडिटोरियम आंध्रा एसोसिएशन बिल्डिंग इंस्टुशनल एरिया लोधी रोड न्यू दिल्ली में सन ड्रीम प्राइवेट लिमिटेड तथा नीलम युनिवेर्सिटी के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। जिसमे सन ड्रीम प्राइवेट लिमिटेड तथा नीलम यूनिवर्सिटी की ओर से यह सम्मान दिया गया। इस कार्यक्रम में संपूर्ण भारत के सभी राज्यों के युवा शिक्षाविद सह युवा उधमी एवम देश - विदेश के युवा प्रतिनिधित्व के तौर पर शिरकत किया द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता नीलम यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ अनिल कुमार ने किया वही मुख्य अतिथि आर. एस. एस. के सेंट्रल एक्सक्यूटिव कमिटी मेंबर डॉ इन्द्रेश कुमार ,विशिष्ट अतिथि ह्यूमन राइट्स के नेशनल चेयरमैन भीष्म सिंह एवम सन ड्रीम प्रा0लिमिटेड के प्रेसिडेंट प्रताप नायडू एवम जापान, पलेस्टाइन (कैपिटल ऑफ इजराइल) अंबेसी के प्रतिनिधि ,मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. अजय एबल माल, गौरव गुप्ता, सतीश कुमार,अमर कुमार अभिषेक कुशवाहा, समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तमाड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सूनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** तमाड़ मंडल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात का 100 वां संस्करण लोगों द्वारा सुना गया । तमाड़ मंडल के दर्जनों बुथ पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिनमें मुख्य रूप से दिउड़ी मंदिर परिसर , राधारानी मंदिर रायडीह, ग्राम संगठन महिला समुह नुरीडीह खखसीडीह आदि जगहों पर सैकड़ों महिलाओं ने मन की बात कार्यक्रम सुनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लिए। वहीं बादला,बारेडीह, तमाड़,उलिलोहर,जानुमपीड़ी आदि शक्ति केंद्र के साथ ही दर्जनों बुथों पर मन की बात कार्यक्रम किया गया। खखसीडीह में सैकड़ों महिलाओं ने मन की बात कार्यक्रम सुनकर भाव विभोर हुई एवं सभी समुह की महिलाओं ने प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम में भाग लेने का निर्णय लिया साथ ही मोदी द्वारा महिलाओं के लिए कई महत्वाकांक्षी एवं सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया। आज कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी , विवेक गुप्ता, शंकर सोनार,अरुण शांडिल्य, कार्तिक सिंह मुंडा,हरि सिंह मुंडा,मदन सिंह मुंडा,जय सिंह मुंडा, विरेन्द्र प्रमाणिक, नंदिता देवी, सावित्री देवी,गीता देवी,सोनामनी देवी, पार्वती देवी,कैकयी देवी, सत्यनारायण मुण्डा, दिनेश साहु, सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

# सिंचाई के लिए किसानों के खेत तक पानी पहुंचाना मेरी प्राथमिकता है : राजेश कच्छप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची/नामकुम :** लघु सिंचाई विभाग के राज्य सम्पोषित योजनान्तर्गत नामकुम प्रखण्ड के तीन सिंचाई योजनाओं की शिलान्यास खिजरी विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप जी के करकमलों द्वारा किया गया। जिसमें ग्राम तेतरी में मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य, ग्राम बुतियो में बुतियो नाला पर एकल चेकडैम का निर्माण एवं ग्राम करकट्टा के टकरा नाला में एकल चेकडैम का निर्माण किया जाना है। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि मेरा प्राथमिकता पर प्रयास है कि समय पर किसानों के खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाना। हम किसी को नौकरी दे नहीं सकते है लेकिन किसानों को सही समय पर सिंचाई के लिए पानी पहुंचा कर उन्हें आत्मनिर्भर बना सकते हैं। हम सभी कृषि पर निर्भर करते हैं। सिंचाई की व्यवस्था होने पर हम खेतों में सालों भर खेती कर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। दोनों चेकडैम बन जाने से 150 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई हो सकती है। जिससे किसान सालों भर फसल उपजाऊ कर सकते हैं। चेकडैम बनने से ग्रामीणों में काफी खुशी झलक रही थी। शिलान्यास कार्यक्रम में नामकुम प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, कुटियातु मुखिया निशा उरांव, हुड़वा मुखिया शिवचरण कच्छप, पंसस रोजलिन मिंज, पंसस करण मुण्डा, पंसस कल्याण लिण्डा, वार्ड सदस्य सीता देवी, सुनीता देवी, बिरसा महली की गरिमामय उपस्थित थे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, माधो कच्छप, मनोहर सिंह, देवराज सिंह, भीम सिंह, बबलू सिंह, रतन उरांव, मोतीलाल मुण्डा, प्रेमचंद मुण्डा, किष्टो सिंह मुण्डा, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जन-जन की बात कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला में युवा कांग्रेस की टीम ने जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में जन जन की बात कार्यक्रम भगत सिंह चौक मैं आयोजित किया गया। मौके में अरुण संगा ने केंद्र सरकार को निशाना साधते हुए कहा कि आखिर कब तक महंगाई यूं बढ़ती रहेगी और युवा बेरोजगार होते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा की आखिर हर इलेक्शन के सामने आते ही हमारे जवानों पर नक्सली हमला क्यों होता है कहीं ना कहीं यह बीजेपी सरकार इस मामले को इलेक्शन एजेंडा बनाकर चल रही है। मौके में प्रदेश सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, 20 सूत्री सदस्य मोहम्मद सोहेल, पूर्व प्रवक्ता मो शाहिद, खूंटी विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, मुरुहु प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद, बहा मुंडा, दशरथ, बहलेन, गुरुदेव संगा, महेश संगा, आफताब आलम, कैफी, गुड्डू ,राजू, आशीष आदि दर्जनों युवा कार्यकर्ता मौजूद थे

## झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा मे स्कूल के शिक्षक गण एवं बच्चे के अविभावक गण के साथ बैठक किया गया. जिसमे स्कूल मे सीबीएसई के पूरा गाईड लाईन के बारे मे अविभावक गण को बताया गया. साथ मे अविभावक गण अपने बच्चे को पढ़ाई के साथ-साथ इस स्कूल मे खेल कूद, कम्पुटर, संगीत, नृत्य,पुस्तकालय ,स्मार्ट क्लास मे बेहतरीन प्रदर्शन करने पर अविभावक गण काफी खुश हुए. बैठक मे उपस्थित स्कूल के प्रधानाध्यापक महोदय अभिषेक कुमार चौहान एवं कई शिक्षक गण उपस्थित थे.

## मिशन बदलाव के तहत मुरहू में बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मिशन बदलाव, मुरहू की एक बैठक सुधीर भगत की अगुवाई में शिक्षण संस्थान शयोर सक्सेस में रखी गई। जिसमें मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत के द्वारा इस मिशन के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए लोगों को संबोधित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त सामाजिक समस्याओं एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर बिना किसी भेदभाव के काम किया जाएगा साथ ही मिशन बदलाव के द्वारा मुरहू में शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र पर भी कार्य किया जाएगा। इस बैठक को अविनाश कौशल एवं जय मंगल गुड़िया ने भी संबोधित किया साथ ही इसके उद्देश्यों से भी लोगों को अवगत कराया उन्होंने कहा आगामी बैठक में मुरहू के कमेटी का गठन कर इसका विस्तार किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य भूषण भगत, अविनाश कौशल ,जय मंगल गुड़िया, शशि कला देवी , सिंनी गोप ,विक्की साबू, तनवीर खान ,पंकज भगत दीपक गुप्ता, निरंजन भगत, भुनेश्वर मांझी ,भोलू गुप्ता, जलेश्वर महतो, जगन्नाथ भगत, शिवकुमार ,प्रेम भगत ,सुधीर भगत एवं सकलदीप भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## प्रधानमंत्री के मन की बात का 100वां संस्करण

# भाजपा ने चार सौ से अधिक स्थानों पर किया लाइव प्रसारण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर महानगर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यकम मन की बात के 100वें संस्करण का लाइव प्रसारण चार सौ से अधिक स्थानों पर किया गया। इस अवसर को खास बनाने के लिए भाजपा जमशेदपुर महानगर के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने विशेष तैयारी की। पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात का महानगर अंतर्गत चारों विधानसभा के 28 मंडलों के हजारों बूथों पर आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के वरीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल रहे। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के बारीडीह मंडल अंतर्गत बिरसा मुंडा टाउन हॉल में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पटमदा के महुलबना पंचायत में सांसद विद्युत वरण महतो, पोटका विधानसभा के बागबेड़ा क्षेत्र अंतर्गत साई मंदिर सभागार में पूर्व विधायक मेनका सरदार, भुइयांडीह पार्क में



भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, बर्मामाइंस मंडल अंतर्गत उत्सव भवन में पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, जिला महामंत्री राकेश सिंह एवं साकची धालभूम क्लब में भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, घोड़ाबांधा क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की धर्मपत्नी मीरा मुंडा, मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी जितेंद्र राय, भाजयुमो जमशेदपुर के द्वारा रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्षगण, जिला पदाधिकारी, मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा के जिलाध्यक्षों ने विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वीं मन की बात का श्रवण किया। इस दौरान विभिन्न मंडलों के मंडल अध्यक्ष एवं हजारों कार्यकर्ता के संग आमजन व बूथ समिति के कार्यकर्ता व पन्ना प्रमुख शामिल हुए। बिरसा मुंडा टाउन हॉल में प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत मीडिया से बात करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मन की बात के 100वें एपिसोड पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 3 अक्टूबर 2014 को विजयादशमी के दिन शुरू हुए मन की बात कार्यक्रम एक अनुठा और अपनी तरह का पहला रेडियो कार्यक्रम है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र निर्माण के लिए जनभागीदारी की भावना को बढ़ावा देते हैं। पूर्व सीएम ने मन की बात के सफलतापूर्वक आयोजन पर जमशेदपुर महानगर के चारों विधानसभा एवं पूरे कोल्हान के भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी। कहा कि मन की बात कार्यक्रम के जरिये पीएम नरेंद्र मोदी देशवासियों को आपस में जोड़ने का कार्य करते हैं। हम सभी को प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक मन की बात कार्यक्रम का श्रवण करना चाहिए। अपने गृह मंडल सीतारामडेरा के भुइयांडीह स्थित पार्क में भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में मन की बात कार्यक्रम का वृहद रूप में आयोजन किया गया।

## कांड्रा गुप्ता पेट्रोल पम्प से चोरी हुई ट्रक को पुलिस ने किया बरामद

**गम्हरिया :** कांड्रा पुलिस ने विगत दिनों गुप्ता पेट्रोल पंप के समीप से चुराए गए ट्रक को शनिवार को थाना क्षेत्र के चाडरी पहाड़ी के समीप से दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में बरामद किया कर लिया है। इस बाबत विगत 27 अप्रैल को ट्रक चालक द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। कांड्रा थाना प्रभारी पास्कल टोप्पो ने बताया कि ट्रक बड़बिल से आयरन लेकर कांड्रा स्थित किसी निजी कंपनी में आया था। कंपनी में आयरन अनलोड करने के बाद खलासी ट्रक लेकर कांड्रा स्थित गुप्ता पेट्रोल पम्प के समीप रात्रि में विश्राम करने लगा। उसके बाद रात्रि में ही अज्ञात लोगों द्वारा खलासी को ट्रक से उतार दिया गया और वाहन लेकर फरार हो गया था। भागने के क्रम में ही ट्रक चाडरी पहाड़ी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसे कांड्रा थाना ने जब्त कर लिया है।

## मोदीजी के मन की बात कार्यक्रम के विरोध में सड़क पर उमड़े कांग्रेसजन, बांधी काली पट्टी और कान में ठुसा रूई

# मोदीजी कब करोगे जन की बात : आनन्द बिहारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में मौन विरोध कार्यक्रम का आयोजन मोदी जी के मन की बात के खिलाफ आयोजित की गई। जिसमें बड़े पैमाने पर कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ताओं ने काली पट्टी बांधकर तथा कान में रूई ठुस कर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान आम जनता के बीच कौतुहल का विषय साकची गोलचक्कर के आस पास बना रहा। हजारो आम नागरिकों ने तख्ती पर लिखे गए स्लोगन का समर्थन भी किया, मुख्य रूप से स्लोगन में अब



बस करो मन की बात, अब करो जन की बात, अब करो महंगाई की बात, अब करो बेरोजगारी की बात, अब बस करो सरकारी उपक्रम बेचने की बात, अब करो पेट्रोल डीजल की मुल्य कम करने की बात, अब करो गैस सिलेंडर की कीमत कम करने की बात, कब बंद करोगे लोकतंत्र कुचलने की बात, जैसे स्लोगन लेकर कांग्रेस नेतागण साकची गोलचक्कर के समीप लगभग तीन घंटा मौन विरोध कार्यक्रम में बैठे रहे। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि विगत नौ वर्षो से मोदी जी सिर्फ मन की बात कर रहे है और आम जनता पर महंगाई के बोझ के रूप में 450 रू का गैस 1142 रू कर दिए, पेट्रोल डीजल 100 रू कर दिए, खाद्य पदार्थ पर जीएसटी लगा दिए, भारत की आन-बान-शान सरकारी उपक्रम को लगातार व्यापारियों को बेचने की बात कर रहे है और कितने उपक्रम को बेच दिए है। मौन विरोध कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, जम्मी भाष्कर प्रलक्ता कोल्हान प्रमण्डल, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, सामंता कुमार, रियाजुद्दीन खान, सुबोध सिंह सरदार, भारयात्री अमरजीत नाथ मिश्र, कार्यकारीअध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र सोनकर, संजय सिंह आजाद, शाहिद अख्तर सहित सैकड़ो कांग्रेसजन शामिल हुए।

## स्वीकृत पीसीसी पथ निर्माण कार्य का सांसद ने किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के महुलबना गांव में जिला अनाबद्ध निधि से स्वीकृत अनिल महतो के घर से तालाब तक एक हजार फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो व पटमदा दक्षिणी क्षेत्र के जिला पार्षद प्रदीप बेसरा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया। पार्षद ने बताया कि 15 लाख रुपये से स्वीकृत पीसीसी पथ का निर्माण कार्य मेसर्स पूर्णिमा एंटरप्राइजेज बोड़ाम के देखरेख में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संवेदक को गुणवत्तापूर्ण सड़क




निर्माण करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर प्रखंड प्रमुख बालिका सोरेन, मुचीराम बाउरी, मंटु चरण दत्त, बासुदेव मंडल, महावीर महतो, भीम महतो, राजशेखर महतो, मिहिर महतो, आशुतोष महतो, मुरारी मोहन पाल, गणेश महतो व किसान महतो आदि उपस्थित थे।

## भाजपा सोनारी ने 32 केन्द्रों में मन की बात कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भाजपा सोनारी मंडल द्वारा आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 100 वें संस्करण के निमित्त आज सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में 32 शक्ति केंद्र पर पांच सौ से ज्यादा पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध जनों ने इसमें शामिल होकर मन की बात को सुना और कार्यक्रम को सफलतापूर्वक समपन्न होने में सहायता की। जिसमें मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष निपेन्दर



सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरण वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल लहरी, वरिष्ठ नेता महावीर सिंह,रिता सिंह, सुदीप चौधरी, सोनू ठाकुर, अमिताभ सेनापति, डाक्टर भास्कर जोशी, महामंत्री नारायण प्रसाद, आदि थे।

## साकची में खुला द शॉउट हाउस रेस्टोरेंट, संगीत के साथ लजीज व्यंजन का कांसेप्ट

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को साकची एसएनपी



एरिया बंगाल क्लब रोड़ स्थित उर्मिला टावर में कर्णप्रिय संगीत के साथ लज़ीज़ व्यंजन के नये कांसेप्ट के साथ द शॉउट हाउस रेस्टोरेंट का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन संचालकों के परिजन शांति देवी, अशोक अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, मुरारी लाल अग्रवाल तथा सरिता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। उद्घाटन के मौके पर विमल अग्रवाल, गौरव खंडेलवाल सहित शहर के कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे। इस संबंध में रेस्टोरेंट के संचालक अवशेष अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अमन जायसवाल ने बताया कि तीन मंजिला इस रेस्टोरेंट में शहरवासी दलमा के खूबसूरत नजारा के साथ अनुभवी शेफ द्वारा बेहतरीन गुणवत्ता का भोजन परोसा जाएगा, जिसकी कीमत भी अन्य रेस्टोरेंट की तुलना में कम रखी गयी है। उन्होंने बताया कि यहां कुल 130 लोगों के एकसाथ बैठकर भोजन करने की व्यवस्था है। यहां मुख्यतः कॉन्टिनेंटल, चायनीज़, तंदूरी आदि उपलब्ध रहेगा। रूफ टॉप में प्राइवेट पार्टी की भी व्यवस्था है।

## संस्कृति सोशल वेलफेयर फ़ाउंडेशन का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक संस्था संस्कृति सोशल वेलफेयर फ़ाउंडेशन के द्वारा जेमको गुरुद्वारा में आज निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया किया गया। शिविर प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक हुआ। जिसमे अलग-अलग विभाग के 8 से 10 डॉक्टर मरीजों का निःशुल्क इलाज किये तथा दवाइयाँ भी मुफ्त प्रदान किया। चिकित्सकों में जेनरल फिजिशियन, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र-रोग विशेषज्ञ, दंत-रोग विशेषज्ञ, ईएनटी रोग विशेषज्ञ; होम्योपैथिक चिकित्सक, एवं फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ प्रमुख शिविर में 356 लोगों को चिकित्सा हुआ। नेत्र में 34 मोतियाबिंद को चिन्हित किया गया। संस्कृति फाउंडेशन के अध्यक्ष मुनमुन चक्रवती ने कहा प्रत्येक माह इस तरह के शिविर का आयोजन होगा। अतिथि के रूप कांग्रेस वरीय जिला उपाध्यक्ष बबलू झा ने कहा संस्था नेक कार्य कर रही है, जिससे जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क लाभ मिल रहा है।



## झारखंड क्रिकेट अकादमी का समर कैंप 20 मई से निर्मल महतो स्टेडियम में

**बच्चों को मोबाइल गेम से दूर कर मैदान में खेलने के लिए प्रेरित करना कैंप का उद्देश्य**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को उभारने और उन्हें मोबाइल गेम से दूर कर मैदान में खेलने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से झारखंड क्रिकेट अकादमी (जेसीए) उलियान ने आगामी 20 मई से 30 मई तक निर्मल महतो स्टेडियम में दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन करेगी। समर कैंप में योगा, आउटिंग, डांस (जुम्बा), म्यूजिक, फन गेम्स, क्रिकेट आदि खेल में बच्चें को अपनी प्रतिभा उभाने का मौका मिलेगा। यह कैंप



जेसीए के कोचों के द्वारा और एडमिनिस्ट्रेटर डेब्रोटो मुखर्जी (नाथू सर) के देखरेख में आयोजन किया जायेगा। समर कैंप सुबह 6-8 बजे तक होगा। इस समर कैंप में 5 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चें भाग ले सकते है। फार्म 3 मई से 10 मई 2023 तक मिलेगा और फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 मई है। किसी भी तरह की जानकारी के लिए 9835306432, 7488839568 पर संपर्क कर सकते है।

## जिला उपाध्यक्ष बबलू झा ने अंतरराष्ट्रीय पहलवानों के मांगो को दिया समर्थन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष बबलू झा ने कहा कि हमने अपने अंतराष्ट्रीय पहलवानों का समर्थन देना चाहिए। दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे अंतराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल कर देश का सर उज्जवल और सीना चौड़ा करने वाले कुश्ती खिलाड़ी आज अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। कभी गोल्ड मेडल हासिल करने की खुशी में आंसू छलकते थे और आज इंसाफ के लिए पीड़ा में बह रहे हैं । बहुत ही हृदय विदारक है। मैं भारत सरकार से अपील करता हूं इन खिलाड़ियों की सभी मांगों को संवेदना से सुनकर कार्रवाई की जाए। जब देश के जम्मू और कश्मीर के तत्कालीन राज्य के अंतिम राज्यपाल सत्य पाल मलिक



एवम प्रियंका गाँधी वाद्रा उनकी बातों को सुन सकती है तो देश के प्रधान सेवक क्यूं नहीं। इन्हें न्याय दिया जाए हमारे खिलाड़ी देश के गौरव हैं। 5 बार बीजेपी से सांसद रह चुके 66 साल के बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ़्तारी टालने के पीछे 2024 का चुनाव है। मोदीजी ने अगर सिंह जी पर कोई एक्शन लिया तो बीजेपी को बनारस, गोरखपुर समेत पूर्वांचल की कई सीटों पर झटका लग सकता है।

## स्वच्छता को लेकर छात्रों ने अपनी कल्पनाओं को कागज पर उकेरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रविवार को परसुडीह पेट्रोल पंप पर एक चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संत रॉबर्ट स्कूल, राजेन्द्र बालिका मध्य विधालय, लिटिल हार्ट स्कूल, उड़िया स्कूल, श्यामा प्रसाद स्कूल के लगभग 55 छात्र छात्राएं शामिल हुए। छात्रों ने एक से बढ़कर एक चित्र के माध्यम से अपना मुहल्ला, शहर और देश कैसे साफ सुथरा रहे अपनी भावना को प्रकट किया। मौके पर मौजूद बतौर अतिथि समाजसेवी कवि लखन विक्रांत, मंगल पात्रों, त्रिदेव चटराज, अमित सात्रा गौतम शील, जोगो, सुभाष हुई, रंजन सिंह ने बच्चों को स्वच्छता के टिप्स बताये। चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेताः- ग्रुप ए में प्रथम सरिता सोय, द्वितीय दुबराज मांझी एवं तृतीय अंजलि कुमारी, एवं ग्रुप बी में प्रथम प्रीति कुमारी, द्वितीय शिवानी भूमिज एवं तृतीय बसंती बारी तथा ग्रुप सी में



प्रथम सुमन मुंडा, द्वितीय मनीषा विरूवा एवं तृतीय सोनिया कर्मकार रही। इसी प्रकार क्विज प्रतियोगिता में प्रथम अंजलि कुमारी, द्वितीय सुहाना गोप एवं तृतीय स्थान पर सरिता गोप रही। सभी विजेताओं को युवा समाजसेवी विकास गुप्ता द्धारा पुरस्कृत किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन राजेन्द्र साह राज ने किया।

## पीएम के मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण में सासंद समेत सैकड़ों लोग हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** भाजपा के पटमदा मंडल कमेटी की ओर से रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें एपिसोड पर विशेष समारोह का आयोजन महुलबना स्थित शिव मंदिर परिसर में किया गया। मंटू चरण दत्त की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो एवं अन्य अतिथियों में जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, प्रमुख बालिका सोरेन, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, महावीर महतो, शिवचरण सिंह सरदार, संदीप



कुमार मिश्र, कृपासिंधु महतो व गिरिजा प्रसाद मिश्र आदि शामिल हुए। मौके पर सैकड़ों महिला-पुरुषों ने पीएम के मन की बात को ध्यानपूर्वक सुना। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को केवल देश ही नहीं विदेशों में भी पहचान दिलाई है। इससे रोजगार के रास्ते भी खुले हैं और लोग आत्मनिर्भर भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार विशेष समारोह का आयोजन इसलिए ग्रामीण क्षेत्र में हुआ क्योंकि यहां के लोग शहरों की तुलना में कम जागरूक हैं।

## गम्हरिया में माता जानकी जन्मोत्सव का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** मिथिला विकास मंच की ओर से छोटा गम्हरिया में माता जानकी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर सदस्यों ने माता जानकी के चित्र पर माल्यार्पण कर मिथिला विधि-विधान के अनुसार पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ उनकी पूजा-अर्चना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंच के अध्यक्ष फुलकान्त झा ने माता जानकी की मिथिला प्रांत से सम्बन्धो की चर्चा करते हुए मिथिलावासियों के लिए यह गौरव बताया। इस मौके पर पंडित बद्री नारायण झा, दिलीप ठाकुर, संजय चौधरी, दीपक चन्द्र मिश्रा के अलावा मंच के कई सदस्य उपस्थित थे।

## एक्सएलआरआइ के दिल्ली-एनसीआर कैंपस के दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन

# कॉरपोरेट वर्ल्ड में आइक्यू व इक्यू के साथ एसक्यू भी है जरुरी : डॉ जोशी

**एचपीसीएल के चेयरमैन को मिला फादर इ अब्राहम मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड मैनेजमेंट डेवलपमेंट का खिताब**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शनिवार को एक्सएलआरआइ के दिल्ली कैंपस में संस्थान के दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम (बीएम) के कुल 107 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एचपीसीएल के चेयरमैन डॉ पुष्प कुमार जोशी उपस्थित थे. संस्थान की ओर से उन्हें फादर इ अब्राहम मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड मैनेजमेंट



डेवलपमेंट से भी नवाजा गया. उन्होंने संस्थान के सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉरपोरेट लाइफ जीवन का एक छोटा सा अंश है. डॉ जोशी ने कॉरपोरेट लाइफ व सामान्य जीवन में संतुलन बनाने का आह्वान किया.



कहा कि आम तौर पर एक इंसान में आइक्यू व इक्यू की काफी डिमांड होती है, लेकिन इसके अलावा हर इंसान में एसक्यू ( स्प्रीचुअल क्वांटिनेंट्स ) के होने पर बल दिया. उन्होंने डिग्री हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी साथ ही कहा कि वे अपने जीवन के एक-एक पल को सकारात्मक दिशा में कार्य करने में लगाएं. इससे पूर्व एक्सएलआरआइ दिल्ली-एनसीआर कैंपस के डायरेक्टर फादर केएस काश्मीर ने वार्षिक प्रतिवेदन पेश करते हुए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट से संबंधित बातें कही. कहा कि प्लेसमेंट के मामले में एक्सएलआरआइ का नाम देश के टॉप 10 मशहूर इंस्टीट्यूट में शामिल हैं. वहीं, एक्सएलआरआइ जमशेदपुर कैंपस के डायरेक्टर फादर एस. जॉर्ज ने सभी को संबोधित करते हुए प्रोफेशनल लाइफ में हमेशा पर्वतारोही की तरह आगे बढ़ते रहने का आह्वान किया. मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की ओर से तीन गोल्ड मेडल दिये गये. जिसमें ओवरऑल एकेडमिक एक्सीलेंस का अवार्ड युद्धवीर मलिक, एकेडमिक एक्सीलेंस फॉर वीमेन का खिताब आरा शाह जबकि ऑलराउंडर स्टूडेंट का पुरस्कार ऋषिकेश प्रमोद नायर को दिया गया.

## शकुंतला हिन्दी साहित्य व सांस्कृतिक दर्पण के तत्वावधान में कवि सम्मेलन संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** तुलसी भवन में शकुंतला हिन्दी साहित्य एवं सांस्कृतिक दर्पण के तत्वावधान में कवि सम्मेलन शानदार और सफल रहा। सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। संस्था की संस्थापक अध्यक्ष और ख्याति प्राप्त कवयित्री अंकिता सिन्हा ने अतिथियों को सम्मानित किया। साथ ही अतिथियों द्वारा कवि और कवित्रियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कर्नल आर पी सिंह अध्यक्ष, पूर्व सैनिक समाज कल्याण संघ सह झारखंड पेंशनर कल्याण महासंघ भारत के राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी



द्वारा 1978 में सम्मानित और दो सेनाध्यक्षों द्वारा कोम्मेंडेशन कर्ड से भी सम्मानित इनकी उपस्थिति से मंच को ऊंचाई प्रदान हुई। उद्घाटनकर्ता भगवान सिंह प्रधान सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं मानगो गुरुद्वारा के प्रधान रहे। विशिष्ट अतिथि राम प्रवेश प्रसाद अवकाश प्राप्त पी एच ई डी विभाग झारखंड सरकार रांची से उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि उषा सिंह सामाजिक एवम पर्यावरण सुरक्षा में सक्रिय मंच पर उपस्थित रही। अरविंद कुमार राष्ट्पति पदक प्राप्त पुलिस उपाधीक्षक झारखंड पुलिस की मौजूदगी में कवि सम्मेलन सफल रहा। विजय सिंह राणा अध्यक्षत यू पी संघ (मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल)अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज किए।

## संपादकीय

# व्यवस्था परिवर्तन की लागत

इस कोशिश में सुराग बहुत हैं। तेरे दर्पण में आज़ार बहुत हैं'। हिमाचल में व्यवस्था परिवर्तन अब नारे से जुबान पर और इम्तिहान से सत्ता की कमान तक अपने संदर्भों की वकालत कर रहा है। हिमाचल के राजनीतिक इतिहास को बदले बिना व्यवस्था परिवर्तन की लागत अदा नहीं हो सकती। सुक्खू सरकार की दिशा और शासन का निर्देशन इतना आसान नहीं कि ढर्रे पर अब तक चली सरकारों की परिपाटी से अलग होने का दस्तूर यूं ही मंजर हो जाए। मेडिकल कालेजों में व्यवस्था परिवर्तन प्रिंसीपल के दायित्व को जिस तरह पेश कर रहा है, उससे कार्य विभाजन की पूरी परिपाटी बदल सकती है। आइंदा प्रिंसीपल का दायरा मेडिकल की पढ़ाई और चिकित्सा के उत्कृष्ट लक्ष्यों की लिखाई करने के लिए बाध्य होगा, जबकि मेडिकल कालेजों का प्रशासनिक व वित्तीय प्रबंधन अब से प्रशासनिक अधिकारियों की जेब में होगा। यह विभाजन कितना उचित-अनुचित है, इससे कहीं आगे विचार यह करना होगा कि स्थायी रूप से मेडिकल कालेज व्यवस्था कैसे चल पाएगी। पिछले बीस सालों से कई नए मेडिकल कालेज अपने निर्माण की प्रकिया से गुजरते हुए, प्राचार्यों की शक्तियों को एक तरह से इतना स्वतंत्र और सर्वाधिकार संपन्न बना चुके हैं कि वे अपनी प्राथमिक भूमिका भूल कर निर्माण कंपनी के सीईओ बने नजर आते हैं। ऐसे कई अन्य विभागों में भी लक्ष्यों के विपरीत आला अधिकारी माथा पच्ची कर रहे हैं, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन की कुंजी अगर नौकरशाहों के पास ही रहेगी, तो लालफीताशाही का वर्चस्व बढ़ सकता है। इससे पहले भी प्रबंधकीय जरूरतों में कई निगमों ओर बोर्डों की ओहदेदारी में नौकरशाही के दखल से वित्तीय कचूमर निकल गया है। मंदिर प्रबंधन भी एक उदाहरण है जहां प्रशासनिक बागडोर ने व्यवस्था को अस्थायी बनाए रखा। ऐसे में प्रबंधकीय बंटवारे में मेडिकल कालेजों में अगर प्रिंसीपलों की शक्तियां घटानी ही हैं, तो कुशल संचालन के लिए एमबीए उपाधि प्राप्त मैनेजरों को मौका मिलना चाहिए।

सुक्खू सरकार की दिशा और शासन का निर्देशन इतना आसान नहीं कि ढर्रे पर अब तक चली सरकारों की परिपाटी से अलग होने का दस्तूर यूं ही मंजर हो जाए। मेडिकल कालेजों में व्यवस्था परिवर्तन प्रिंसीपल के दायित्व को जिस तरह पेश कर रहा है, उससे कार्य विभाजन की पूरी परिपाटी बदल सकती है। आइंदा प्रिंसीपल का दायरा मेडिकल की पढ़ाई और चिकित्सा के उत्कृष्ट लक्ष्यों की लिखाई करने के लिए बाध्य होगा, जबकि मेडिकल कालेजों का प्रशासनिक व वित्तीय प्रबंधन अब से प्रशासनिक अधिकारियों की जेब में होगा। यह विभाजन कितना उचित-अनुचित है, इससे कहीं आगे विचार यह करना होगा कि स्थायी रूप से मेडिकल कालेज व्यवस्था कैसे चल पाएगी। पिछले बीस सालों से कई नए मेडिकल कालेज अपने निर्माण की प्रकिया से गुजरते हुए, प्राचार्यों की शक्तियों को एक तरह से इतना स्वतंत्र और सर्वाधिकार संपन्न बना चुके हैं कि वे अपनी प्राथमिक भूमिका भूल कर निर्माण कंपनी के सीईओ बने नजर आते हैं।

सुक्खू सरकार का यह फैसला भले ही स्वागत योग्य है, लेकिन पूरी परिकल्पना को मजबूत आधार देने के लिए निजी क्षेत्र के संस्थानों से सीखना होगा। निजी स्कूल, कालेज या अस्पताल की कामयाबी उसके शिक्षकों, लेक्चरारों या डाक्टरों के ऊपर ही निर्भर नहीं करती, बल्कि कुशल प्रबंधन से क्षमता में निखार आता है। सरकारी स्कूल-कालेजों के अलावा अस्पतालों व मेडिकल कालेजों की प्रबंधकीय व्यवस्था में अगर एमबीए या इस तरह की पढ़ाई से निकले अनुभवी एक्सपर्ट के सुपुर्द की जाए, तो नतीजे चमत्कारिक होंगे। बहरहाल यह तो मानना पड़ेगा कि सुक्खू सरकार सरकारी तंत्र की शिथिल हो चुकी पद्धति में प्रशासनिक नवाचार की दिशा में बढ़ रही है, फिर भी व्यवस्था परिवर्तन की लागत के बिना यह संकल्प पूरा नहीं होगा। इस हिसाब से दिशा परिवर्तन के हर विकल्प को सियासी, आर्थिक, सामाजिक व भौगोलिक चुनौतियों से रू-ब-रू होना पड़ेगा। सुशासन की कठिन राह पर राजनीतिक देनदारियां पहले ही सरकार को परीक्षा में डाल चुकी हैं। प्रदेश में नौकरशाही व अफसरशाही के चलते ढर्रा केंकड़े की तरह रहा है। यह दीगर है कि व्यवस्था परिवर्तन में संभावनाएं हैं, लेकिन इसके विरोध में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा भी है। सुक्खू सरकार के गठन में गारंटियों की गांठों को खोलने का अभिनव प्रयोग, अभी तक कई प्रयोगों से गुजर रहा है, तो विपक्ष ने अपनी सक्रियता से वर्तमान सत्ता के सामने राजनीति के प्रश्न बड़े कर दिए हैं। ऐसे में हिमाचल की प्रयोगशाला में कांग्रेस की श्रेष्ठ भूमि उस तप से निर्धारित होगी जिसे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह कठोरता व प्रतिबद्धता से निभाने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी ओर मुख्यमंत्री को अपने समर्थन में ऐसी राजनीतिक तथा सामाजिक परिस्थितियां खड़ी करने की चुनौती रहेगी, जिन्हें व्यवस्था परिवर्तन के हिसाब से सफल निष्कर्ष तक पहुंचाना होगा। यह नीतियों के पारदर्शी अंदाज, फैसलों के सफल कार्यान्वयन, सामाजिक सहमति के उद्गार, वित्तीय अनुशासन के नए प्रकार और हर वर्ग से न्याय करते हुए हासिल किया जा सकता है।

## अमृत कलश

# धर्म ही सेवा

मैं नहीं कहता हूं कि सेवा धर्म है। मैं जरूर कहता हूं कि धर्म सेवा है। अगर कोई व्यक्ति धर्म को उपलब्ध हो, तो उसके जीवन में जो भी है, वह सब सेवा बन जाता है, लेकिन तब वह कांशस नहीं होता; तब वह सुबह से निकलता नहीं है खोज करने कि किसकी सेवा करें। तब वह जीवन में जीता है, और उसके जीने से, जितना भी उसका जीना है, उसकी चर्या है, उसकी श्वास भी लेनी है, वह सब अनजाने ही, बिना पता चले, सेवा बन जाती है। जहां य में प्रेम है, वहां व्यक्ति में सेवा है। फिर वह सेवा दिखाई पड़े, अखबारों में उसकी खबर छपे, फोटो निकाला जाए, फोटोग्राफर तैयार रहे जब सेवक सेवा करता हो। क्योंकि आजकल कोई सेवक बिना फोटोग्राफर के सेवा नहीं करता, यह आपको मालूम है। फोटोग्राफर को पहले खबर कर आता है कि आज हम सेवा करने जा रहे हैं। फिर इसी तरह के धोखेबाज सेवकों की जमात नेता हमेशा बन जाती है। हम तो देख रहे हैं, हिंदुस्तान में यह हो गया। जिनको हम उन्नीस सौ सैंतालीस के पहले सेवक की तरह जानते थे, उन्नीस सौ सैंतालीस के बाद एक आधी रात के परिवर्तन में वे सब एकदम मालिक हो गए। और तब उनका असली रूप हमें दिखाई पड़ा कि ये जो सेवक मालूम पड़ते थे, ये सुबह बैठ कर चरखा चलाते थे, हरिजन कालोनी की सफाई करते थे ये आदमी बिल्कुल दूसरे सिद्ध हुए।

## बोध कथा

# लघुता-विराटता का संदेश

हनुमान जी मां जानकी को ढूंढ़ते-ढूंढ़ते श्रीलंका में अशोक वाटिका में वहां पहुंचते हैं, जहां मां सीता रावण की कैद में थी। हनुमान जी ने छोटे वानर का रूप धारण किया। उन्होंने मां जानकी को अपनी पहचान स्वरूप प्रभु श्रीराम की मुद्रिका देते हुए हाथ जोड़कर कहा, 'हे माते ! मैं श्रीरामचंद्र जी का दूत हूं। भगवान राम यथाशीघ्र आपको संकट से मुक्त कराने के लिए यहां आएंगे।' श्री राम की अंगूठी देखकर मां सीता की आंखों से आंसू बहने लगे। वे रुंधे स्वर में बोलीं, 'हे वानर श्रेष्ठ हनुमान जी ! तुम्हारा कल्याण हो। परंतु मैं सोचती हूं कि श्री राम जी की सेना में शामिल तुम जैसे छोटे-छोटे वानरों की सहायता से वे मेरी किस प्रकार रक्षा कर पाएंगे ? यहां तो रावण के अति विशालकाय क्रूर शक्तिशाली राक्षस हैं।' मां सीता का संशय दूर करने के लिये हनुमान जी अति विराट हो गए। सीता माता छोटे से दिखने वाले वानर का यह अति विराट रूप देख कर अत्यंत प्रसन्न हुईं और हनुमान जी से पूछा, 'बेटा जब तुम इतने विराट और शक्तिशाली हो तो मेरे पास यह साधारण-सा लघु रूप धारण कर क्यों आये।' हनुमान जी ने कहा, 'मां ! बेटा कितना भी बड़ा हो जाए मां के लिए तो वह छोटा ही होता है। लेकिन जब क्रूर अत्याचारी सामने होगा, तब मैं इसी विराट शक्तिशाली रूप में सामने हूंगा। श्रेष्ठ के आगे लघु और बुराई के आगे विराट ताकि वह आक्रमण की हिम्मत ही न जुटा पाए।'

## जम्मू-कश्मीर में जी-20 सम्मेलन से पहले एक सुनियोजित हमला बताया जा रहा

# कश्मीर का विकास जिन लोगों से देखा नहीं जा रहा, वह घाटी की शांति को भंग कर रहे हैं

ललित गर्ग

कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता की वजह से इसे भारत का स्विट्जरलैंड भी कहा जाता है। इसी कारण यहां हर साल हजारों की संख्या में भारतीय और विदेशी पर्यटक आते हैं। हर किसी का सपना होता है कि वह चारों तरफ से खूबसूरत वादियों से घिरा हुआ जम्मू-कश्मीर की सुंदरता को एक बार तो जरूर देखें। यहां की बर्फीली पहाड़ियां, शांत वातावरण और खूबसूरत नजारे इस वादी की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं, यहां का मौसम साल भर सुहावना बना रहता है। यहां का शांत वातावरण, हरा-भरा पहाड़ी परिदृश्य, वनस्पतियां, झील और नदी इस वैली को जन्नत बनाने का काम करती हैं। प्रकृति की असल खूबसूरती आप यहां आकर देख सकते हैं। प्रदूषण रहित यह स्थल आपको आत्मिक और मानसिक शांति का अनुभव कराएगा।

कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है। यहां के बर्फ से ढके पहाड़ और खूबसूरत झीलें पर्यटकों आकर्षित करती हैं। कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता की वजह से इसे भारत का स्विट्जरलैंड भी कहा जाता है। इसी कारण यहां हर साल हजारों की संख्या में भारतीय और विदेशी पर्यटक आते हैं। हर किसी का सपना होता है कि वह चारों तरफ से खूबसूरत वादियों से घिरा हुआ जम्मू-कश्मीर की सुंदरता को एक बार तो जरूर देखें। यहां की बर्फीली पहाड़ियां, शांत वातावरण और खूबसूरत नजारे इस वादी की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं, यहां का मौसम साल भर सुहावना बना रहता है। यहां का शांत वातावरण, हरा-भरा पहाड़ी परिदृश्य, वनस्पतियां, झील और नदी इस वैली को जन्नत बनाने का काम करती हैं। प्रकृति की असल खूबसूरती आप यहां आकर देख सकते हैं। प्रदूषण रहित यह स्थल आपको आत्मिक और मानसिक शांति का अनुभव कराएगा। लेकिन इन शांत एवं खूबसूरत वादियों में पडोसी देश पाकिस्तान एवं तथाकथित उन्मादी तत्व आतंक की घटनाओं को अंजाम देकर अशांति फैलाते रहते हैं। ऐसे ही जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में एक आतंकी हमले के बाद सेना के वाहन में आग लगने से पांच जवान शहीद हो गए, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। नागरोटा में तैनात सेना की 16वीं कोर ने शहीद हुए सैनिकों की पहचान हवलदार मंदीप सिंह, लांसनायक देबाशीश बस्वाल, लांसनायक कुलवंत सिंह, सिपाही हरकृष्ण सिंह और सिपाही सेवक सिंह के रूप में बताई है। शहीद हुए पांच सैनिकों में से चार पंजाब के और एक ओडिशा का रहने वाला था। देबाशीश बस्वाल ओडिशा के अलगुम सामिल खंडायत के निवासी थे, जबकि मंदीप सिंह पंजाब के चानकोईयां काकन गांव के, हरकृष्ण सिंह तलवंडी बारथ गांव के, कुलवंत सिंह चारिक के और सेवक सिंह वाघा के रहने वाले थे। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने वाहन पर गोलियों के निशान देखे हैं और वहां से ग्रेनेड के टुकड़े बरामद हुए हैं, जिससे इसके आतंकी हमला होने की पुष्टि हुई है। लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर के पुंछ इलाके में हुए इस आतंकी



हमले की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इसे जम्मू-कश्मीर में जी-20 सम्मेलन से पहले एक सुनियोजित हमला बताया जा रहा है। यह हमला ऐसे समय में किया गया, जब भारत इस साल जी-20 समिट की अध्यक्षता कर रहा है। इसके तहत लेह में 26 से 28 अप्रैल को और श्रीनगर में 22 से 24 मई को बैठक होनी है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के ट्रक पर हुआ आतंकी हमला इसी माह लेह में और अगले महीने श्रीनगर में होने वाली जी-20 समिट की बैठकों को रद्द कराने की साजिश के तहत किया गया था। मैंने हाल ही अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार करने में जुटी है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही हैं, बल्कि पिछले 8 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ लोगों को बन्दूक से सन्दूक तक एवं आतंक से अमन-चैन तक लाने का, बेशक यह कठिन और पेचीदा काम है लेकिन राष्ट्रीय एकता और निर्माण संबंधी कौन-सा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं रहा है? इन कठिन एवं पेचीदा कामों को आसान करना ही तो नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार का जादू रहा है। मोदी कश्मीर को जी-20 की बैठक के लिये चुनकर दुनिया को दिखाना चाहते हैं कि नेतृत्व चाहे तो दुनिया से आतंकवाद को समाप्त किया जा सकता है। इस बैठक में जी-20 सदस्य देशों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कश्मीर सहित समूची दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने का नेतृत्व करके मोदी एक और करिश्मा घटित करने को तत्पर है, पुंछ जैसी घटनाएं उनके इरादों को कमजोर नहीं, बल्कि बलशाली ही बनाती हैं। जिस जगह पर हमला हुआ वहां पर सीमा सड़क संगठन द्वारा एक बोर्ड लगाया गया है जिसमें लिखा है कि हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाएं, इस बोर्ड के ऊपर भी गोलियों के निशान बने हुए हैं। जहां पर हमला हुआ वहां पर एक बहुत बड़ा पत्थर है इस पत्थर की आड़ लेकर भी आतंकियों ने सैन्य वाहन पर गोलीबारी की। आतंकियों ने जिस जगह पर सैन्य वाहन पर हमला किया उस जगह पर सड़क के नीचे से एक पुलियां गुजरती है जिसमें एक नहीं कई लोग आराम से छिप कर बैठ सकते हैं। सड़क के किनारे पर अभी भी सामान बिखरा हुआ पड़ा है। जबकि सड़क के दोनों तरफ काफी घना जंगल है जिसके अंदर आतंकी सुरक्षित शरण लेकर अपने ठिकानों तक पहुंच सकते हैं। 15 अगस्त 47 के दिन से ही पड़ोसी देश पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्ठाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति 'कश्मीर' पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है। कश्मीर को अशांत करने का कोई मौका वह खोना नहीं चाहता। आज के दौर में उठने वाले सवालों में ज्यादातर का जवाब केंद्र सरकार को ही देना है, उसने सटीक जवाब देकर आतंकियों के मनसूंबों को ढेर किया है, पड़ोसी देश की गर्दन को मरोड़ा भी है। यह बात भी सही है कि इस मसले को दलगत राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए।

# विपक्षी एकता के प्रयासों को झटका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेता कर्नाटक चुनाव सहित अन्य सार्वजनिक सभाओं में विपक्षी दलों की एकता को नापाक करार देते हुए हमले का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। भाजपा की लगातार विजय में यह प्रमुख मुद्दा रहा है। अपराध और भ्रष्टाचार के मामले में विपक्षी दल भाजपा के हाथों मात खाते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और अन्य भाजपा नेता जिस तरह लगातार ऐसे मुद्दे उठा रहे हैं, उससे जाहिर है कि आगामी लोकसभा चुनाव में विकास के साथ विपक्षी दलों के दागदार मामले प्रमुख मुद्दा रहेंगे। विपक्षी दलों के सामने यक्ष प्रश्न यही है कि एकजुटता की शुरुआत कैसे हो। यह निश्चित है कि सीटों के बंटवारे के अलावा भ्रष्टाचार और अपराधों सहित अन्य मुद्दों पर जब तक कोई सहमति नहीं बन जाती तब तक विपक्षी एकता कोरा दिखावटी प्रयास ही रहेगी।

बिहार की नीतिश कुमार सरकार के जेल नियमों में संशोधन करने से कुख्यात बाहुबली आनंद मोहन सिंह की रिहाई हो गई। इस गैंगस्टर पर गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की हत्या में शामिल होने का आरोप था। सिंह सहित 27 दोषियों को इस संशोधन का फायदा मिला। बाहुबली सिंह 1994 में गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। दलित आईएएस अधिकारी जी. कृष्णैया की भीड़ ने पिटाई की और गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस भीड़ को आनंद मोहन ने उकसाया था। साल 2007 में पटना हाईकोर्ट ने उसे दोषी ठहराया और फांसी की सजा सुनाई। आजाद भारत में यह पहला मामला था जिसमें एक राजनेता को मौत की सजा दी गई थी। हालांकि 2008 में इस सजा को उम्रकैद में तब्दील कर दिया गया। आनंद मोहन सिंह को बिहार में जाति विशेष का एक बड़ा नेता माना जाता है। जाति विशेष के मतदाताओं को साधने के इरादे से आनंद मोहन को रिहा किया करवाया गया, ताकि नीतिश सरकार के प्रति उनकी जाति के मतदाताओं की सहानुभूति को चुनावों में बटोरा जा सके। नीतिश कुमार भाजपा के खिलाफ देश के विपक्षी दलों की एकता की कवायद में जुटे हुए हैं।

यही वजह है कि भ्रष्टाचार और अपराध जैसे कारणों से भाजपा विपक्षी दलों को निशाने पर लेती रही है। इसका मौका विपक्षी दलों ने ही भाजपा को कई बार थमाया है। विपक्षी एकता में विपक्षी दलों के ऐसे स्वार्थपरक निर्णय ही बाधा बन कर खड़े हैं। मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने अपराधियों के साथ गठजोड़ करके भाजपा को एक नया मुद्दा थमा दिया। भाजपा इसका तुलनात्मक प्रचार करके विपक्षी दलों का पर्दाफाश करने में लगी है। एक तरफ बिहार है. जहां बाहुबली से राजनीतिक फायदा उठाने के लिए कानून बदल दिया गया। वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने गैंगस्टर्स के सफाए में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ रखी। उत्तर प्रदेश पुलिस ने दुर्दांत अपराधी अतीक अहमद के गैंगस्टर बेटे और उसके साथी को मुठभेड़ में मार गिराया। संयोग से अतीक और उसका भाई भी एक हमले में मारे गए।

इससे पहले भी उत्तर प्रदेश पुलिस मुठभेड़ में दर्जनों खतरनाक अपराधियों का सफाया कर चुकी है। हालात यह हैं कि उत्तरप्रदेश में अपराधी डर के मारे जेल से जमानत तक लेने से हिचक रहे हैं। गैंगस्टर रहे आनंद मोहन की रिहाई से अंदाजा लगाया जा सकता है कि गठबंधन की कवायद में लगे विपक्षी दल अपनी सत्ता को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। क्षेत्रीय दलों के लिए अपने हित सर्वोपरि हैं।

संकीर्ण हितों के कारण ही क्षेत्रीय दल भारतीय जनता पार्टी को कोसने के बावजूद एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। इस मामले में बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने फिर से पहल की है। नीतिश कुमार ने बिहार के राजद नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से मुलाकात की। इसके बाद राहुल गांधी ने मल्लिकार्जुन खडग़े और जेडीयू और आरजेडी नेताओं के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। जिसमें कहा गया कि वे एक साथ खड़े हैं, भारत के लिए एक साथ लड़ेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी 2024 के चुनावों से पहले अन्य दलों के साथ तालमेल बिठाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने पिछले महीने कोलकाता में अपने आवास पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। साथ ही वे लगातार विपक्षी एकता की बात कर रही हैं।

विपक्षी दलों ने इससे पहले भी भाजपा को घेरने के इरादे से प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की कार्रवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कह दिया देश के आम नागरिक और नेताओं में कोई फर्क नहीं है। नेताओं के लिए अलग से आदेश नहीं दिए जा सकते। इस पर विपक्षी दल याचिका वापस लेने को मजबूर हो गए। सुप्रीम कोर्ट से मिले तगड़े झटके के बाद विपक्षी दलों के एकता के नए सिरे से प्रयास जारी हैं। विपक्षी एकता का धरातल इतना कमजोर है कि क्षेत्रीय दलों की आपस में और कांग्रेस से पटरी नहीं बैठ पा रही है। क्षेत्रीय दलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती है सभी गैर भाजपा दलों को एकजुट करना है। इस बाधा को पार करने के बाद न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय करना है।

पहली बाधा ही विपक्षी दलों के लिए हिमालय जैसी है। चुनावी एजेंडा तय करने में विपक्षी दलों को अपराध, भ्रष्टाचार सहित ऐसे कई बड़े मुद्दों से जूझना पड़ेगा, जिसमें ज्यादातर नेता प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेता कर्नाटक चुनाव सहित अन्य सार्वजनिक सभाओं में विपक्षी दलों की एकता को नापाक करार देते हुए हमले का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। भाजपा की लगातार विजय में यह प्रमुख मुद्दा रहा है।

अपराध और भ्रष्टाचार के मामले में विपक्षी दल भाजपा के हाथों मात खाते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और अन्य भाजपा नेता जिस तरह लगातार ऐसे मुद्दे उठा रहे हैं, उससे जाहिर है कि आगामी लोकसभा चुनाव में विकास के साथ विपक्षी दलों के दागदार मामले प्रमुख मुद्दा रहेंगे। विपक्षी दलों के सामने यक्ष प्रश्न यही है कि एकजुटता की शुरुआत कैसे हो। यह निश्चित है कि सीटों के बंटवारे के अलावा भ्रष्टाचार और अपराधों सहित अन्य मुद्दों पर जब तक कोई सहमति नहीं बन जाती तब तक विपक्षी एकता कोरा दिखावटी प्रयास ही रहेगी। विपक्षी दल भाजपा के दामन में दाग ढूंढने के बजाय जब तक अपने स्वार्थों से ऊपर उठ कर राष्ट्रीय हित में निर्णय नहीं करेंगे, तब तक भाजपा एकता के उनके प्रयासों को कटघरे में खड़ा करती रहेगी। विपक्ष की फूट का लाभ भी भाजपा उठा रही है।

## नागरिक बोध

# मन की बात ने दोतरफा संवाद की जो व्यवस्था कायम की उससे लोकतंत्र और मजबूत हुआ

राजनेता तमाम परियोजनाएं और कार्यक्रम शुरू करते हैं लेकिन उन्हें इस बात की फिक्र नहीं होती कि उसमें से कितनी परियोजनाएं पूरी होती हैं या कितने कार्यक्रम बिना किसी बाधा के निरंतर चलते हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंदाज सबसे अलग है। वह जो परियोजनाएं शुरू करते हैं उसका शिलान्यास से लेकर उद्घाटन तक वह करते हैं। जो कार्यक्रम वह शुरू करते हैं वह निरंतर चलते भी हैं और रिकॉर्ड भी बनाते हैं। अब 'मन की बात' को ही लीजिये। प्रधानमंत्री बनने के बाद देश से सीधा संवाद कायम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन अक्टूबर 2014 को रेडियो पर 'मन की बात' कार्यक्रम शुरू किया था जिसकी सौंवी कड़ी 30 अप्रैल 2023 को प्रसारित हो रही है। मासिक आधार पर प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की सौ कड़ियां पूरी होना एक अनोखा रिकॉर्ड तो है ही साथ ही इससे यह भी प्रदर्शित होता है कि प्रधानमंत्री देश की जनता से सीधे जुड़ने के लिए कितना आतुर रहते हैं। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि 'मन की बात' में मुद्दे उठाने के लिए प्रधानमंत्री देशवासियों से उनके सुझाव आमंत्रित करते हैं, जितने भी सुझाव आते हैं उन्हें वह देखते हैं, इससे उन्हें पता चलता है कि देश में क्या-क्या चल रहा है, क्या नई चुनौतियां और समस्याएं हैं या देश की जनता सरकार के बारे में क्या सोचती है। प्राप्त सुझावों में से बेहतरीन सुझावों का वह अपने कार्यक्रम में जिक्र करते हैं जिससे देशवासी भी खुशी से फूले नहीं समाते। आज के इस आधुनिक युग में जहां हर पल घटनाएं तीव्रता से बदलती हैं और हर कोई तमाम मीडिया या सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से हर विषय पर समाचारों से अवगत रहता है उसके बावजूद लोग यदि सामूहिक रूप से बैठ कर प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने के लिए हर महीने के आखिरी रविवार का इंतजार करते हैं तो यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री के 'मन की बात' ही 'जनता के मन की बात' है क्योंकि देश-दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता होने के बावजूद मोदी ने इस कार्यक्रम को राजनीति से दूर ही रखा है। इस कार्यक्रम में वह देश की प्रगति, चुनौतियों और लक्ष्यों की चर्चा तो करते ही हैं साथ ही आम भारतीयों की उपलब्धियों और उनकी प्रेरक कहानियों से भी देश को रूबरू करवाते हैं। यही नहीं, प्रधानमंत्री की बदौलत रेडियो सुनने वालों की संख्या बढ़ी है और इस माध्यम में उनकी रुचि फिर से जगी है। इस रेडियो कार्यक्रम ने सामुदायिक बंधन को प्रगाढ़ करने में भी मदद की है। प्रधानमंत्री के 'मन की बात' को जनता कितना पसंद करती है इसका अंदाजा हाल के कुछ सर्वेक्षण परिणामों से लग जाता है। आंकड़ों के मुताबिक, लगभग 23 करोड़ लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को हर महीने के आखिरी रविवार को सुनते हैं, जिसमें 65 प्रतिशत श्रोता हिंदी में उनकी बात सुनना पसंद करते हैं।

## देश दुनीया से

# हमारे स्वास्थ्य में मोटे अनाजों की भूमिका

बढ़ती जनसंख्या और जलवायु परिवर्तन के बीच हम भारतीयों की थाली से लुप्त हुए मोटे अनाज अर्थात मिलेट की उपयोगिता को एक बार फिर से बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र को जो प्रस्ताव भेजा था उसको स्वीकार करते हुए संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी में पेश अपने बजट में मोटे अनाज के महत्त्व और भारत के परंपरागत भोजन को पूरी दुनिया में पहचान बनाने के लिए श्री अन्न योजना शुरू करने की बात कही थी। भारत में कई प्रकार के श्री अन्न की खेती होती है, जिसमें ज्वार, रागी, बाजरा, कुट्टू, रामदाना, कंगनी, कुटकी, कोदो, चीना और सामा शामिल हैं। 1960 के दशक में हरित क्रांति के नाम पर भारत के परंपरागत भोजन को हटा कर गेहूं, चावल, मक्कई को बढ़ावा दिया गया। मोटा अनाज खाना बंद कर देने से कई तरह के रोगों के साथ ही देश में कुपोषण भी बढ़ा। कोरोना महामारी के बाद मोटे अनाज की महत्ता को देखते हुए पूरी दुनिया का ध्यान मोटे अनाज की पैदावार पर केंद्रित हुआ है। हाल ही में कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में मोटे अनाज के महत्त्व, उत्पादन और प्रचार के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें किसानों को मोटे अनाज की फसल को उगाने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ लोगों को मोटे अनाज के सेवन से फायदों पर व्याख्या सहित समझाया गया। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने धर्मशाला में आयोजित जी-20 में विदेशी एवं विशिष्ट मेहमानों को मोटे अनाज से बने कुकीज एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आहार परोसा एवं इस दिशा में किए जा रहे शोध एवं अध्ययन से अवगत करवाया। भारत जैसे देश जहां की जनसंख्या चीन से भी आगे निकल चुकी है, में मोटे अनाज का महत्त्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि बढ़ती जनसंख्या के साथ प्राकृतिक संसाधनों की कमी होना स्वाभाविक है। ग्लोबल वार्मिंग के फलस्वरूप हजारों लाखों वर्ष पुराने ग्लेशियर पिघल रहे हैं या पिघलने की कगार पर हैं। इन ग्लेशियर के नीचे लाखों वर्षों से दबे पड़े वायरस नदी-नालों के जरिए हम तक पहुंच कर कभी भी किसी महामारी के रूप में हमला कर सकते हैं। इसलिए हमें हमारे स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहने की जरूरत है। जंक फूड को अलविदा कहकर हमें अपने पारंपरिक भोजन की ओर लौटने की नितांत आवश्यकता है। दूसरी तरफ पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन के कारण पृथ्वी पर पानी का संकट गहराता जा रहा है। नदी-नाले व प्राकृतिक स्त्रोत सूख रहे हैं तो भूमि के भीतर जलस्तर नीचे जा रहा है। ऐसे में धान एवं गेहूं की खेती करना किसान के लिए किसी जोखिम से कम नहीं। मोटे अनाज को उगाने के लिए ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती है। यह फसल पानी की कमी होने पर खराब भी नहीं होती है और ज्यादा बारिश होने पर भी इसे ज्यादा नुकसान नहीं होता है। मोटे अनाज की फसल खराब होने की स्थिति में भी यह पशुओं के चारे के काम आ जाती है। बाजरा और ज्वार जैसी फसलें बहुत कम मेहनत में तैयार हो जाती हैं। आर्गेनिक खेती के विकल्प के रूप में भी मोटे अनाज की फसल को देखा जा सकता है क्योंकि मोटे अनाज वाली फसलों में रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों का प्रयोग करने की जरूरत नहीं होती है। इसी के साथ ही इन फसलों के अवशेष पशुओं के चारे के काम आते हैं। इसलिए इनको धान की पराली की तरह जलाना नहीं पड़ता और पर्यावरण प्रदूषण से भी बचा जा सकता है। कोरोना के बाद मोटे अनाज इम्युनिटी बूस्टर के रूप में प्रतिष्ठित हुए हैं। इन्हें सुपरफूड भी कहा जाने लगा है। प्रदेश सरकार को भी मोटे अनाज की फसल को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रकार की योजनाएं बनाने की जरूरत है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी में पेश अपने बजट में मोटे अनाज के महत्त्व और भारत के परंपरागत भोजन को पूरी दुनिया में पहचान बनाने के लिए श्री अन्न योजना शुरू करने की बात कही थी। भारत में कई प्रकार के श्री अन्न की खेती होती है, जिसमें ज्वार, रागी, बाजरा, कुट्टू, रामदाना, कंगनी, कुटकी, कोदो, चीना और सामा शामिल हैं। 1960 के दशक में हरित क्रांति के नाम पर भारत के परंपरागत भोजन को हटा कर गेहूं, चावल, मक्कई को बढ़ावा दिया गया। मोटा अनाज खाना बंद कर देने से कई तरह के रोगों के साथ ही देश में कुपोषण भी बढ़ा। कोरोना महामारी के बाद मोटे अनाज की महत्ता को देखते हुए पूरी दुनिया का ध्यान मोटे अनाज की पैदावार पर केंद्रित हुआ है। हाल ही में कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में मोटे अनाज के महत्त्व, उत्पादन और प्रचार के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# कोयला का अवैध परिवहन करने वाले 9 गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** लातेहार जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार और बालूमाथ पुलिस की दो अलग-अलग टीमो ने अवैध कोयला परिवहन के विरूद्ध छापेमारी अभियान चलाकर अवैध कोयला लदे मोटरसाइकिल को जब्त किया है। एवं मौके पर से नौ लोगो को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ एसडीपीओ अजित कुमार ने बताया कि अवैध रूप से कोयला परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान लगाया गया था। जहां बालूमाथ थाना क्षेत्र के नगड़ा ओवर ब्रिज और बसिया ओभरब्रिज सहित बालूमाथ थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के पास अवैध कोयला लदे मोटरसाइकिल को जप्त किया गया ।वही इस अवैध



कोयला चोरी में संलिप्त नौ लोगो को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगो मे मनोज लोहरा 36 वर्ष पिता स्व0सुंदर लोहरा मंगरा लातेहार निवासी, संतोष कुमार 22 वर्ष पिता कोल्हा साव, शशि कुमार 30 वर्ष पिता बंसी रजवार, सुरेश साव 26 वर्ष पिता शम्भू साव, प्रदीप कुमार 29 वर्ष पिता बीरेंद्र साव, राजेश कुमार 25 वर्ष शम्भू साव, विनोद कुमार 30 वर्ष पिता राजेंद्र साव, आशीष कुमार राम 17 वर्ष पिता बिंदेश्वर राम, सुरेंद्र साव 48 वर्ष पिता स्व0सुखदयाली साव सभी गोबरीटोला थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में कांड संख्या 64/23, 65/23 और धारा 379, 414 भा0द0वी 30 (2) कोल माइन्स एक्ट, 21 एमएमडीआर एक्ट, एवं 13 झारखंड मिनिरल्स रूल्स 2017 के मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार सभी को मंडल लातेहार भेज दिया गया।वही इस छापेमारी दल में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार, बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, बालूमाथ एस0आई धीरज कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## विधायक पुष्पा देवी ने पांच करोड़ की लागत से किया 181 जनकल्याण योजनाओं का शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छत्तरपुर :** छत्तरपुर पाटन विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात की शतकीय ऐतिहासिक पारी को अपने क्षेत्र में सशक्त रूप से यादगार बनाने के लिए और मोदी जी की चिर परिचित नारे %सबका साथ सबका विकास% को ध्यान में रखते हुए 181 जनकल्याण योजनाओं का शुभारंभ हुआ है। इन योजनाओं में मुख्य रूप से पुलिया, घाट, पीसीसी पथ, शमशान शेड, यात्री शेड, विवाह मंडप, नाली निर्माण, कुआँ, छलका निर्माण, चबूतरा निर्माण, आहर निर्माण, पक्का घाट, बांध मरम्मती, विद्यालय चारदीवारी और जलाशय योजनाएं शामिल है। विधायक पुष्पा देवी ने बच्चों, महिलाओं और साथी कार्यकर्ताओ के साथ मन की बात सुनने के बाद पाँच करोड़ की लागत से 181 जन कल्याण योजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक पुष्पा देवी ने बच्चों और महिलाओं को सम्मानित भी किया। पुष्पा देवी ने प्रधानमंत्री के शतकीय एपिसोड के ऐतिहासिक महत्व को बताते हुए बताया कि यह एक जन आंदोलन बन चुका है। देश के मुखिया द्वारा रेडियो पर जन संवाद स्थापित करने का यह विश्व की पहली ऐतिहासिक पहल है। जिसका सकारात्मक प्रभाव पूरे समाज पर पड़ा है। बच्चों से लेकर किसानों, उद्यमियो और समस्त समाज इस जनसंवाद से लाभान्वित हुआ है।

## मनरेगा मजदूर विकास संगठन के द्वारा सराधू में खोला गया प्रशिक्षण केन्द्र



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सराधू पंचायत के हेचाबलिया में मनरेगा मजदूर विकास संगठन द्वारा संचालित शिक्षा मिशन एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, महिला विकास योजना, मजदूर विकास संगठन केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर आजसू पार्टी के मनोज चंद्रा प्रखण्ड उप प्रमुख पप्पू सिंह उर्फ जितेंद्र सिंह, विकास पांडे संगठन के पदाधिकारी में जिला प्रभारी त्रिवेणी साव, जिला प्रबंध निर्देशिका सुजा देवी, प्रखंड प्रभारी मनोज चौरसिया, पंचायत प्रभारी नारायण रजक, पंचायत शिक्षिका पुष्पा कुमारी मौके पर उपस्थित थे। सेंटर प्रभारी व संचालक नारायण रजक ने बताया कि संगठन द्वारा मजदूरों के बच्चों को दो घंटे ट्यूशन, दो घंटे सिलाई व कढ़ाई एवम् बुनाई का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है। मनरेगा मजदूर विकास संगठन द्वारा मजदूरों के लिये स्वास्थ्य शिविर लगाकर उनकी स्वस्थ्य जांच भी कराई जाएगी। सामूहिक कन्या विवाह, मजदूरों का जीवन बीमा भी कराया जाता है। संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से लाभान्वित करना है। गांव के महिला से अपील की गई है की ट्रेनिंग सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार का अधिक से अधिक लाभ उठावे। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, पाली महतो, सुबोध सिंह, उमेश राणा पुरण रजक सहित कई महिलाएं भी उपस्थित थे।

## कम्यूनिटी पुलिसिंग के तहत मुरवे मैदान में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड के मुरवे खेल मैदान में कम्यूनिटी पुलिसिंग के तहत फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें फाइनल मैच में सिमरिया और मुरवे खिलाड़ियों के बीच जम कर मुकाबला रहा। यह मैच जिला पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देशानुसार कम्यूनिटी पुलिसिंग के तहत सिमरिया थाना द्वारा मुरवे खेल मैदान में मैच आयोजित की गयी। मैच का उद्घाटन इंस्पेक्टर केपी चौधरी और थाना प्रभारी विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से किक मार कर किया। खेल को लेकर इंस्पेक्टर केपी चौधरी और थाना प्रभारी विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि यह खेल का आयोजन कराने का उद्देश है कि पुलिस और पब्लिक के बीच आपसी विश्वास बढाने एवं समाज के गुमराह युवको को मुख्य धारा में जोड़ने तथा



नवयुवकों में नवचेतना एवं आत्म विश्वास और अनुशासन बढाने के उद्देश्य से जिले के सभी थाना क्षेत्र में यह खेल का आयोजन किया गया है। वहीं यह मैच के अंतिम खेल तक दोनों टीम के खिलाड़ियों द्वारा एक भी बॉल नहीं कर पाया। अंत में निर्णय के अनुशार मुरवे टीम ने 3-1 से सिमरिया खिलाड़ियों को पराजित किया। विजेता और उप विजेता टीम को शील्ड देकर कर सम्मानित किया गया। मौके पर एसआई अनिल कुमार, बिरषा उरांव, सतारी तापे, अजय कुमार केरकेटा, मैच का रेफरी आशीष उरांव, कमिंटेटर सीपी कुमार सिंह, माहो सिंह, मिथलेश सिंह,एनुल हक,भोला सिंह, अब्बास मियाँ, राकेश सिंह के अलावे थाना के कई एसआई एवं पुलिस कर्मी तथा सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## बारालोटा में 3 मई को होगा राधा कृष्ण मंदिर का भूमि पूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** तीन मई को भवानी नगर (बारालोटा) पांकी रोड में राधा कृष्ण मंदिर की आधारशिला रखी जाएगी। उक्त निर्णय बारालोटा भवानी नगर में राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी के बैठक में लिया गया। स्थानीय बारालोटा भवानी नगर में राधा कृष्ण मंदिर के निर्माणाधीन स्थल पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने किया। बैठक में मंदिर निर्माण कमेटी के द्वारा राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी को संरक्षक मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा कहा गया की राधा कृष्ण मंदिर निर्माण में युवा वाहिनी सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहेगी। युवा वाहिनी के द्वारा कहा गया की सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए वर्तमान में धार्मिक स्थलों के संरक्षण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है और युवा वाहिनी



धर्म के रास्ते पर चलने वाली संगठन है। बैठक में मंदिर निर्माण कमेटी के द्वारा कहा गया की इस क्षेत्र में राधा कृष्ण मंदिर की आवश्यकता है और इसे देखते हुए स्थानीय लोगों ने भव्य राधा कृष्ण मंदिर निर्माण करने का निर्णय लिया है और इसी के तहत तीन मई को भव्य पूजा अर्चना व प्रसाद वितरण समारोह के साथ मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, अनुशासन प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोष तिवारी(पिंकू तिवारी), प्रदेश कोर कमेटी सदस्य संजय मिश्रा, प्रमंडलीय संरक्षक शैलेश पांडेय (पप्पू पांडेय), राकेश पांडेय, किशोर दूबे, जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी, अनील दूबे, सुशील तिवारी, राकेश तिवारी व मंदिर निर्माण कमेटी के अरविंद पाण्डेय धनंजय जायसवाल अजय कुमार झा सोनू सिंह राम प्रवेश सिंह शंभू जायसवाल अरविंद ठाकुर परशुराम सोनी नागेंद्र भारती अमित यादव राहुल गुप्ता सुरेंद्र झा गोविंद कुमार किशोर दुबे मुरारी श्रीवास्तव राजीव रंजन श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

## चिमनी ईट भट्ठा संचालक ने कीमती पेड़ को किया धराशाई



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को अंचलाधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व में चिमनी ईट भट्ठा संचालक देवराज अग्रवाल के प्रतिष्ठान दयाल ब्रिक्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संचालक के द्वारा प्रतिष्ठानभूमि पर अवस्थित कई विशालकाय कीमती पेड़ों को जड़ से धराशाई कर दिया गया है। जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई है। वही बेखबर नींद में सोई वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की। दयाल ब्रिक्स के जांच के दौरान यह भी पाया गया की ईट भट्ठा संचालक के द्वारा बड़े पैमाने पर भूमि का उत्खनन किया गया है। इस संबंध में जांच प्रतिवेदन जिला खनन पदाधिकारी को देते और तकनीकी पहलुओं को देखते हुए खनन विभाग द्वारा जांच कर उचित कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है।

## चतरा के प्रवासी मजदूर की मुंबई के भयंदर में मौत



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इनदिनों प्रवासी मजदूरों की मौत का शिलशिला थमने का नाम नही ले रहा है।आए दिन प्रवासी मजदूरों की मौत की खबर मिलते रहती है इसी क्रम में चतरा के प्रवासी मजदूर सकेन्द्र यादव (33) पिता जागो यादव की मौत मुम्बई के मीरा भयंदर में हो गई है। वह एक होटल में काम करता था।बताया गया है कि मृतक दो दिन से छुट्टी पर था। खोजबीन करने के बात उसका शव दसिहर के जंगल मे एक पेड़ पर झूलता मिला। हालांकि प्रथम दृष्ट्या इसे आत्महत्या बताया गया है। मौत की सूचना उड़ान फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश यादव को दिया गया परंतु वे सूरत में थे। उन्होंने इसकी सूचना पीएसी फाउंडेशन के राष्टीय अध्यक्ष द्वारिका सिंह को देते हुए मदद करने की बात कही।द्वारिका सिंह सूचना मिलते हीं अपने सहयोगियों के साथ हॉस्पिटल पहुंचे और तत्काल कागजी प्रक्रिया पूरी करा कर एम्बुलेंस के जरिये शव को एयरपोर्ट भेजा गया परंतु फ्लाइट का सीट फूल पाया गया। श्री सिंह ने काफी मसक्कत कर फ्लाइट में जगह दिला कर शव को भिजवाया। श्री सिंह ने बताया कि मुम्बई ने मेरी एक बड़ी टीम है और सभी एकजुट होकर जरूरतमंद लोगों को मदद किया करते हैं। बताया कि अब यहां कोई अपने आप की अकेला महसूस नही करेगा। मेरी टीम सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है। द्वारिका सिंह के साथ मुंबई के झारखंड सेल मंत्री (भाजपा), सुबोध सिंह, कृष्णा यादव, नगीना यादव, सनोज यादव, कुलेश्वर यादव, उमेश राय, पुरुषोत्तम कुमार, विमल यादव तथा नागेश्वर यादव समेत कई सहयोगी मौजूद थे।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड इकाई का बैठक हुआ संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां भगवती मंदिर प्रांगण में रविवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पत्थलगड़ा प्रखंड इकाई की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के पत्थलगड़ा प्रखंड अध्यक्ष कैलाश दाँगी व संचालन प्रखंड मंत्री मृत्युंजय कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप विद्यार्थी संगठन मंत्री विभाग हजारीबाग के गणेश शंकर, चतरा जिला मंत्री सुधीर कुमार, जिला संयोजक अंकित कुमार पाण्डेय, जिला सह मंत्री संतोष कुमार उपस्थित रहे। बैठक में संगठन विस्तार व संगठन के आगामी कार्यक्रम पर विशेष रूप से चर्चा की गई। एवं सुभाष चौक स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार से महाआरती का आयोजन करने का निर्णय लिया।इस मौके पर प्रखंड संयोजक मनोहर कुमार, रूपेश कुमार, अमरेश कुमार, विक्रम कुमार, मुकेश कुमार, विमल राणा, राहुल कुमार, पवन कुमार रजक, पिंटू कुमार, समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुखिया के नेतृत्व में 40 बिरहोर परिवारों को मिला खाद्यान्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मयूरहंड :** प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा के आदेश पर पूर्व की तरह महीने की अंतिम तारीख आनी 30 अप्रैल को करमा पंचायत के मुखिया सह समाजसेवी रामनाथ यादव की उपस्थिति में बिरहोर टोला के आदिम जनजाति के 40 परिवारों के बीच प्रत्येक परिवार को 35 किलो खाद्यान्न दिया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया के द्वारा बिरहोर कॉलोनी के छोटे-छोटे करीब 30 से 35 बच्चों के बीच टॉफी दिए।मौके पर उपमुखिया जयनंदन यादव कैलेंदर यादव पीडीएस दुकानदार रामसेवक राम और इनके पुत्र अमित कुमार खाद्यान्न सामग्री देते हुए बिरहोर परिवार के सदस्यों से कहा आप अपने बच्चों को हर हाल में स्कूल भेजें।आपलोगों को राज्य सरकार हर तरह की सुख सुविधा देने को लेकर समर्पित भावना से काम कर रही है राज्य सरकार के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं का उपयोग अपने जीवन को सकारात्मक बनाने में करें।

## सिंगरा कला गांव का अश्विनी ने जेईई मेंस में लाए 99.01 प्रतिशत परिवार वालों में खुशी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** होनहार बिरवान के होत चिकने पात। यह कहावत चरितार्थ किया है स्थानीय सदर प्रखंड के सिंगरा कला निवासी स्व. दामोदर सिंह के पोता अश्विनी कुमार सिंह ने। अश्विनी ने 99.01 परसेंटाइल लाकर पलामू का नाम रोशन किया है। दामोदर सिंह ने अपने पोते अश्विनी के बचपन में ही होनहार के लक्षण देख भविष्यवाणी की थी कि उनका पोता एक दिन उनका नाम रोशन करेगा। अश्विनी ने सफलता का श्रेय अपने दादा की प्रेरणा व माता सिंधु देवी व पिता धर्मेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन को दिया है। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर से दसवीं में पलामू टापर रहा अश्विनी रांची स्थित संत जेवियर कालेज से 12 वीं की परीक्षा 90 प्रतिशत अंक लाकर उत्तीर्ण की थी। अश्विनी ने घर पर ही रह कर जेईई मेंस की परीक्षा की तैयारी की थी। छोटी बहन अलका नीट की तैयारी कर रही है। छोटा भाई अमृत राज दसवीं कक्षा का होनहार छात्र है। अश्विनी की सफलता पर उसके परिजन काफी खुश हैं। माता- पिता व बहन ने अश्विनी का मुंह मीठा कराकर आपस में खुशियां बाटीं। अश्विनी ने कहा कि ईमानदारी से की गई पढ़ाई कभी निरर्थक नहीं जाती। बेहतर सफलता के लिए माता-पिता व गुरुजनों का आशीर्वाद जरूरी है।

### मन की बात विशेष कार्यक्रम के तहत, विभिन्न बूथों पर सुना गया

## पीएम के मन की बात कार्यक्रम अहम से व्यम की यात्रा है : सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** प्रखंड अन्तर्गत सभी पंचायतों के विभिन्न बूथों पर विशेष कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना गया। यह मन की बात कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री का 100वा एपिसोड था, इसलिए यह कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बूथों पर विशेष रूप में एलईडी बड़े स्क्रीन पर काफी उत्साह से सुना गया। चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा इस 100वें एपिसोड की भव्यता और कार्यकर्ताओं के उत्साह के लिए बड़े फ्लैक्स बैनर सभी प्रखंडों में विशेष बूथों पर उपलब्ध कराया गया। टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि यह कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साथ सभी आम जनमानस के लिए महत्वपूर्ण रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के



नेतृत्व में आज देश का नाम पुरे विश्व में रौशन हुआ है इसके लिए हम सब गौरवान्वित हैं। टंडवा प्रखंड के बूथों पर प्रभारी एवम संयोजक के नेतृत्व में जिन जिन बूथों पर मन की बात सुना गया उसमें प्रमुख रुप से पदमपुर पंचायत के बुथ न0 322 प्रभारी रामेश्वर राणा, संयोजक हेमराज साहु, धनगड़ा पंचायत के बुथ न0 333 बीरबीर प्रभारी शिव प्रसाद गुप्ता, संयोजक उपेन्द्र चौबे, मिश्रौल पंचायत के बुथ न0 336 प्रभारी रामचन्द्र गुप्ता, संयोजक जय प्रकाश तिवारी, नावाडीह उर्फ तेलियाडीह पंचायत के बुथ न0 344 प्रभारी प्रमोद सिंह, संयोजक देवनाथ महतो, कबरा पंचायत के बुथ न0 351 प्रभारी ईश्वर दयाल, संयोजक धनंजय पांडेय, पोकला उर्फ कशियाडीह के बुथ न0362 प्रभारी गणेश प्रसाद साहु, संयोजक मुंशी साहु, कोयद पंचायत के 356 प्रभारी गोविंद तिवारी, संयोजक केदार गोसाई, सराधू पंचायत के बुथ न0 368 प्रभारी मिथलेश गुप्ता, संयोजक अखिलेश सिंह,गाड़ीलौंग पंचायत के बुथ न0 374 प्रभारी सुनील चौरसिया, संयोजक प्रयाग दास, टंडवा पंचायत के बुथ न0 384 संयोजक प्रदीप नायक, राहम पंचायत के बुथ न0 387 प्रभारी अक्षयवट पांडेय, संयोजक सरिता देवी, डहु पंचायत के बुथ न0 393 प्रभारी रामेश्वर विश्वकर्मा, संयोजक महेन्द्र महतो, बड़गांव पंचायत के बुथ न0 399 प्रभारी विजय चौबे, संयोजक अशोक तिवारी, इसी प्रकार पिपरवार मंडल अन्तर्गत 405,413,417 बहेरा, बेती, किचतो में मन की बात सुना गया।

## राज्य में अपना फिल्म उद्योग हो : हरिकिशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** 30 अप्रैल, दिन रविवार को शहर स्थित द ब्लिश होटल के सभागार में चित्रपट झारखण्ड द्वारा आगामी 23 से 25 जून, 2023 को राँची में आयोजित होनेवाले राज्य स्तरीय फिल्म फेस्टिवल के पोस्टर का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन नवीन सहाय तथा राकेश रमण ने किया।पोस्टर लोकार्पण करने के उपरान्त मुख्य अतिथि तथा पूर्व विधायक हरिकिशन ने कहा कि आज जब राज्य में बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है तब मनोरंजन उद्योग के रूप में राज्य को स्थापित करने का प्रयास समय की मांग है।इसके पूर्व विषय प्रवेश करते हुए चित्रपट झारखण्ड के पलामू प्रभारी राकेश रमण ने कहा कि भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आधार बना कर राज्य में सिनेमा का वातावरण बनाने के लिए चित्रपट झारखण्ड का गठन किया गया है। चित्रपट झारखण्ड के राज्य समन्वयक नन्दकुमार सिंह ने आयोजन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते




हुए कहा कि आज जब हाथ के मोबाईल तक में सिनेमा बनाने की क्षमता आ गयी है तब भी हम रोजगार के इस महत्वपूर्ण अवसर से काफी दूर खडे हैं। उन्होंने आगे बताया कि जिन सांस्कृतिक मूल्यों के विषयों को लेकर भारतीय सिनेमा की शुरुआत हुई थी,आज उसमें काफी बिखराव दिखने लगा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह संगठन राज्य में लगातार कार्यशालाओं का आयोजन करके एक तरफ श्रेष्ठ फिल्म निर्माताओं की टीम खड़ी कर रहा है वहीं युवाओं के रोजगार के अवसर भी सृजित कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि इस राज्य में जनजातीय समाज की बहुलता है तथा इस राज्य की भाषा, संस्कृति तथा इतिहास भी समृद्ध रहा है। इस वर्ष इसी विषय को केंद्र में रखकर आगामी 23 से 25 जून, 2023 तक राँची के सरला बिड़ला विश्वविद्यालय के परिसर में फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राज्य के फिल्मकार मात्र 250 तथा 100 रुपये का शुल्क भरकर प्रतिभागी बन सकते हैं। इस आयोजन की पूरी जानकारी वेबसाइट WWW. chitrap-atjharkhand.org पर उपलब्ध है। साथ ही पोस्टर पर दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके भी पूरी जानकारी ली जा सकती है। कुमार ने आगे यह भी बताया कि इस महोत्सव में झारखण्ड के फिल्मकारों के लिए कुल मिलाकर दो लाख के पुरस्कार भी रखे गये हैं। राकेश रमण ने बताया कि महोत्सव एवं इसके विषय पर आधारित एक स्मारिका भी इस अवसर पर प्रकाशित की जायेगी जिसमें आलेख भेजे जा सकते हैं।संवाददाता सम्मेलन में मुख्य अतिथि हरिकिशन ने कहा कि यह एक अच्छा प्रयास है तथा इससे राज्य की महिलायें भी सशक्त होंगी ऐसा विश्वास है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी चेतलाल रामदास, लालू यादव, शिक्षक सुरेश ठाकुर तथा बड़ी संख्या में फिल्म निर्माता उपस्थित रहे।इस अवसर पर विजय, अभिनन्दन राम, रविकान्त भगत, जितेन्द्र भगत, लवकेश उरांव, रिंकू उरांव, सुजीत उरांव, पंकज कुमार, शुकुल उरांव, कुन्दन गुप्ता, प्रशांत कुमार आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी लगाया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि कला किरण के निदेशक एवं स्काउट एंड गाइड के जिला सचिव प्रवीण कुमार जयसवाल,विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य प्रतिनिधि सह् शिक्षक चंद्रकांत पाण्डेय, शिक्षक एवं समाजसेवी जमुना प्रसाद,गायक श्री पीयूष पाण्डेय,कला किरण एवं विवेकानंद सेंट्रल स्कूल के शिक्षिका अनुराधा कुमारी एवं संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार भारती के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।इसके बाद सभी अतिथियों को माला एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।इसके बाद सभी अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा बारी-बारी से सभी कक्षा द्वारा लगाया गया विभिन्न विज्ञान मॉडल का निरीक्षण किया गया।इस मौके पर संस्था के निदेशक ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में अपार प्रतिभाएं छुपी हुई है।बच्चों भविष्य के वैज्ञानिक है।इसे निखारने के लिए संस्था ने प्रत्येक वर्ष विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन के माध्यम से विज्ञान के प्रति इन बच्चों में रुचि जगा रहा है।मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार जयसवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में यह विद्यालय कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।और इस तरह का विज्ञान प्रदर्शनी प्रायः बड़े-बड़े शहर के स्कूल में ही आयोजित होता है,लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बच्चों को वैज्ञानिक बनने में काफी मदद मिलेगा।जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि श्री जमुना प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय निर्माण से ही संस्था द्वारा बच्चों को प्रतिभा का निखारने के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है , जो बरकट्ठा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि एवं श्रीकांत मैथमेटिक्स के निदेशक चंद्रकांत पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि बरकट्ठा जैसे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चें का मॉडल देखकर काफी प्रभावित हुए हैं।अब हमारे बरकट्ठा से भी बहुत जल्द वैज्ञानिक बनकर देश का सेवा करेंगे।विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण के लिए 5 जजों की नियुक्ति किया गया था।जिसमें प्रथम पुरस्कार कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों,द्वितीय पुरस्कार कक्षा छठवीं,तथा तृतीय पुरस्कार कक्षा तृतीय सेक्शन ए को बच्चों को दिया गया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में संस्था के प्रबंध निदेशक बिरेंद्र प्रसाद,प्रबंधक राजेश कुमार यादव,शिक्षक नंदेव कुमार,बैजनाथ कुमार मंडल,प्रकाश कुमार,सीता कुमारी,आरती कुमारी ,नेहा कुमारी ,सपना कुमारी,ज्योति भारद्वाज,पवन कुमार पंडित, शंभू कुमार शर्मा,पूनम कुमारी, काजल कुमारी,मानती कुमारी, योगेश कुमार,ललिता कुमारी, रूपेश कुमार पाण्डेय,विजय प्रसाद का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।




### मोदी की मन की बात बन गई है जन जन की बात : मनोज कुमार यादव



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 संस्करण मन की बात, कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा विधायक सीपी सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, एवं भाजपा के अनेकों कार्यकर्ता समाजसेवी जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने मन की बात का 100 वा एपिसोड को सुना। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि 3 अक्टूबर 2014 को पहली बार प्रसारण किया गया था मन की बात कार्यक्रम दूरदर्शन और आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क पर प्रसारण किया गया। देश भर में लगभग चार लाख से अधिक सेंटर पर मन की बात को सुना गया कई सामाजिक संगठन ने भी मन की बात को सुना।संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय से भी मन की बात का सीधा प्रसारण किया गया, हर विधानसभा में बड़े स्तर पर मन की बात के लिए केंद्र बनाए गए थे।जिसमें स्वदेशी उत्पाद, स्वच्छता,योग, फिट इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण,सुगम्य भारत, पानी ऊर्जा संरक्षण, अंगदान, आजादी का अमृतमहोत्सव, इत्यादि के बारे में बताया गया मन की बात ने कई जन आंदोलन को शुरू किए। मौके पर जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, गुरुदेव गुप्ता,सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्वच्छता किट बांटने के नाम पर छात्रों को सुनाया गया मन की बात कार्यक्रम, छात्र ने कहा

# मार्खम कॉलेज प्रशासन ने धोखे में रखा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मार्खम कॉलेज में रविवार को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम मन की बात का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान हजारीबाग लोकसभा के सांसद जयंत सिन्हा समेत कॉलेज के शिक्षक - शिक्षिका एवं विद्यार्थीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन अच्छे से हुआ परंतु इसके बाद कार्यक्रम के आयोजन को लेकर कई तरह के सवाल खड़े होने लगे। झारखंड छात्र मोर्चा के मार्खम कॉलेज अध्यक्ष ईमरान खान ने इसपर कड़ी आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में कॉलेज को राजनीति का अड्डा नहीं बनाया जाना चाहिए। यकीनन वो कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री का था परंतु ये जायज नहीं कि छात्र छात्राओं को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने को कहा जाए और यदि ऐसा है तो फिर सिर्फ इस बार ही क्यों बल्कि हर बार अनिवार्य रूप से बच्चों को बैठा कर मन की बात सुनाई जाए। इधर एक अन्य छात्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि कॉलेज प्रशासन ने धोखे से उन्हें कॉलेज बुलाया और मन की बात कार्यक्रम को सुनाने का काम किया है। उन्हें कहा गया था कि संसद जयंत सिन्हा द्वारा स्वच्छता किट का वितरण किया जाएगा, परंतु यहां आने पर पहले मन की बात कार्यक्रम को सुनाया गया।



### क्या कहती हैं कॉलेज की प्राचार्या

इस संबंध में बात करने पर कॉलेज की प्राचार्या संध्या प्रेम ने बताया कि यह कार्यक्रम सांसद कार्यालय द्वारा प्रस्तावित था जिसपर सभी विभागाध्यक्ष की सहमति बनने पर कॉलेज में संपन्न कराया गया। निजी तौर पर उनका कोई प्रभाव नहीं था। सारे लोगों की सहमति के बाद ही कार्यक्रम की अनुमति दी गई।

## कुम्हरडीहा में श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत नयाटांड पंचायत के ग्राम कुम्हरडीहा शिव मंदिर प्रांगण में 30 अप्रैल से 4 मई तक आयोजित होने वाली पांच दिवसीय श्री श्री 1008 शिव शक्ति परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। ढोल नगाड़ों के बीच सभी श्रद्धालु कतारबद्ध होकर सिर पर कलश लेकर जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा में शामिल हुए। मौके पर उपस्थित नयाटांड पंचायत के जल यात्रा में शामिल ग्रामीणों ने कहा कि यज्ञ होने से क्षेत्र में नकारात्मक शक्तियों का विनाश होता है। सकारात्मक शक्तियों का प्रभाव बढ़ता है। आगे उन्होंने कहा कि महायान कुंड से जो वायु निकलती है और जहां जहां तक जाती है वहां तक सारा कुछ शुद्ध हो जाता है। इसके अलावा महायज्ञ में लोगों को एक दूसरे से मिलने का अवसर प्रदान होता है। कलश यात्रा

## हजारीबाग यूथ विंग ने सुनी पीएम मोदी की 100वीं मन की बात कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा खजांची तालाब के समीप संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन के आवास पर संरक्षक की माताजी सुधारानी जैन,सुरेंद्र खण्डेलवाल, संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी,कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल एवं डॉ वी वेंकटेश सहित कई लोगो ने रेडियो के माध्यम से सुना गया। मौके पर चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मन की बात कार्यक्रम काफी सराहनीय है। इस कार्यक्रम के जरिए पिछले 9 वर्षों से लगातार आम जनता के बीच पहुंच रहे हैं। यह कार्यक्रम 3 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया था। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि मन की बात कार्यक्रम मेरे लिए आस्था,पूजा और व्रत है। जैसे लोग ईश्वर की पूजा करने जाते हैं तो प्रसाद की थाल लाते हैं। मन की बात ईश्वर रूपी जनता जनार्दन के चरणों में प्रसाद की थाल जैसे है। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपनी मन की बात कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षा, संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन, भारतीय प्राचीन परंपराओं, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत अभियान, अमृत काल एवं अमृत सरोवर सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचारों को साझा किया है।



## पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के सदस्यों द्वारा कई मांगो को लेकर हजारीबाग लोक सभा सांसद जयंत सिन्हा को मांग पत्र सौंपा और लोकसभा में मुद्दा उठाने का आग्रह किया गया। बताते चले की युद्ध - विधवाओं, दिव्यांग पूर्व सैनिकों और पूर्व सैनिकों की विभिन्न मांगों को लेकर 20 फरवरी 2023 से दिल्ली के जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन धरना संचालित हो रहा है । संपूर्ण भारत के पूर्व सैनिक संगठनों से जुड़े लाखों पूर्व सैनिक एवं वीर नारी धरने में शामिल हो रहे हैं, और इस धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे। फेडरेशन ऑफ वेटरंस एसोसिएशन, दिल्ली के आवाहन पर पूरे भारत में अपने अपने लोकसभा एवं राज्यसभा सांसद को ज्ञापन सौंपा जा रहा है। ज्ञापन सौंपने मे प्रदेश अध्यक्ष अरबिंद ओझा, हजारीबाग जिला सचिव अजीत सिंह, उपसचिव सुरेश दांगी, अशोक दांगी, देवेंद्र यादव के साथ साथ कई पुर्व सैनिक शामिल थे।



## द्वितीय पुण्यतिथि पर याद किए गए अजय साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ साहू समाज के पूर्व सचिव रामगढ़ बाजार समिति के अग्रणी व्यवसायी स्वर्गीय अजय साहू को डिवाइन ओंकार मिशन के प्रांगण में द्वितीय पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डिवाइन ओंकार के मिशन के प्रांगण में स्वर्गीय अजय साहू के द्वितीय पुण्यतिथि पर अटूट लंगर का किया गया आयोजन। लंगर में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रामगढ़ के कई वरिष्ठ समाजसेवी एवं बुद्धिजीवियों ने स्वर्गीय अजय साहू के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दिए। इस अवसर पर स्वर्गीय अजय साहू के बड़े पुत्र समाजसेवी अमित साहू, आनंद कुमार, अभिषेक कुमार गोलू, अनुज कुमार, अरविंद गुप्ता, अनिल गुप्ता, रणधीर गुप्ता, सुनील गुप्ता, राकेश गुप्ता, शिव कुमार पांडे, अमर गुप्ता, विवेक कुमार, अनिकेत कुमार, परशुराम शाह, पवन साहू, मुकेश कुमार अंबष्ट, रवि कुमार, हसनैन वारसी, रहमतुल्ला, दिलीप प्रजापति, इंदु देवी, सरोज देवी, अंजू देवी, संजू देवी, ललिता देवी, समेत सैकड़ों समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## अडानी की लूट के खिलाफ वामपंथ संघर्ष करेगी : मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मोदी की सरकार पूरे देश में ना सिर्फ कोयला खदान बल्कि उर्जा, हवाई अड्डा, बंदरगाह सहित कई परियोजनाएं बिना सोचे समझे अडानी को दे दिया है । उसी परिपेक्ष में केंद्र सरकार ने अदानी को झारखंड के 26 कोल ब्लॉक एलौट कर दिया है. इसमें हजारीबाग के केरेडारी और बड़कागांव के भी कोल ब्लॉक है इससे हजारों लोग विस्थापित होंगे। बड़कागांव और केरेडारी की जो जमीन है वह बहु फसली जमीन है जिस पर किसान धान, गेहूं, सब्जी और अन्य अनाज पैदा करते हैं। अगर अडानी इनके जमीन को ले लेती है तो पूरा का पूरा गांव विस्थापित हो जाएगा और अच्छे भले किसान दर-दर की ठोकर खाएंगे उपरोक्त बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीपीआई के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहें। आगे उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ झारखंड के झारखंड विस्थापित संघर्ष समिति जिसका मैं अध्यक्ष हूं सभी वामपंथी, जनवादी राजनीतिक दलों, सामाजिक, सांस्कृतिक और लेखकों के संगठन को लेकर के एक बड़ा आंदोलन हजारीबाग सहित पूरे झारखंड में किया जाएगा। इसकी शुरुआत केरेडारी के गोंडलपूरा से 7 मई 2023 को होगी । जहां अदानी के खिलाफ 12 अप्रैल 2023 से सैकड़ों लोग धरना पर बैठे हुए हैं. यहां पर एक बड़ी सभा होगी इस सभा में पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, विस्थापन आंदोलन के नेत्री वाशवी कीड़ों, सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, मार्क्सवादी समन्वय समिति के नेता शांतनु मुखर्जी, आरजेडी के राज्य उपाध्यक्ष राजेश यादव जदयू के वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा रहेंगे. अभी कई अन्य दलों एवं संगठनों से इसमें भाग लेने की बात चल रही है. अदानी को हजारीबाग में कोल ब्लॉक दिया गया है यह गलत तरीके से दिया गया है कई बार भूमि अधिग्रहण के लिए आमसभा हुई लेकिन आज तक आम सभा सफल नहीं हो पाया. इसलिए हम जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि आप अदानी के बजाए ग्रामीणों के पक्ष में खड़े रहे ताकि जनता में आपके प्रति और सरकार के प्रति विश्वास जगा रहे. इस आन्दोलन को धारदार बनाने के लिए मई में ही रांची में सेमिनार होगा और जून में राजभवन का घेराव किया जाएगा. अक्टूबर-नवंबर 2023 में रांची के मोराबादी मैदान में विस्थापन और पूंजीपतियों के लूट के खिलाफ मोराबादी मैदान में एक बड़ी सभा होगी. इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीपीएम के नेता गणेश कुमार सीटू, विपिन कुमार सिन्हा, सीपीआई के कार्यालय सचिव निजाम अंसारी, डॉक्टर अनवर हुसैन, पूर्व मुखिया महेंद्र राम उपस्थित थे. इस संबंध में एक विस्तृत पत्र मेहता राज सरकार को तत्काल लिखेंगे, इस पर राज्य सरकार कार्रवाई नहीं करती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा.




## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100 वां एपिसोड सुना गया

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के पैक्स कार्यालय भवन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 संस्करण मन की बात को सुना गया। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात का प्रोग्राम का 100 एपिसोड पूरा कर लिया। मन की बात की शुरुआत 3 अक्टूबर 2014 विजयदशमी के मौके पर मन की बात की यात्रा शुरू की गई थी, विजयदशमी आनी बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व माना जाता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वालों को आज किया गया, स्वदेशी उत्पाद,स्वच्छता, योग फिट इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, सुगम्य भारत, पानी ऊर्जा संरक्षण, अंगदान,आजादी का अमृत महोत्सव, इन सब बातों को जन आंदोलन के रूप में लिया गया। हर एपिसोड में देशवासियों की सेवा और सामर्थ्य को प्रेरणा मिली है। भारत के सामाजिक ताने-बाने को मजबूती देने में मन की बात माला के धागे की तरह है हर एपिसोड में देशवासियों की सेवा और सामर्थ्य प्रेरणा दी है,एक तरह से मन की बात का हर एपिसोड अगले एपिसोड की जमीन तैयार करता है। यह कार्यक्रम हमेशा सद्भावना, सेवा भावना से आगे बढ़ा है, मन की बात से जो शुरुआत हुई, बात देश की नई परंपरा भी बन रही है। ऐसी परंपरा जिसमें सब का प्रयास की भावना दिखती है। जो मन की बात की कामना संभाले हुए हैं। भारत के लोग और भारत में आस्था रखने वाले लोग की प्रेरणा से संभव है। आज समय और शब्द दोनों कम पड़ रहे हैं। मौके पर प्रकाश सॉन्ग नरेश प्रसाद, रामजी प्रसाद, अजय कुमार, तिलक यादव, केशो यादव, विकास यादव, जागेश्वर साहू,अनिल कुमार, सकलदेव यादव, मनोज कुमार, मनोज केसरी, कृष्णा प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, राजेश प्रसाद, राजेश ठाकुर, योगेंद्र साहू,राजेंद्र प्रसाद, उर्फ राजन प्रसाद, ब्रह्मदेव यादव, प्रदीप कुमार, नंदलाल प्रसाद, समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



## सैकड़ों लोगों ने बूथ नं.50 पर सुनी मन की बात, कुंटू बाबू रहें उपस्थित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम ÷मन की बात÷ का सौवां संस्करण का प्रसारण हुआ जिसको रामगढ़ जिला में भाजपाइयों ने चिन्हित सौ मॉडल बूथों पर सुना।इसी कड़ी में चिन्हित मॉडल बूथ नंबर 50 के अध्यक्ष सह भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने इस सौवें संस्करण को सुनने के लिए बूथ नंबर पचास के अंतर्गत निवास करने वाले भाजपा रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी रणनजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया।इस कार्यक्रम में बूथ नं 47,48,49,50,51,52 के अध्यक्षों कि विशेष रूप से उपस्थिति रही। अपने कार्यक्रम मन की बात के सौवें संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा की मन की बात सिर्फ एक कार्यक्रम नही बल्कि एक सामाजिक संरचना को उभारने का मंच बन चुका है। आज इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर कई जगह लोग वर्षो से पेड़ लगा कर पर्यावरण सुरक्षित कर रहें है,तो कोई नए तलब और बावड़ी बनाकर जल संरक्षण में अपना योगदान दे रहा है तो कोई स्टार्टअप इंडिया के तहत रोजगार सृजन कर देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दे रहा है।मैं तो एक निमित्त मात्र उनके किए कार्यो की चर्चा अपने मन की बात में कर के पूरे देश को इसकी जानकारी देता हूं जिससे प्रभावित होकर कई लोग इस कार्यक्रम में जुड़ कर अपना योगदान दे रहें है और इसमें मीडिया कर्मियों का भी बहुत बड़ा योगदान है।



## सदर विधायक ने होरिया ग्राम वासियों को भेंट की भगवान राम, जानकी, लक्ष्मण व हनुमान की प्रतिमा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शनिवार की देर शाम को विधायक मनीष जयसवाल की ओर से कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के रेबर पंचायत स्थित होरिया ग्राम वासियों को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, माता जानकी, भगवान लखन और वीर बजरंगी की आकर्षक प्रतिमा भेंट की। ग्रामीणों ने सदर विधायक मनीष जायसवाल के कार्यालय पहुंचकर गाजे- बाजे और ढोल-ताशे के साथ भगवत जयकारे लगाते हुए भक्तिभाव से लेकर गए। मूर्ति लेने के लिए रेबर मुखिया कलावती देवी ,मुखिया प्रतिनिधि हलधर यादव, पंचायत समिती सदस्य प्रमोद यादव, बिरजू यादव, मथूरा यादव, मथुरा मेहता, बसंत राणा, सुभाष राणा, बिरजू यादव, बद्री यादव, उपेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, मुकेश मेहता सहित अन्य सैंकड़ों ग्रामीण लोग उपस्थित थे । कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने बताया की विधायक मनीष जायसवाल क्षेत्र के विकास और जनसेवा के साथ सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी बढ़- चढ़कर सहभागिता निभाते हैं। क्षेत्र के हरेक धार्मिक अनुष्ठानों में हरसंभव सहयोग करते हैं । ज्ञात हो की होरिया ग्राम में श्री श्री 1008 श्री सीताराम प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरूआत 29 अप्रैल को जलयात्रा के साथ श्रीगणेश हुआ और आगामी 3 मई को मूर्ति महास्नान, प्राण प्रतिष्ठा, अभिषेक श्रृंगार, वेदी पूजन, हवन, ब्राह्मण भोजन, कुंवारी कन्या भोजन और प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारा के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति होगी।



## मन की बात भारत के अंतिम व्यक्ति तक संवाद का जरिया : जेपी भाई पटेल

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज सभागार भवन में माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आकाशवाणी में प्रसारित मन की बात कार्यक्रम के 100 वें संस्करण को सुना गया । मन की बात कार्यक्रम का आयोजन वृहत पैमाने में किया गया जिसमें डॉ0,प्रोफेसर, शिक्षक,समाजसेवी,बुद्धिजीवी एवं स्कूली बच्चे काफी संख्या में मौजूद थे ।माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के आह्वान पर विष्णुगढ़ के 24 पंचायत में करीब -करीब 80 जगहों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया । मोदी जी की लोकप्रियता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है,कि उनके द्वारा कही जाने वाली बातें आमजन-मानस राजनीति से परे उठकर बड़े ध्यानपूर्वक एवं धैर्य से सुना गया। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात बातचीत के दौरान माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि मन की बात मोदी जी का विजन है,कैसे राजनीति से परे हटकर भारत के अंतिम व्यक्ति से संवाद स्थापित कर जनता द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्य एवं सरकार के द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्य के बीच पूल की भाँति है। 2014 से मोदी जी बिना रुके बिना थके विपक्षियों की आलोचनाओ को सहकर जनता के बीच संवाद जारी रखा, आज की तारीख में मन की बात की लोकप्रियता भारत से होते हुए विदेशों के साथ-साथ यूएन में लाइव प्रसारण को सुना गया,इस अभूतपूर्व उपलब्धि से आज हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया ।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सेन्ट्रल बैंक में स्टार्टअप आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा स्टार्अअप आउटरीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन स्थानीय होटल बीएनआर चाणक्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रोज्जवलन के द्वारा किया गया ण् इस अवसर पर सरकारए विभिन्न बैंकों के उच्चाधिकारियों एवं स्टार्ट से जुडे उद्यमियों का स्वागत करते हुये सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया एरॉची क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने कहा कि स्टार्टअप आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य स्टार्टअप संबंधी समस्या के निराकरण के दिशा में प्रयास करना है साथ ही देश में अधिक से अधिक नागरिकों को नये उद्यमों को प्रारंभ करने के लिये प्रेरित करना है ण् इस अवसर पर बोलते हुये इंद्रजीत यादव एसंयुक्त सचिव एएमएसएमई ने कहा कि देश एवं झारखंड के विकास में स्टार्टअप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके माध्यम से सरकार नये विचारों एवं उद्यमियों को प्रोत्साहित भी कर रही है । भारतीय बैंकर्स एसोशियेशन के वरिष्ठ एडवाईजर अंबलगन ने इस अवसर पर उद्यमियों को संबोधित करते हुये कहा कि हमारे देश के करोडो युवाओं के पास अनेक संभावनायें हैं वे नये विचारों एवं नये उद्योगों के साथ तैयार हैं ।

## मन की बात का कार्यक्रम को देखा व सुना गया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोदी के 100वां संस्करण को नगर परिषद मरार वार्ड स्थित राम जानकी मन्दिर प्रांगण पर सैकडो प्रबुद्ध लोगो व कार्यकर्ताओ द्वारा मोदी जी के मन की बात का कार्यक्रम को देखा व सुना गया।मौके पर विशेष रूप से उपस्थित रहें जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदीरविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम ÷मन की बात÷ का सौवां संस्करण का प्रसारण हुआ जिसे रामगढ़ नगर परिषद के सम्मानित कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध जनता ने नगर मे चिन्हित मॉडल बूथ संख्या 83 पर सुना।चिन्हित मॉडल बूथ पर बूथ संख्या 81,82 ,83,84 के श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ कि उपस्थिति रही।अपने कार्यक्रम मन की बात के सौवें संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा की मन की बात सिर्फ एक कार्यक्रम नही बल्कि एक सामाजिक संरचना को उभारने का मंच बन चुका है। आज इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर कई जगह लोग वर्षो से पेड़ लगा कर पर्यावरण सुरक्षित कर रहें है,तो कोई नए तलब और बावड़ी बनाकर जल संरक्षण में अपना योगदान दे रहा है तो कोई स्टार्टअप इंडिया के तहत रोजगार सृजन कर देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दे रहा है।

## पुराना पिट ऑफिस सिरका बिजली सप्लाई में लगे केबुल कटा

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बंद सीएचपी पुराना पिट ऑफिस के समक्ष भूली क्वार्टर बिजली सप्लाई में लगे 20 फीट कांपर केबल अज्ञात बदमाशों द्वारा काट ली गई। जिससे मजदूर कांलोनी में बिजली बाधित हुई। इस संबंध में रविवार को सुरक्षा सिरका इंचार्ज देवनाथ महतो ने बताया कि बीते 27 अप्रैल देर संध्या डीवीसी से बिजली सप्लाई कटी। रात्रि 10ः30 बजे पेट्रोलिंग गस्ती को पुराना पिट ऑफिस में लगे ट्रांसफर्मर के नजदीक से 20 फीट केबल कटने का पता चला।। जिसकी सूचना प्रबंधन व एफआईआर कर पुलिस को दी गई हैं। चोरी गए बिजली केबल की कीमत 28 हजार आंकी जा रही हैं।

## प्रबंधन ने सीसीएल व वन क्षेत्र में फैक्ट्री रिजेक्ट गिराए जाने को लेकर सुरक्षा विभाग को पत्र जारी कर दि चेतावनी

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सिरका परियोजना प्रबंधन ने पत्र संख्या 23/ 206 जारी कर सीसीएल सुरक्षा सिरका विभाग को चेतावनी दिया हैं। इससे प्रहरियों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई हैं। चिट्ठी में अनुशासनात्मक कार्यवाही के बारे में चेताया हैं। पत्र में प्रबंधन ने कहा है कि फैक्ट्री प्लांट के द्वारा रिजेक्ट गर्तो को ट्रकों के माध्यम से सीसीएल सिरका समूह अरगड्डा- सिरका के अधिकृत क्षेत्र व वन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर गिराए जा रहे हैं। जिससे पेड़ पौधो और पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा हैं। वहीं सुरक्षा विभाग ने बताया कि उक्त विषयों के संबंध में बीते समय ही प्रबंधन को आगाह कर दिया गया था। प्रबंधन द्वारा जारी पत्र में किन-किन स्थलों पर फैक्ट्री ट्रको द्वारा रिजेक्ट गिराए जा रहे हैं। उसके बारे में स्पष्ट नहीं किया गया हैं। जिससे लगता है कि वरीय पदाधिकारी केवल खानापूर्ति के लिए पत्र जारी कर सिरका सुरक्षा विभाग को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय ड्रैगन प्रतियोगिता को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में शामिल हुए विधायक

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जवाहर घाटी डैम में ड्रैगन बोट का राज्य स्तरीय से लेकर राष्ट्रीय स्तरीय का प्रतियोगिता होने जा रहा है। इस तरह की प्रतियोगिता राज्य में पहली बार देखने को मिलेगा। प्रतियोगिता को बेहतर बनाने के लिए ड्रैगन बोट एसोसिएशन की टीम पूरी तरह से लगी हुई है। रविवार को देवचन्दा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ़ झारखण्ड एवं हजारीबाग जिला ड्रेगन बोट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय टीम और जिला स्तरीय टीम की एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। इस प्रेस कांफ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि रांची विधायक सीपी सिंह शामिल हुए। इसके अलावा प्रेसवार्ता में ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ़ ईस्ट जोन चेयरमैन संतोष प्रसाद, जिला ड्रैगन बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित सिंह, खेल संयोजक आलोक कुमार एवं भाजपा मिडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी शामिल हुए।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**जामताड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जामताड़ा स्टेशन से 500 मीटर की दूरी पर पोल संख्या 252/ 15 -16 के पास ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई ।घटना दोपहर की बताई गई है। मृतक की पहचान गायछंद मोहल्ला निवासी नित्यानंद सरखेल के रूप में हुई है। संभवत उक्त व्यक्ति रेलवे ट्रैक पार कर रहा था इसी दौरान वे ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई,हांलाकि घटना के समय कोई भी वहां पर मौजूद नहीं थे इसलिए इसकी पुष्टि नहीं हो पा रही है। मृतक युवक मजदूरी का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। पूर्व में व टेंपो चलाने का भी काम करता था। जानकारी मिलने पर काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और शव को देखने लगे वहीं घटना की जानकारी आरपीएफ को भी दे दी गई है। सीआरपीएफ सबको अपने कब्जे में लेकर अग्रसर करवाई करते हुए परिजनों को सौंप दिया।

## करमाटांड़ में पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक

**करमाटांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करमाटांड़ सीताकाटा गांव स्थित महेंद्र मंडल के आवास पर पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत प्रतिनिधि मंच का निर्माण किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए छोटेलाल कोल, उपाध्यक्ष हेनो मरांडी, सचिव मंगल सोरेन, कोषाध्यक्ष हिमांशु मंडल, संगठन मंत्री अख्तर अंसारी, मीडिया प्रभारी के रूप में परमेश्वर दास एवं राजकुमार मंडल जबकि संरक्षक के रूप में महेंद्र मंडल एवं सुरेंद्र मंडल का चयन किया गया।

# दिवंगत पत्रकार के घर पहुंचे सांसद जयंत सिन्हा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** हिंदुस्तान खबर के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय प्रदीप जी का एक सड़क पर दुर्घटना होने के कारण उनकी मृत्यु हो गई हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा ने उनके आवास पर जाकर दुख प्रकट करते हुए कहा भगवान की यही मर्जी थी जिसे कोई टाल नहीं सकता वर्तमान में परिवारिक में जो समस्या हो उसका निदान करने के लिए मैं तत्पर खड़ा रहूंगा उनके परिवार के बड़े बेटा को अनुकंपा के आधार पर नौकरी की व्यवस्था की जाएगी छोटे बेटे का एडमिशन करवाना है और एक आवास की व्यवस्था करना है जो जीएम से मिलकर सीसीएल के रेस्क्यू भन में खाली पड़े मकान का इनके नाम से आवंटित करवाने का आश्वासन दिया है उन्होंने काफी दुख जताया भारतीय जनता पार्टी का संगठन सहित सांसद का यह दायित्व बनता है कि परिवार में इस दुखद घटना से मन दुखी है भगवान उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में दुख को सहने की क्षमता प्रदान करें यही विनती करता हूं इस परिवार के साथ में सदा खड़ा रहूंगा ।

## शिव फूल भंडार व डेकोरेशन का दीप प्रज्वलित कर उद्धाटन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** रविवार को विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव ने दुर्गा मंदिर बरकट्ठा के समीप शिव फूल भंडार एवं डेकोरेशन का दिप प्रज्वलित एवं फीता काटकर उद्धाटन किया।प्रतिष्ठान मालिक रवि गुप्ता एवं बिनोद गुप्ता ने विधिवत पूजा अर्चना कर दुकान का शुरुवात किया।मुख्य अतिथि संजय ने प्रतिष्ठान मालिक को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया साथ ही कहा कि यह स्वरोजगार का अच्छा पहल है।आज के समय में लोग शादी ब्याह में अच्छे डेकोरेशन के लिए बहुत दूर-दूर तक संपर्क करते हैं।अब लोगों को यहीं पे बेहतर सुविधा एवं सजावट मिलेगा। प्रतिष्ठान मालिक ने कहा कि हमारे दुकान खुलने से लोगों को काफी सुविधा मिलेगा।यहाँ पर सस्ता एवं बढ़िया क्वालिटी का सजावट किया जाता।दूल्हा एवं दुल्हन के गाड़ियों का बेहतरीन तरीके से सजावट किया जाएगा लोगों को इधर उधर भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।इस कार्यक्रम में विहीप प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव,मंत्री सत्यम भारती, प्रचार प्रसार प्रमुख धीरज गुप्ता, प्रतिष्ठान मालिक रवि गुप्ता एवं बिनोद गुप्ता, विक्की गुप्ता, संतोष गुप्ता, शेमारू गुप्ता, युवराज गुप्ता, शशि कुमार, विशाल कुमार, राजेन्द्र यादव, नीरज चंद्रवंशी, अनिल साव, राजू साव, आदि लोग उपस्थित हुए।

## 6 वी जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर की डीवीसी चौक स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद बैडमिंटन इनडोर स्टेडियम में एक दिवसीय जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग जिले के पांच टीम एवं विभिन्न विद्यालय से 200 से भी अधिक खिलाड़ी शामिल हुए।प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी ने पंच मार कर खेल का शुभारंभ किया। वही प्रतियोगिता का समापन शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने किया। हजारीबाग ताइक्कांडो संघ के सचिव हेमंत कुमार के द्वारा फूलों का गुलदस्ता एवं मोमेंटो देकर हर्ष अजमेरा का स्वागत किया गया। जिसके पश्चात अजमेरा ने सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। जिसके उपरांत प्रतियोगिता के दौरान जीत प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल एवं सिल्वर मेडल प्रदान किया। जीत प्रतिभागियों में रितिका भारद्वाज,अंशु प्रिया यादव एवं आदित्य गुप्ता,आरोही कुमारी, माही कुमारी,अमीषा अग्रवाल,नीलाद्री मिश्रा, रूपाली राज वर्मा, जया कुमारी, अंजू कुमारी यादव सहित कई प्रतिभागी बच्चों को मेडल प्रदान की गई।

## गोला प्रखंड के मुरूडीह गांव में हरि कीर्तन का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा गोला प्रखंड के मुरूडीह गांव में हरि कीर्तन का आयोजन किया गया शामिल हुई रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक ममता देवी वह पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो सर्वप्रथम भगवान के चरणों में माथा टेक कर आशीर्वाद लिए ग्रामीणों के साथ बैठ कर कीर्तन का आनन्द लिए साथ ही पुर्व विधायक जी ने कहा कि जिस तरह से प्रार्थना करने से शक्ति मिलती है, ठीक उसी तरह कीर्तन करना आत्मशक्ति बढ़ाता है कीर्तन करने से केवल मन ही नहीं तन भी शुद्ध होता है जब भी भक्त तन्मयता से भजन-कीर्तन करते हैं उनके मन में किसी भी तरह का राग-द्वेश नहीं रहता। कीर्तन करने से केवल भगवान की भक्ति ही नहीं होती बल्कि इससे मन की अशुद्धियां और दुगुर्ण भी दूर होते हैं। यही कारण है कि भजन-कीर्तन करने वालों के मन शांत होता है और जब वे किसी भी कार्य को करते हैं तो पूरी तन्मयता के साथ करते हैं।साथ ही पश्चिम बंगाल के कलाकारों के साथ भजन कीर्तन में झांझर भी बजाइ जिसमें कमेटी के तमाम पदाधिकारी गण शामिल थे एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बरही डीलर संघ का मासिक बैठक संपन्न, 18 माह का बकाया कमीशन नहीं मिलने पर जताया नाराजगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** प्रखंड परिसर में फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रखंड इकाई की मासिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश कुमार सिंह व संचालन प्रखंड अध्यक्ष डोमन पाण्डेय ने किया। मौके पर बताया गया की पिछले साल प्रधामंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का कमीशन करीब 14 माह से बकाया है, अब राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा 2023 जनवरी से अप्रैल तक 4 माह का कमीशन भी भुगतान नहीं किया गया। जिसके कारण डीलरों को आर्थिक तंगी का समाना करना पड़ रहा है। वहीं नाराजगी जताते हुए डीलरों ने कहा कि सरकार द्वारा दी गई ई-पोश मशीनें पुरानी हो गई है वर्ष हो गया है, कभी बैटरी प्रॉब्लम, कभी स्क्रीन प्रॉब्लम व अन्य तरह की समस्या आती रहती है। जिसके वजह से डीलर राशन वितरण के समय काफी लाभुक और दुकानदार परेशान रहते हैं। ई-पोश मशीन खराब, बैटरी डाउन, सर्वर डाउन, नेटवर्क फेल जैसी समस्या बनी रहती है। जिसके कारण लाभुकों और डीलरो के बीच नौक झौंक होते रहता है। ई-पोश मशीन खराब होने पर डीलरो को खुद अतिरिक्त खर्च कर बनाना पड़ता है। वर्तमान समय में सभी नेटवर्क फॉर जी हो गया परंतु ई पोश मशीन अभी भी टू जी से चल रहा है, जिसके कारण कभी सर्वर डाउन तो कभी नेटवर्क फेल रहने की समस्या बनी रहती है।

## एक दिवसीय संकुल स्तरीय सेवक-सेविका व चालक कार्यशाला आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में रविवार को संकुल स्तरीय सेवक, सेविका व चालक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें 110 कार्यकर्ताओं ने अपनी भागीदारी निभाई। अवसर पर मुख्य रूप से उद्घाटन सत्र के विद्या विकास समिति झारखंड प्रदेश के सचिव अजय कुमार तिवारी, अतिथि अरगड्डा जीएम (ऑपरेशन) सुजीत कुमार, समिति सदस्य शंकर लाल अग्रवाल, विभाग प्रमुख फणींद्र नाथ झा, विद्यालय सचिव सतीश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित हुए। अवसर पर मुख्य वक्ता विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहां कि कुछ लोग अपनी कार्य पद्धति से कार्य को श्रेष्ठ बना देते हैं। सभी को मिलकर संगठन भाव से काम करना चाहिए। कर्म को पूजा माननी चाहिए। वहीं विद्यालय सचिव सतीश कुमार श्रीवास्तव ने कहां कि आप सभी विद्यालय के आधार स्तंभ हैं। अपने कार्य को पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करें। अंत में सभी सेवक, सेविका, चालकों अन्यो की समस्याओं को सुना गया।

## सरदार प्रकाश सिंह बादल किसानों और कमजोर वर्गों के नेता थेः पूर्व सांसद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद नवीन जिन्दल ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सरदार प्रकाश सिंह बादल को बठिंडा के बादल गांव स्थित उनके आवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि श्री बादल लोकप्रिय और महान नेता थे, जो आजीवन किसानों और कमजोर वर्गों के हितों के लिए संघर्षरत रहे। श्री जिन्दल ने आज पंजाब के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सरदार सुखबीर सिंह बादल से मुलाकात कर उनके साथ दुख सांझा किया और पूरे परिवार को संकट की इस घड़ी में धैर्य बंधाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरदार प्रकाश सिंह बादल जनता के कल्याण के लिए आजीवन समर्पित रहे। वे एक नेकदिल इंसान थे, उनके निधन से राजनीति के एक युग का अंत हो गया। गौरतलब है कि शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक सरदार प्रकाश सिंह बादल का 27 अप्रैल को निधन हो गया था। वे 1970-71, 1977-80, 1997-2002 और 2007-2017 तक पांच बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे। वे आजीवन किसानों के हितैषी रहे। उन्हें 16 अप्रैल को सांस लेने में परेशानी होने पर मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां 27 अप्रैल को उनका निधन हो गया। वे पंजाब के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री रहे ही, सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड भी उनके नाम है।

## हमारी संस्कृति विरासत और परंपरा से जुड़ा है मंडा परब सुधीर मंगलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के सोसो पंचायत के ढुठूवा गांव में मंडा परब का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश उपस्थित हुए। मौके पर सुधीर मंगलेश ने कहा कि मंडा पर्व झारखंड की परंपरा और संस्कृति से जुड़ा हुआ है। जिसे खासकर झारखंड में लोग काफी उत्साह और जुनून के साथ लोग मनाते आ रहे है। यह पर्व अच्छी बारिश, खेत-बारी और समृद्धि के लिए मनाया जाता है। इस पर्व के दौरान भक्त आग पर चलने और ऊंचाई पर पीठ पर लगे हुक के सहारे झूलते हैं। इस दौरान श्रद्धा और भक्ति का ऐसा नजारा दिखता है जिसमें बड़े तो बड़े नन्हे बच्चे भी अपनी भक्ति की परीक्षा देते है। इस भक्ति के परीक्षा का उद्देश होता है कि भगवान के प्रति आस्था और प्रेम को दर्शना। पर्व में सभी अच्छी बारिश की कामना करते हैं ताकि हर घर में सुख-शांति बनी रहे और परिवार में खुशियां आएं।मौके पर युवा सम्राट कृष्णा भाई कुमार महेश सोसो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जादू महतो उत्तम कुमार विजय कुमार मंडा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र महतो सचिव प्रकाश कुमार कोषाध्यक्ष सुरेश महतो उपाध्यक्ष टिकेश्वर महतो उपसचिव सुनिल कुमार उपकोषाध्यक्ष नारायण कुमार दिनेश महतो आशिष सुनील विरेंदर संदेश अनिल बीरबल रंजीत राजू गौतम देव किशोर सूर्य सूरज रमेश मनीष मुकेश शशि कमलेश जीतन श्रवन रोहित धीरेंद्र गंगा दीपक भागीरथ कपिल करमाली सकलदेव व सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## अनुमंडलिय साहू समाज के कोषाअध्यक्ष बने राजदेव गुप्ता व बरही प्रखंड अध्यक्ष बने सुनील साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग):** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के बरही अनुमंडलीय अध्यक्ष अमित साहू ने समिति का विस्तार किया। समिति का विस्तार चौपारण स्थित साहू भवन में आयोजित बैठक के दौरान किया गया। जिसमें बरही अनुमंडलीय साहू समाज के कोषाध्यक्ष के रूप में बरही के राजदेव कुमार गुप्ता व बरही प्रखंड अध्यक्ष के रूप में सुनील साहू का चयन किया गया। मौके पर राजदेव गुप्ता व सुनील साहू ने कहा कि जो भी जिम्मेवारी अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के द्वारा दी गई है उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ रहूंगा। वही सुनील साहू ने कहा की बरही में साहू समाज का संगठन कैसे और मजबूत हो, और हमारा समाज कैसे आगे बढ़े इसके लिए मैं लगातार प्रयासरत रहूंगा। वहीं उन्होंने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को मिटाना मेरा पहला लक्ष्य होंगा, ताकि हमारा समाज सही दिशा में विकास के रथ पर आगे बढ़ सके।

## मुखिया उत्तम महतो का चयन 100 वें एपिसोड के लिए प्रखण्ड स्तर पर हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत सारूकुदर पंचायत मुखिया सह मुखिया संघ प्रखण्ड अध्यक्ष उत्तम महतो का चयन 100 वें संस्करण प्रधानमंत्री मन की बात में प्रखण्ड स्तर में हुआ।मुखिया उत्तम महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि ,जब मुझे फ़ोन पर जानकारी मिली कि दिनांक 30 अप्रैल 2023 को समय 10 बजे पूर्वाह्न से मन की बात कार्यक्रम प्रसारण होना है।सूचना पाकर मेरे मन मे उत्सुकता एवं कौतूहल हुआ जिसे मैं अपने शब्दों में बयां नही कर सकता । आज मैं अपने पंचायत सचिवालय में अपने सहयोगियों एवं ग्रामीणों की बीच मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण को सुना । 100 वें संस्करण में मुझे प्रखण्ड स्तर पर चुना गया इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूँ।

### लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

## देश में कार्य हो रहा है : रिजवान खान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** पटेल भवन हरमू में 100 वे प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य राकेश भास्कर, राज्य हज समिति के पूर्व चेयरमैन रिजवान खान, क्षेत्र के गणमान्य लोग, और भारी संख्या में अल्पसंख्यक वर्ग के लोग उपस्थित हुए एवं मोदी जी को सुना। खान ने बताया कि देश में विकास कार्य हो रहे हैं धीरे-धीरे अल्पसंख्यक वर्ग कार्य से प्रभावित हो रहा है और उन सब को लाभ मिल रहा है इसके लिए वे भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की सरकार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो सरकार चल रही है उनको पूरा श्रेय दे रहे हैं। आने वाले 2024 के चुनाव में देश की जनता दोबारा नरेंद्र मोदी जी को उनके द्वारा हर वर्ग के लिए हर क्षेत्र के लिए विकास कार्य करने के लिए सत्ता देगी। भाजपा के स्लोगन के अनुसार देश में कार्य हो रहा है सबका साथ सबका विकास के तहत सब वर्ग के लिए कार्य हो रहे हैं।

# अवैध कोयला खनन के दौरान धंसी चाल, 3 लोग दबे, 5 घर क्षतिग्रस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** निरसा थाना क्षेत्र के देवियाना स्थित ईसीएल के 9 नंबर माइंस के पास अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से 3 लोग दब गए और 5 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि इस घटना में तीन लोग अवैध मुहाने में फंसे हुए हैं। जबकि 500 फीट से ज्यादा के दायरे में भू-धसान की घटना हुई है। दहशत में लोग घरों से बाहर भाग खड़े हुए ताकि वे सुरक्षित रह सकें।

**खाना खा रहे थे लोग, ढाई बजे हुई दुर्घटना**

अवैध कोयला उत्खनन की वजह से देबियाना गांव का अधिकतर क्षेत्र खोखला हो चुका है। बताया जा रहा है कि लोग दोपहर का खाना खा रहे थे कि तभी जमीन फटने की आवाज आने लगी। लोग भागकर घर से निकले तो कुछ ही पल में पूरा का पूरा इलाका धंसने लगा। लोग जान बचाकर खुली जगह चले गए ताकि वे किसी बड़े हादसे का शिकार ना हो जाएं।



**ग्रामीणों का आरोप कोयला माफिया ने जमीन खोखली की**

ग्रामीणों में स्थानीय प्रशासन और कोयला माफिया के खिलाफ काफी आक्रोश दिखा। लोगों ने बताया कि घर फट चुके हैं। बड़ी बड़ी दरारें उन्हें डरा रही हैं। दिन को तो वे बाहर खुले में रह लेंगे लेकिन रात को गुजारा कैसे होगा। उन्हें सिर छिपाने के लिए छत चाहिए, उनके साथ न्याय हो। घटना के कई घंटा बीत जाने के बावजूद प्रशासनिक अमला बेखबर सोया हुआ है। प्रशासन का कोई भी नुमाइंदा मौके पर स्थिति का जायजा लेने नहीं पहुंचा है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। भूधसान के कारण पांच घर क्षतिग्रस्त हुए हैं जिनमें दिलीप बाउरी, बिनोद बाउरी, काबुली बाउरी, कोका बाउरी और माला बाउरी का घर शामिल हैं। जमीन से दीवार तक हर जगह सिर्फ दरारें ही दरारें दिख रही हैं।

**मामले को सलटाने में जुटा प्रबंधन**

घटना के चार घंटे बाद भी ईसीएल कोलयरी प्रबंधन का कोई नुमाइंदा मौके पर नहीं पहुंचा। यहां तक कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी मामले को दबाने की कोशिश में जुटा है। धनबाद जिलाधिकारी मीटिंग कर अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करने और टास्क फोर्स बनाने की बात करते हैं लेकिन अवैध कोयला उत्खनन जारी है। घटना के बाद धनबाद डीसी से लेकर निरसा अंचल अधिकारी और ईसीएल मुगमा महाप्रबंधक तक कोई फोन रिसीव नहीं कर रहा है। बहरहाल भूधसान से प्रभावित लोगों को राहत कब और कैसे मिलेगी यह बड़ा सवाल है।

## निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को रोटरी गिरिडीह द्वारा रोटरी नेत्र चिकित्सालय में निःशुल्क बोन मिनरल डेनसिटी जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से मशीन द्वारा हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा की जांच की गई।रोटरी गिरिडीह द्वारा आयोजित निःशुल्क शिविर में कुल 100 लोगों की जांच की गई जिसमें से 80 लोगों के शरीर में कैल्शियम की मात्रा कम पाई गई। जिन लोगों में कैल्शियम की मात्रा कम पाई गई उनलोगों को क्लब के द्वारा कैल्शियम एवं विटामिन-डी की दवा निःशुल्क दी गई।इस शिविर का आयोजन दवा कंपनी इंडिकेमी हेल्थ स्पेशल प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया गया। कैंप को सफल बनाने में रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष डॉ मोहम्मद आजाद, सचिव अमित गुप्ता,प्रमोद अग्रवाल, विनोद जैन, डॉ0 राम रतन केडिया, डॉ विनय गुप्ता,रवि बगड़िया, मनीष तारवे, लक्खी प्रसाद गौरीसरिया, दिलीप जैन, देवेंद्र सिंह, संतोष अग्रवाल, अभिषेक जैन, राजेंद्र भारतिया, विकास बगेड़िया, रजनीश कुमार, विकास कुमार, श्रीधर कुमार, इत्यादि का अहम योगदान रहा।

## स्प्रिंग रोज स्कूल में चला एमआर टीकाकरण अभियान

### सैकड़ों बच्चों को लगाया गया एमआर का टीका

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मीजल्स रूबेला उन्मूलन को लेकर



12 अप्रैल से शुरू एमआर अभियान कार्यक्रम के 18वें दिन जिले के 31373 बच्चों को मीजल्स रूबेला का टीका दिया गया। सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया अब तक कुल 421547 बच्चों को मीजल्स रूबेला का टीका दिया जा चुका है। उन्होंने सभी से अपील की है कि 9 माह से 15 वर्ष तक के सभी बच्चों को मीजल्स रूबेला का टीका अवश्य लगवाएं ताकि हर एक बच्चा स्वस्थ और सुरक्षित रहे। इसी क्रम मे वार्ड संख्या 14 के वासेपुर स्थित स्प्रिंग रोज़ स्कूल मे भी टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमे सैकड़ों बच्चों को मीजल्स रूबेला का टीका दिया गया। इस दौरान बच्चों एवं उनके अभिभावकों मे टीकाकरण के प्रति काफी उत्साह देखा गया। सुबह से ही बच्चे कतारों मे खड़े दिखाई दिये। कार्यक्रम को सफल बनाने मे स्प्रिंग रोज़ स्कूल के प्रचार्य इमरान अहमद एवं समस्त स्कूल प्रबंधन की सराहनीय भूमिका रही।

## श्रीमद् भागवत सह एकादशी व्रत उद्यापन में शामिल हुए दीप नारायण सिंह

**पूर्वी टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी, रतनपुर में गोपाल पांडे,



अध्यक्ष क्षेत्रीय ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में आयोजित छह दिवसीय श्री श्री 1008 श्रीमद् भागवत सह एकादशी व्रत उद्यापन के चौथे दिन जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह शामिल हुए। इस दौरान जजमान विनोद पांडे ने बताया कि एकादशी उद्यापन कथा में काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे - बच्चियां शामिल होते हैं। प्रतिदिन विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण से माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से क्षेत्र में भक्ति और अध्यात्म का माहौल बनता है। लोगों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिसके परिणाम स्वरूप लोगों के जीवन सुख, शांति और समृद्धि आती है। इस अवसर पर युवा जदयू टुंडी प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार पांडे, गोपाल चन्द्र गोप,इंदल सिंह,प्रिंस कुमार, मधुसूदन पांडे, कामेश्वर पांडे, मिथिलेश पांडे, सुरेश पांडे, अश्विनी पांडे, हकीम पांडे, सूरज पांडे आदि उपस्थित हुए।

## मां भगवती जागरण का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सहजानंद नगर, धनबाद में मां भगवती जागरण का भव्य आयोजन किया गया। प्रातः 7 बजे कलश यात्रा आरंभ की गई जिसमें श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भाग लिया। मां भगवती जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना से गायक कृपांशु सिंह एवं कलाकार सुनीता सिंह, पिंटू शर्मा, अनूप राज, रजनी मेहरा ने किया। इसके बाद एक से बढ़कर एक कलाकारों द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुगण रात भर झूमते नजर आए।

## प्रधानमंत्री की सुप्रसिद्ध कार्यक्रम मन की बात का हुआ आयोजन



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के कोल्हर मोड़ में आज रविवार को प्रधानमंत्री की सुप्रसिद्ध कार्यक्रम मन की बात का आयोजन दीप प्रज्वलित कर किया गया। बताया जाता है कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन हर माह का अंतिम दिन किया जाता है।आज के मन की बात का आयोजन दीप प्रज्वलित कर एवं आमंत्रण कार्ड वितरण कर अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील किया गया मौके पर भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा, जिला महामंत्री दिनेश सिंह, विजय कुमार मंडल, टुंडी प्रखंड अध्यक्ष अवध किशोर चौधरी,फैनीलाल यादव,नितीन राम, तिलक मंडल, प्रदीप कुमार पंडा, मंटू मंडल समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए।

## आजसू नेता के गिरफ्तारी की मांग, पीड़ित परिवार ने किया भूख हड़ताल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहर में रंगदारी वसूलने का धंधा इन दिनों जोरों पर है। जिसे देखो वह किसी न किसी को धमकाकर या हथियार दिखाकर पैसे की उगाही में जुड़ा हुआ है। लेकिन पुलिस-प्रशासन मौन रहकर चुपचाप तमाशा देखने का कार्य कर रही है। जिससे अपराधी प्रवृत्ति वाले लोगों का मनोबल बढ़ा हुआ है। ऐसे में अपराधियों के बाद अब नेताओं ने भी रंगदारी की बागडोर अपने हाथों में ले ली है। ऐसा ही एक मामला रविवार को शहर के रणधीर वर्मा चौक पर दिखा। जहां एक परिवार आजसू नेता हीरालाल महतो के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठा हुआ है। धरना पर बैठी केरिया महताइन और उसके परिजनों का कहना है कि वह लोग पिछले कई दिनों से आजसू नेता हीरालाल महतो के असामाजिक हरकत और रंगदारी मांगे जाने से डरे व सहमे हुए है। इस वजह से वह लोग रणधीर वर्मा चौक पर बैठकर अपनी आवाज स्थानीय प्रशासन तथा मीडिया तक पहुंचाने की



कोशिश में जुटे हुए है। रणधीर वर्मा चौक पर भेलाटांड़ निवासी पीड़ित परिवार आजसू नेता हीरालाल महतो के खिलाफ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ कर उसकी गिरफ्तारी की मांग कर रहा है। भूख हड़ताल पर बैठे पीड़ित परिवार ने बताया कि हीरालाल महतो द्वारा भेलाटांड़ के ग्रामीण को भड़का कर उस परिवार के सदस्यों पर जानलेवा हमला कराया। जिसमें सभी लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे। उसके बाद उन्होंने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया था। जिसके बाद बरवाअड्डा थाना की पुलिस आरोपी हीरालाल महतो को गिरफ्तार की। परंतु राजनीतिक दबाव में हीरालाल महतो को मुक्त कर दिया। पुलिस हिरासत से छूटने के बाद हीरालाल महतो उसके परिवार को बुरे अंजाम भुगतने की धमकी दे रहा हैं। जिसके बाद वह लोग पूरे परिवार के साथ रणधीर वर्मा चौक पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। पुलिस प्रशासन हीरालाल महतो को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम करें नहीं तो यह भूख हड़ताल लगातार जारी रहेगा।

## वज्रपात से एक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो जिला के पिंड्राजोरा गांव निवासी 25 वर्षिय बिरंची बाउरी पिता मलिन्द बाउरी का देहांत गुमला स्थित एक क्रेशर में ड्रील मशीन चलाते समय आकाशीय बिजली गिरने के कारण उनकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतक बिरंची बाउरी माता पिता का एक लौता संतान था। इस घटना से माता पिता सहित दो बिरंची के दो बच्चे और पत्नी पर एक बहुत बड़ा आफत खड़ा हो गया। जहां मां बाप का बुढ़ापे का सहारा तो गया वही दोनो बच्ची का दुनिया ही लुट गई। ये ही सब बोल बोल कर माता पिता व पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। बिडंबना देखिये कि बिरंची 27 अप्रैल को अपने घर से गुमला काम करने के लिए गया था और दुसरे दिन 28 अप्रैल को बज्रपात के कारण मौत हो गई। महज 36 घंटे में ही बिरंची के दो छोटे - छोटे बच्चे पत्नी और माता पिता पर बिधाता ने कहर बरपा दिया। शनिवार गुमला से बिरंची का शव पिंड्राजोरा पहुंचते लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी इसी बीच झामुमो के नेता सह समाजसेवी किरण चन्द्र बाउरी बुढ़े माता पिता व उसकी पत्नी को ढांढ़स बंधाया और इस प्राकृतिक घटना से हुई मौत पर ईश्वर से दृढ़ इच्छा शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की साथ ही श्री बाउरी ने झारखंड सरकार से मृतक की पत्नी को जल्द से जल्द मुवाअजा दिलाने की आश्वासन दिया।

## मोदीजी मन की बात नहीं, जन की बात करें : सिंह

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने प्रेस-विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मोदी जी को देश में मन की बात नहीं जन की बात करनी चाहिए। मोदी जी के मन की बात एपिसोड का उत्सव मना कर भाजपा इमोशनल कार्ड का उपयोग कर अपनी विफलताओं को छुपाने एवं लोगों को दिग्भ्रमित करने का काम कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को लोगों से किए गए वादे का उल्लेख किया जाना चाहिए जिसे उन्होंने अब तक पूरा नहीं किया है। मोदी सरकार ने लोगों को 15 लाख देने की वादा, कालाधन लाने का विश्वास एवं लाखों बेरोजगारों को रोजगार देने का जो आश्वासन दिया था वह सिर्फ और सिर्फ जुमला साबित हुआ है। मोदी सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है। देश में महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। लोग आर्थिक संकटों से जूझ रहें हैं। वर्तमान परिस्थिति में देश में मध्यमवर्ग, बेरोजगार, युवा, महिलाएं, किसान त्रस्त एवं परेशान हैं। मोदी सरकार सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने पर विफल रही है। मोदी सरकार के कार्यों एवं कार्यप्रणाली से देश की जनता हतोत्साहित एवं आक्रोशित है। देश की समस्याओं से मोदी सरकार को कोई सरोकार नहीं सिर्फ उनका मकसद अपना साम्राज्य कायम रहे। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश हित में अनगिनत योजनाओं को धरातल पर उतारकर लोगों के जीवन और जीविका से जोड़ते हुए उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

## नृत्यांगन के विद्यार्थियों ने अपने नृत्य से दर्शकों का जीता दिल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** न्यू टाउन हॉल में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर प्रख्यात डांस प्रशिक्षिका तनुश्री राय द्वारा 'नृत्यांगन' सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की शुरुआत कर्नल जे के सिंह, नितिका सिंह, नृत्यांगन की निर्देशिका तनुश्री राय, समाजसेवी अनीता अग्रवाल, प्रख्यात आर्टिस्ट शिव शंकर धर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में नृत्यांगन संस्था के 45 नृत्य विद्यार्थियों ने तनुश्री राय के निर्देशन में एक से बढ़कर एक समस्त भारतीय प्रांतों की एकल एवं ग्रुप सांस्कृतिक नृत्य पेश कर दर्शकों की तालियां एवं तारीफ बटोरी।

## सियालदह-जयनगर-सियालदह गंगा सागर एक्सप्रेस का आसनसोल मंडल के जामताड़ा स्टेशन पर ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा हेतु रेल प्रशासन द्वारा आसनसोल मंडल के जामताड़ा स्टेशन पर तीन जोड़ी ट्रेनों का प्रायोगिक तौर पर छः माह के लिए दो मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 13287/13288 दुर्ग-राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस - दिनांक 01.05.2023 से दुर्ग से खुलकर 02.05.2023 को जामताड़ा पहुंचने वाली गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-राजेन्द्रनगर साउथ बिहार एक्सप्रेस 01.04 बजे जामताड़ा स्टेशन पहुंचेगी और 01.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह, दिनांक 01.05.2023 से राजेन्द्रनगर से खुलकर 02.05.2023 को जामताड़ा पहुंचने गाड़ी संख्या 13288 राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस 02.16 बजे जामताड़ा स्टेशन पहुंचेगी तथा 02.18 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

2. गाड़ी सं. 18449/18450 पुरी-पटना-पुरी बैद्यनाथधाम एक्सप्रेस - दिनांक 01.05.2023 से पुरी से खुलकर 02.05.2023 को जामताड़ा पहुंचने वाली गाड़ी संख्या 18449 पुरी-पटना बैद्यनाथधाम एक्सप्रेस 02.54 बजे जामताड़ा स्टेशन पहुंचेगी और 02.56 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह, दिनांक 03.05.2023 से राजेन्द्रनगर से खुलकर 03.05.2023 को ही जामताड़ा पहुंचने गाड़ी संख्या 18450 पटना-पुरी बैद्यनाथधाम एक्सप्रेस 14.00 बजे जामताड़ा स्टेशन पहुंचेगी तथा 14.02 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

3. गाड़ी सं. 13185/13186 सियालदह-जयनगर-सियालदह गंगा सागर एक्सप्रेस- दिनांक 01.05.2023 से सियालदह से खुलकर 02.05.2023 को जामताड़ा पहुंचने वाली गाड़ी संख्या 13185 सियालदह-जयनगर गंगा सागर एक्सप्रेस 22.48 बजे जामताड़ा स्टेशन पहुंचेगी और 22.50 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

## बालू चोरों के खिलाफ चलाया गया छापेमारी अभियान, एक ट्रैक्टर जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी में अवैध रूप से बालू बेचने वालों के खिलाफ व्यापक रूप से छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमें एक ट्रैक्टर और करीब पांच स्टाकिस्टों पर मामला दर्ज होने की समाचार प्राप्त हुआ है। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी अंचलाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी एवं टुंडी थाना प्रभारी अनिल कुजुर के नेतृत्व में सिदुवारीटांड समेत कई बालू घाटों में छापेमारी चलाकर एक ट्रेक्टर समेत पांच स्टाकिस्टों पर छानबीन कर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस छापेमारी अभियान से बालू के अवैध कारोबारियों में हड़कंप



मच गया है। इधर पश्चिमी टुंडी के मनियांडीह थाना में भी एक बालू लदे टेक्टर जब्त करने की समाचार प्राप्त हुआ है।

## ईद मिलन समारोह का हुआ आयोजन, कौमी एकता की दिखी मिसाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन केंदुआ में ईद मिलन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें कौमी एकता की मिसाल देखने को मिली। कार्यक्रम मे 34 कमेटियों के अध्यक्ष व सचिव ने शिरकत कर सभी को गले लगाए और एक दूसरे को ईद की बधाइ और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के आयोजक कोलकाता से आए केजीएन फाउंडेशन के अध्यक्ष हाजी गुलाम ख्वाजा ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। फाउंडेशन के सचिव मौलाना आबिद रजा फैजी ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा की हमारा देश विभिन्नताओं में एकता का देश है। किसी भी मुल्क समाज व कौम की तरक्की के लिए लोगों में आपसी प्रेम व सद्भाव जरूरी है। नौजवान एकता फाउंडेशन के सचिव शाहनवाज खान ने अपने वक्तव्य में कहा के हम सभी धर्म के लोग एक साथ मिलजुल कर सभी त्योहार मनाते हैं ताकि हमारी एकजुटता और भाईचारा बनी रहे। वहीं ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी जमीर आरिफ ने फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह फाउंडेशन विगत 5 वर्षों से राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ कर सेवा, संस्कार, सद्भाव और समरसता के कार्यक्रम का आयोजन करती है जो की काबिल ए तारीफ है। अंत में अंजुमन फैजुल इस्लाम केंदुआ नंबर 4 के सदर मोहम्मद कलाम ने आए हुए सभी अतिथियों का शुक्रिया अदा कर कार्यक्रम का समापन किया। ईद मिलन समारोह को सफल बनाने में फाउंडेशन के सभी सदस्य विशेषकर मोहम्मद जमील, मंजर अंसारी, गुलाम अहमद रजा, समाजसेवी मुनव्वर अंसारी, मोहम्मद कलामुद्दीन, शमशाद आलम, मास्टर मुमताज, जावेद, मिस्टर अंसारी, मो वकार, सनाउल, मो निजाम, अब्दुल कद्दूस, बदरुद्दीन, साहिर खान आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## जीतपुर कोलियरी को पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिलने के कारण 350 ठेका मजदूरों ने किया पलायन, इसका जिम्मेदार कौन ?

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिलने के कारण 14 महीने से सेल के जीतपुर कोलियरी बंद होने के कारण उत्पादन ठप है। 800 ठेका मजदूर बदहाल है। काम नहीं मिलने के कारण लगभग 350 ठेका मजदूर पलायन कर गए। बचे हुवे मजदूर की हालत बद से बदतर होती जा रही है। ऐसे मे सबसे बड़ा सवाल ये है की पलायन कर गए मजदूरों का जिम्मेदार आखिर कौन है ? महिना का 6 हज़ार टन कोयला उत्पादन करने वाली सेल के जीतपुर कोलियरी पर्यावरण



स्वीकृति नहीं मिलने के कारण 84 हज़ार टन का नुकसान हो चूका है। अगर पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिली तो ये नुकसान आगे भी जारी रहेगा। जीतपुर कोलियरी के शाखा सचिव सुरेश सिंह का कहना है की अगर कोलियरी चालू भी हो गया तो काम करने के लिए मजदूर कहां से लाएंगे और बिना ट्रेनिंग लिए मजदूर आखिर काम कैसे करेगा?

पत्रकारों से बात करते करते भावुक हुए सुरेश सिंह ने कहा की कई मजदूर की बच्ची की शादी नहीं हो पा रही है। काम के लिए दर दर भटक रहे हैं। दिहाड़ी पर भी काम नहीं मिल रहा है। जामाडोबा रूबी मार्किट के पास जीतपुर ठेका मजदूर काम की तलाश में खड़े हर रोज़ देखने को मिलेंगे। जीतपुर के ठेका मजदूर का बहुत बुरा हाल है। आधिकारी बात करने को तेयार नहीं। असंगठित मजदूर मोर्चा के केंद्र सचिव रामप्रवेस यादव का कहना है की प्रबंधक पर्यावरण स्वीकृति की जानकारी पूर्ण रूप से देना नहीं चाहती। उसे डर है की कहीं मजदूर को सही जानकारी प्राप्त ना हो जाये। इस लिए आज कल कर बात को टाल मटोल कर सच्चाई को छुपाना चाहती है। जीतपुर महा प्रबंधक मजदूर विरोधी है। हमारे देश में मजदूरों का शोषण आज भी जारी है। साथ ही मजदूर दिवस को लेकर अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 46 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच व इलाज कराकर हुए लाभान्वित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 45 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। रांची से आए महिला एवं दंत विशेषज्ञ डॉ अंजली सुमन, डॉ कुमुद अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम और वीर शहीद जवान अमर रहे का नारा लगाएं। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 46 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने डॉ अंजली सुमन को भागवत गीता व सेवा भारती की पुस्तिका देकर देकर सम्मानित किए। डॉ



अंजलि सुमन ने कहा कि स्वास्थ्य रहना ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है सुबह-सुबह शारीरिक व्यायाम एवं योग से भी बहुत सी बीमारियों से छुटकारा मिल सकता है,हर व्यक्ति को नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहना चाहिए। समाजसेवी दीपक सर्राफ ने हमें दूसरी बार शिविर में बुलाकर सेवा करने का मौका दिया और इनके द्वारा प्रत्येक सप्ताह यह स्वास्थ्य शिविर लगाकर निशुल्क सेवा करना काफी प्रशंसनीय है। और कही की जब भी हमें लोहरदगा आने के का मौका मिलेगा तो अवश्य शिविर में आकर अपना सेवा दूंगी। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ व सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है,जो कि प्रत्येक सप्ताह निरंतर चलते रहेंगे, आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉ कुमुद अग्रवाल एवं महिला डॉ अंजली सुमन से लोग अपना बीमारियों का चेकप कराते हुए परामर्श भी लिए। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, डॉ अंजली सुमन, सहसचिव संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह, रामजतन साहू, अनिल प्रजापति, मीरा मोदक, दिनेश कुमार मोदक, मनोज साहू, दिलीप साहू, दयानंद प्रसाद, सुमीत कुमार विश्वकर्मा, दिलीप कुमार सिंह, प्रभादेवी, सुबोध महतो, श्याम नारायण मिश्र, अनिल वर्मा, प्राण महतो, धनंजय प्रसाद अग्रवाल, अतुल सर्राफ, आरती देवी, विक्की कुमार, किरण सिंह, कमलेश प्रसाद, मीरा देवी, रुहदेव उरांव, सुनील अग्रवाल, रंजीता कुमारी, रामेश्वरी देवी, ममता बंका, माला कुमारी, अंजली सर्राफ, किशोर बंका, मोहम्मद इसफार, अर्चना अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अमर पोद्दार, राजेश्वरी देवी, उदय प्रसाद कास्यंकार आदि थे।

# अवैध शराब के विरुद्ध चला छापामारी बहुल मात्रा में हुआ देशी शराब नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** ठेठईटाँगर पुलिस लगातार अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चला रही है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर और थाना प्रभारी ठेठईटाँगर की अगुवाई में ठेठईटाँगर पुलिस ने शनिवार को अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने सोमवार को ठेठईटाँगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत जोराम में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी की। छापामारी के क्रम में पुलिस ने यहां बहुल मात्रा में जावा महुआ नष्ट किया। साथ ही शराब बनाने वाले बर्तनों को नष्ट भी कर दिया और यह चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसा ना करे अन्यथा क़ानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# उदरंगी गांव में गार्डवाल निर्माण होने से जनता को होगी आवागमन में सुविधा : आलोक साहू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ भंडरा प्रखंड के ग्राम उदरंगी पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। श्री साहू ने ग्रामीणों को बताया कि इस गांव की सबसे मुख्य समस्या उदरंगी बड़ा तालाब में गार्डवाल निर्माण का था जिसकी स्वीकृति मिल गई है जल्द ही इसका निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। श्री साहू ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उदरंगी गांव आते थे तो ग्रामीणों का कहना था कि बड़ा तालाब में गार्डवाल नहीं होने के कारण वर्षा के मौसम में मिट्टी के कटाव के कारण रास्ता काफी संकीर्ण हो गया है जिसके कारण वर्षा के मौसम में चार चक्का गाड़ी का आवागमन ठप हो जाता है। जामुन टोली, पतराटोली, सेगरा टोली, भैसमुंदो,पावर स्टेशन इत्यादि गांव में राशन पहुंचाने, बीमार व्यक्ति को आने-जाने के साथ-साथ अन्य कार्य हेतु चार चक्का गाड़ी नहीं जाने के कारण जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था तो कितने बार दुर्घटनाएं भी घटी है। गार्डवाल निर्माण हो जाने के बाद लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। श्री साहू ग्रामीणों के साथ तालाब में बनने वाले गार्डवाल के स्थान का मुआयना भी किए। तालाब में गार्डवाल निर्माण की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों काफी हर्ष व्यक्त करते हुए झारखंड सरकार का आभार प्रकट किए। मौके पर रवि शंकर उरांव, संदीप उरांव, समीम अंसारी, बंदे उरांव, तेम्बा उरांव, मनबीत उरांव, धनेश्वर उरांव, सोहन उरांव, रविन्द्र उरांव, रंजीत उरांव, सानू उरांव, सोमरा उरांव, दीनबंधु उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# झारखंड ट्रक ओनर्स एसोसिएशन लोहरदगा, गुमला, लातेहार की एक अहम बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड ट्रक ओनर्स एसोसिएशन लोहरदगा, गुमला, लातेहार की एक अहम बैठक एसोसिएशन अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक पर विशेष रूप से जिला परिषद सदस्य सह ट्रक ऑनर संदीप कुमार गुप्ता उपस्थित थे। बैठक पर वर्तमान में परिवहन कार्य पर हो रहे कठिनाइयों पर चिंता जताते हुए चर्चा की गई, लोगों ने कहा कि सरेंगदाग माइंस क्षेत्र में चलने वाले ट्रक मालिकों की स्थिति काफी ही दयनीय है,एवं सरेंगदाग, बंद के कगार पर है,और कंपनी का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। वर्तमान में कंपनी ने सरेंगदाग क्षेत्र में चलने वाले ट्रकों में से 50 ट्रकों का नंबर ऊपर पाठ के चिरोड़ी माइंस में चलने का लिस्ट जारी की है,जबकि सरेंगदाग माइंस क्षेत्र में करीबन 225 गाड़ियां चलती है तो किस आधार पर सिर्फ 50 ट्रकों का नंबर का लिस्ट



निकाला गया है,और बाकी बचे ट्रकें क्या गुनाह किए हैं कि वे ट्रकों को चिरोड़ी चलने से वंचित रखा गया। इस संबंध में सभी ट्रक मालिकों से कभी भी किसी तरह का कोई सहमति भी नहीं ली गई,यह खेद का विषय है,और कंपनी ने 15 ट्रकों को चिरोड़ी माइंस से लोडिंग भी दे दी,जोकि अनुचित है। इसको लेकर सरेंगदाग क्षेत्र में चलने वाले सभी ट्रक मालिक काफी आक्रोशित है,और इसके विरोध में आंदोलन करने को विवश हो रहे हैं। अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि बॉक्साइट यहां का लाइफ लाइन है,इस व्यापार से हजारों-हजार घरों का रोजी रोजगार जुड़ा हुआ है,इस पर किसी भी प्रकार का राजनीतिकरण नहीं होनी चाहिए,कंपनी को इस क्षेत्र में व्यापार करना है तो उन्हें भी सभी को साथ में लेकर चलना चाहिए,और एक समान सभी को हक अधिकार देना चाहिए,जिससे कि किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न ना हो और व्यापार सुचारू रूप से चलते रहे। जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता ने कहा कि माल सीमित है और कंपनी गाड़ियों की संख्या बढ़ाते जा रहा है जिस कारण सभी ट्रक मालिक काफी परेशान के साथ-साथ कर्ज में और डूबते जा रहे हैं इस पर हम सभी को गहन चिंतन करना होगा। निर्णय लिया कि इस संबंध में,राज्यसभा सांसद, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन एवं हिंडालको प्रबंधन को पत्राचार कर सभी मुद्दों की सूचना दिया जाएगा, एवं जल्द ही एक बैठक कर आगे का रूपरेखा तैयार किया जाएगा।

## मन की बात से देश में जनभागीदारी बढ़ी : विमला प्रधान

# मन की बात दे रहा है देश को नई दिशा : सुशील श्रीवास्तव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात का 100 वां संस्करण भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना सिमडेगा जिले में लगभग 200 बूथों पर 15000 कार्यकर्ता आज मन की बात सुने। मन की बात में प्रधानमंत्री जी ने जनभागीदारी के माध्यम से स्वास्थ्य शिक्षा लोकल फॉर वोकल संस्था एवं पर्यावरण के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की चर्चा की। मन की बात सुनने के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की आज ऐतिहासिक दिन है प्रधानमंत्री जी के मन की बात का आज 100 वा एपिसोड है, आज मन की बात सिर्फ भाजपा कार्यकर्ता ही नही बल्कि सभी लोग सुन कर प्रेरणा लेते हैं। मन की बात सुनते हो पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की मन की बात के द्वारा ही प्रधानमंत्री जी के आवाहन से देश में शिक्षा स्वास्थ्य एवं अन्य क्षेत्रों में जनभागीदारी बढ़ी है। कुरडेग प्रखंड के कुटुमा कछार में मन की बात सुनते हुए केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि आज प्रधानमंत्री जी की मन की बात देश को एक नई दिशा दे रहा है प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर लोकल फ़ॉर भोकल स्टार्टप इंडिया जैसे प्रयासों को गति मिली आज पूरे देश को ही इंतजार रहता है कि प्रधानमंत्री जी की मन की बात को सुने एवं उससे प्रेरणा लें।

# लव जिहाद, लैंड जिहाद व धर्मांतरण का खेल बंद हो वरना होगी बड़ी आंदोलन : दीपक साहू



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू प्रखंड क्षेत्र के मराडीह गांव में जय श्री राम समिति की बैठक दीपक साहू की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला सह कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद,नगर अध्यक्ष दीपक साहू,कार्यकारी अध्यक्ष राहुल कुमार,महामंत्री संजय पासवान उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार को लेकर विशेष चर्चा की गई जिसमें सर्वसम्मति से कमेटी का विस्तार किया गया। अध्यक्ष सूरज भारती कार्यकारी अध्यक्ष दीपेन्द्र दीपू भारती महामंत्री अकाश कुमार उपाध्यक्ष जय प्रकाश उरांव, जगजीत भारती, अकाश भारती कोषाध्यक्ष धीरज कुमार संगठन मंत्री कार्तिक उरांव,प्रसून भारती, रामायण विश्वकर्मा, शिवम भारती, सौरभ भारती, रोशन कुमार मीडिया प्रभारी आलोक रंजन को बनाया गया। दीपक साहू ने कहा लव जेहाद एवं धर्मांतरण का पूरे हिंदुस्तान में ऐसा खेल हो रहा है जो दीमक की तरहा सनातन समाज को मिटाने का काम कर रही है ऐसे गंभीर मुद्दों पर केंद्र सरकार को संज्ञान लेनी चाहिए। अन्यथा समिति आंदोलन के लिए बाध्य होगी। संजय पासवान ने कहा सनातन समाज को हमेशा से जात-जाति और जातीयता में बाटने का कार्य किया गया है ऐसे लोगों को पहचानने की आवश्यकता है। जो बरसाती मेंढक की तरह समय-समय पर खुद को हिंदू बताने का कार्य करते है।

# जलमीनार खराब होने से लोगों के समक्ष पेयजल का भीषण समस्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखण्ड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत कल्हेपाट कटहल टोली में जलमीनार खराब होने से ग्रामीणों के समक्ष पेयजल का भीषण समस्या है। कल्हेपाट कटहल टोली में विगत 6 माह से जलमीनार खराब है। जिसे लोग कुँआ,तलब से पानी पीकर प्यास बुझा रहे हैं। पूर्व मुखिया द्वारा लाखों का लागत से बनवाया गया जलमीनार बेकार पड़ा हुआ है। जिसे गाँव का लगभग 40 घर के लोगों को पानी पिने के लिये काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीण दस्तगीर अन्सारी,अयुब अन्सारी, संजय उराँव,रवि उराँव,वकील अन्सारी ने बताया कि पंचायत के जनप्रतिनिधि व पेयजल स्वच्छता विभाग को लिखित आवेदन दे कर खराब पड़ा हुआ जलमीनार को बनवाने के लिये कहा गया। परन्तु किन्ही को इस पर ध्यान नही हुआ। और आज



ग्रामीण इधर उधर से कुँआ और तलब का पानी पिने के लिये विवश है। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में अन्य जगहों पर भी अधिकांश जलमीनार खराब है। जिसे बनवाने के लिये न तो जनप्रतिनिधियों को और न ही प्रशासन को रुचि है। वही चौदहवें वित्त की राशि से जलमीनार को दुरुस्त कराने का योजना है। परन्तु गाँवो में जलमीनार लगने के कुछ दिन बाद से ही अधिकांश जलमीनार खराब पड़ा हुआ है। जिसे ग्रामीणो को शुद्ध पेयजल के लिये काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास लोहरदगा की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पतंजलि परिवार लोहरदगा की मासिक बैठक स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास लोहरदगा के जिला प्रभारी प्रवीण भारती ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा परिचर्चा की गई। बैठक जिला मुख्यालय क्षेत्र व प्रखंडों में योग शिविर आयोजित करने,विद्यालयों में योग प्रोटोकाल के तहत कराने, सभी योग शिक्षकों को कार्यक्षेत्र आवंटित किए जाने,सभी नव योग प्रशिक्षुओं को सात दिवसीय योग शिविर आयोजित करने आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक विचार विमर्श की गई। बैठक में भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी प्रवीण भारती, पतंजलि राज्य कार्यकारिणी सदस्य शिव शंकर सिंह, वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती, सतीश जायसवाल आदि ने अपने अपने विचार प्रकट किए। बैठक में मुख्य रूप से मंजू जायसवाल, किरण कुमारी, मुन्नी मिंज, सौरभ केसरी, प्रदीप कुमार, विजय कुमार जायसवाल, कृष्णा राम, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति, उत्तम कुमार, महेंद्र प्रसाद साहू, शिवराज विजय महतो आदि प्रमुख रूप से उपस्थित होकर अपने विचार प्रकट किए।

# भाजपा नगर मंडल के सभी बूथो पर सुना गया प्रधानमंत्री की मन की बात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सर्वव्यापी और सर्वग्राही कार्यक्रम मन की बात का आज 30 अप्रैल 2023 को सौवां एपिसोड उत्सव की भांति नगर के विभिन्न बुथों पर सुना गया।भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल के अध्यक्ष श्री अमरेश भारती के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों के लिए वरिष्ठ एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को पभारी के रूप में सम्मान देते हुए दायित्व सौंपा गया, जिसे सम्मानित प्रभरियों ने बखूबी अपना दायित्व निभाया। जिसके लिए नगर भाजपा ने सबों को धन्यवाद दिया। कार्यकर्ताओं के साथ साथ आम जन ने भी कार्यक्रम में सम्मलित हुए और न मन की बात कार्यक्रम के उत्प्रेरक प्रसंगों को ग्रहण किया। मन की बात कार्यक्रम 100 वां एपिसोड पूर्ण होने की खुशी में पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलित कर श्रृंखला बनाया।समापन में नगर अध्यक्ष ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम अब मन की बात नही रहा बल्कि अब यह पुरे विश्व की आवाज बन बन चुकी है। यहां तक कि अमेरिका सहित विश्व के कई देशों में कार्यक्रम आयोजित की गई।विपक्ष चाहे जितना भी अवहेलना और विरोध कर ले। यह आवाज अब जन जन की आवाज बन चुकी है

# मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष बने चंदन राजगढ़िया, सचिव आशीष पोद्दार एवं कोषाध्यक्ष मयंक मोदी



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच लोहरदगा के नए कार्यकारिणी के गठन हेतु एक बैठक शाखा सचिव के वैपारिक प्रतिष्ठान में रखी गई। जिसमे उपस्थित सदस्यों के द्वारा सर्वसहमति से सत्र 2023/24 हेतु शाखा अध्यक्ष श्री चंदन राजगढ़िया,सचिव श्री आशीष पोद्दार एवं कोषाध्यक्ष श्री मयंक मोदी को निर्वाचित किया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में मुख्य रूप से मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, मनीष राजगढ़िया, दीपक सराफ, मोनू पोद्दार, कन्हैया राजगढ़िया, अनुराग पोद्दार, मोनू सराफ, विकास सराफ, शैलेश पोद्दार आदि शामिल है।

# पथ निर्माण विभाग ने चट्टी-कैरो-कुडू पथ पर बना दिए सैकड़ों अवैध गति अवरोधक

**➲ महिलाओं, बुजुर्गो, बच्चो, मरीजों को सड़क पर अवैध निर्मित गति अवरोधक से हो रही है परेशानी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** किसी भी स्थान के विकास का पैमाना मापना हो सबसे पहले उस स्थान में पहुचने वाली सड़क एवं निर्वाध यातायात की पहुंच को देखा जाता है लेकिन चट्टी-कैरो-कुडू नवनिर्मित पथ पर नियम कानून को ताक में रखकर सैकड़ों अवैध गति अवरोधक बना दिया गया है। हद तो उतका से कैरो नयाटोली के बीच हो गई। जहाँ लगभग एक किलोमीटर की दूरी में 21 अवैध गति अवरोधक बना दिया गया है। अगर औसत दूरी देखें तो हर 47 मीटर पर एक गति अवरोधक है। वहीं एड़दोन,जिंगी एंव चेटर में विद्युत पॉल को रखकर खतरनाक गति अवरोधक बना दिया गया है।इन गति अवरोधकों से एक



ओर दो पहिया-तीन पहिया वाहन चालकों का संतुलन खराब हो जाता है तो छोटे चार पहिया वाहन का बॉडी गति अवरोधकों से सट जाने से दुर्घटना होने की सम्भावना काफी बढ़ जाती है। इन अवरोधकों से सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं, मरीजों,बच्चों और बुजुर्गों को होती है। इतना ही नहीं ये अवैध गति अवरोधक आकस्मिक सेवाओं जैसे-एम्बुलेंस, पुलिस-प्रशासन एवं अग्निशामक वाहन को ससमय सेवा देने में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। क्या कहता है नियम सड़क पर गति अवरोधक बनाने के लिए सड़क सुरक्षा ने गाइडलाइन बनाया है। जिसके अनुसार जिला यातायात समिति अधिकारियों की उक्त स्थल की निरीक्षण के पश्चात उनकी अनुसंशा पर ही गति अवरोधक बनाया जा सकता है। जिला यातायात समिति की अनुशंसा के बगैर गति अवरोधक बनाना सड़क पर अतिक्रमण करने जैसा है इसके लिए जुर्माना भी लग सकता है।गति अवरोधक बनाते समय इन बातों का ध्यान रखना जरूरी है। गति अवरोधक की अधिकत्तम उंचाई 4 इंच हो जिसके दोनों ओर दो-दो इंच स्लोप बनाना अनिवार्य है जिससे वाहन बगैर हिचकोले खाए आसानी से वाहन निकल जाए। गति अवरोधक की सूचना दोनों ओर गति अवरोधक से 40 मीटर की दूरी पर संकेत पट लगाना अनिवार्य है। गति अवरोधक के दोनों ओर रेडियम की सफेद या पीली पट्टी का होना अनिवार्य है। क्या कहते हैं अधिकारी पथ प्रमंडल लोहरदगा के कार्यपालक अभियंता रविन्द्र कुमार कहते हैं कि सड़क अभी निर्माणाधीन है अगर सड़क में अवैध तरीके से गति अवरोधक बनाया गया है तो इन सबको हटाया जाएगा नियम-कानून से परे कोई भी

# हुकिंग कर सुखाया जा रहा है ठकुराइन तालाब, लोगो में नाराजगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा नगर क्षेत्र के गुदरी बाजार स्थित प्राचीन ठकुराइन तालाब में नगर परिषद द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सफाई के लिए ठकुराइन तालाब में पानी निकासी का कार्य किया जा रहा है। पानी निकासी में लिए 20 से 25 एचपी का एक ओपनवेल समरसेबल लगाई गई है जो विद्युत से संचालित होती है। मोटर के संचालन के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा के बगल में लगे ट्रांसफार्मर में हुकिंग कर विधुत का अवैध दोहन किया जा रहा है। गत 10 दिनों से जल निकासी के लिए घंटो मोटर चलया जा रहा है।आम जनता द्वारा हुकिंग किये जाने पर विद्युत विभाग द्वारा तुरंत प्राथमिकी दर्ज करते हुए आर्थिक दंड लगाया जाता है। जबकि संबंधित एजेंसी द्वारा दिन दहाड़े खुलेआम पानी निकासी के नाम पर विद्युत की चोरी की जा रही है।



स्थानीय निवासियों ने नगर के सभी राजनीतिक दल एवं धार्मिक नेताओं सहित स्थानीय नागरिकों से निवेदन किया है कि इस धरोहर को बचाने के लिए सभी एकजुट हों। साथ ही नगर परिषद से पूछा जाए कि किस फंड से तालाब का जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है, इसकी प्राकलित राशि क्या है और क्या-क्या काम करना है। किस संवेदक के द्वारा यह कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि इसपर ध्यान नही दिया गया तो तालाब सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर दिया जाएगा और इसका नुकसान स्थानीय लोगों को होगा। डेढ़-दो माह बाद फिर से बारिश हो जाएगी और योजना का बंदरबांट कर लिया जाएगा।

